www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 14 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –120 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार पृष्ठ 2
■ नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया
■ महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद पृष्ठ 6
■ पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा नामित किया
■ डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार : सीरिया पृष्ठ 7
वर्ल्ड नंबर 1 स्वीयाटेक को हराकर पेगुला फाइनल में पृष्ठ 8

### भरोसे के सम्मेलन में बोले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

# मणिपुर जल रहा, प्रधानमंत्री मजाक के मूड में

■ संसद में हमने मांगे जवाब, मोदी हमारा मजाक उड़ाते रहे





**जांजगीर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर और संसद में सदन की कार्यवाही पर यहां कहा कि मणिपुर जल रहा है, 5 हजार घरों को आग लगाई गई, हजारों लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं और संसद में प्रधानमंत्री मजाक के मूड में दिखाई पड़ते हैं। राहुल गांधी मणिपुर पहुंचकर हिंसा प्रभावित लोगों से मिले। हमारे कई सांसद मणिपुर पहुंचे संसद में सवाल उठाए पर प्रधानमंत्री ने कोई जवाब नही दिया। ये बस कांग्रेस और गांधी परिवार का मजाक उड़ाते रहे। श्री खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की। गरीबों और विकास के काम पर केंद्र सरकार कुछ सोचती।

कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री खड़गे ने आगे कहा कि आजादी के बाद हमारी सरकार ने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। भांखड़ा नांगल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है। किसानों का कर्ज माफ किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने न्याय योजना चलाई। छत्तीसगढ़ की सरकार ने न्याय योजनाओं से समाज के अलग अलग वर्गों को सीधे लाभान्वित करने का काम कर रही है। भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी के नेता लगातार झूठ बोल रहे हैं। यहां तक की प्रधानमंत्री भी यहां आकर झूठ बोलकर जाते हैं कि किसानों का धान केन्द्र सरकार के पैसों से खरीदी जा रहा है। हमारी सरकार मजदूरों को 7 हजार सालाना दे रही है। गरीबों का चावल खाने का काम बीजेपी ने किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दीपक बैज, श्रीमती ज्योत्सना महंत, मंत्रीगण ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, श्रीमती अनिला भेंड़िया, कवासी लखमा, उमेश पटेल, मोहन मरकाम, गुरु रुद्रकुमार, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव, विधायकगण, विभिन्न आयोग बोर्ड निगम के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

**विकास कार्यों के बारे में श्री खड़गे को जानकारी दी**

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागीय योजनाओं के स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं स्टॉल में प्रदर्शित शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के बारे में श्री खड़गे को जानकारी दी।

## 467 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मुख्य अतिथि श्री खड़गे ने जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख 92 हजार रूपए के कुल 1043 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 87 करोड़ 24 लाख 21 हजार रूपए से अधिक के 192 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 379 करोड़ 78 लाख 71 हजार से अधिक रूपए के 851 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। भरोसे के सम्मेलन में 627 हितग्राहियों को चिटफंड कंपनियों में उनके द्वारा निवेश की गई 44 लाख 56 हजार रुपए की राशि वापसी का चेक सौंपा गया। इसके साथ ही अन्य हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता राशि और सामग्री वितरित की गई।

# कोरबा, सरगुजा और जीपीएम में भूकंप के झटके, दीवारों में दरार





**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार सुबह 9 बजकर 9 मिनट पर कोरबा जिले के पसान क्षेत्र में भूकम्प के झटके महसूस किए गए। इसके अलावा भूकंप के झटके जिले के पश्चिमी क्षेत्र सहित पड़ोसी जिला सरगुजा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता 3.6 रिक्टर पर मापी गई है। भूकंप का केन्द्र कोरबा रहा और सतह से 5 किलोमीटर की गहराई इसका केन्द्र बिन्दू रही। जिले का दूरस्थ पसान इलाका उस वक्त दहल गया जब यहां भूकंप के झटके से अचानक जमीन के हिलने लगी। लोगों में अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई और भूकंप के चलते इलाके के कई घरों की दीवारों पर दरारें भी पड़ गई। दहशत में आए लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। कंपन खत्म होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि पसान के साथ ही पड़ोसी जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और सरगुजा जिले के भी कुछ हिस्सों में भी लोगों ने भूकंप के झटकों को महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता इतनी थी कि सड़क पर खड़ी कार हिलने लगी। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राज्यसभा के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय से रविवार को जारी वक्तव्य में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। गत 20 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के समापन के बाद 11 अगस्त को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### मऊगंज बना मध्य प्रदेश का 53वां जिला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रीवा जिले की तीन तहसीलों को अलग कर राज्य सरकार ने मऊगंज को 53वां जिला बना दिया है। इसके लिए राजस्व विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि रीवा जिले की तीन तहसील मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को मिलाकर नया जिला मऊगंज गठित किया गया है।

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में बीते सत्रह वर्ष से सक्रिय रही आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली माड़वी मल्ले उर्फ गंगी ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने बिना हथियार के आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने वाली गंगी नक्सली संगठन में बतौर पीएलजी बटालियन सदस्य काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने महिला नक्सली को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक भी दिया।

### देश के कई हिस्सों में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि अगले दो दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

■ विशेष अतिथियों में शामिल होंगे श्रमिक, किसान व शिक्षक
■ विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को आमंत्रित किया

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को देश भर में मनाए जाने वाले आजादी के इस उत्सव के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस बार समारोह में केंद्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, नर्सों और चिकित्सा कर्मचारियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। ये सभी 15 अगस्त को लाल किला पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इनमें नई संसद भवन व सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक) भी शामिल हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल किला में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए देश भर से विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 लोगों प्रतिभागी होंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# लोरमी विधायक धरमजीत सिंह सहित पूर्व सीनियर अधिकारी भी भाजपा में शामिल



■ सबका विश्वास भाजपा पर : अरुण साव
■ धरमजीत सिंह के भाजपा में आने से हमारी शक्ति और बढ़ी : रमन सिंह

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी और सर्वसमावेशी विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न समाज प्रमुखों, सेवानिवृत्त अधिकारियों के भाजपा प्रवेश का सिलसिला निरंतर जारी है। रविवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोरमी के विधायक धर्मजीत सिंह, रिटायर्ड आईएफएस एसएसडी बड़गैय्या, नगर पंचायत लोरमी के सभापति धर्मेंद्रगिरी गोस्वामी, नपं में विधायक प्रतिनिधि अविश यादव, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, प्रदेश संगठन सह प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद रामविचार नेताम, विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा में प्रवेश करने वाले सदस्यों का स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा और दुर्ग जिले के ग्राम खोला निवासी पंथी नृत्य कला के लिए समर्पित कलाकार पद्मश्री राधेश्याम बारले, रिटायर्ड आईएएस जीएस मिश्रा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चंद्राकर, पूर्व आईएएस आरपी त्यागी समेत आदिवासी समाज प्रमुखों, अजा समाज प्रमुखों समेत हजारों समाजसेवियों, युवाओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, महिला नेत्रियों, गणमान्य जनों ने राजधानी के अलावा प्रदेश के प्रायः सभी जिलों में सामूहिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। महासम्पर्क अभियान के दौरान शुरू हुआ भाजपा प्रवेश का यह सिलसिला ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## एम्स बनाने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी : खड़गे-राहुल



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा है कि वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स खोलने को लेकर झूठ बोल रहे हैं और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री खडगे ने कहा, लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदी जी के हर शब्द में केवल झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनायें हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है कि डॉक्टर-स्टाफ की भारी कमी से जूझे एम्स हमारे। उन्होंने कहा, मोदी जी, कोरोना महामारी में उदासीनता से लेकर, आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक आपकी सरकार ने देश के स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है। जनता जाग चुकी है, आपका छल-कपट पहचान चुकी है, आपकी सरकार की विदाई की घड़ी आ चुकी है।

राहुल गांधी ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है। उन्होंने कहा- दरभंगा में एम्स खुल गया है।लेकिन दरभंगा में एम्स है ही नहीं। आपको क्या लगता है। पीएम मोदी इतना झूठ क्यों बोलते हैं।

## नूंह में फिर ब्रजमंडल यात्रा निकालने का ऐलान

■ 28 अगस्त को यात्रा निकालने का लिया फैसला
■ महापंचायत ने पीड़ितों के लिए मांगा मुआवजा

**पलवल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुए दंगों के संबंध में रविवार को महापंचायत हुई। पलवल जिले में हुई इस महापंचायत में बड़ा निर्णय लेते हुए ऐलान किया गया कि अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को नूंह के अंदर 28 अगस्त को फिर से निकाला जाएगा। इसके साथ ही दंगों के पीड़ितों के लिए नौकरी और मुआवजा मांगने के साथ ही फिरोजपुर-झिरका से कांग्रेसी विधायक मामन खान को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग उठाई गई। महापंचायत में पहुंचे गुरुग्राम जिले की सोहना विधानसभा सीट के भाजपा विधायक संजय सिंह ने अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को दोबारा शुरू करने का मुद्दा उठाया था। महापंचायत में सर्वसम्मति से गठित 51 लोगों की कमेटी ने नूंह दंगों में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी और घायलों को 50-50 लाख रुपए देने की अपील भी सरकार से की। नूंह दंगों की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से जांच कराने और नूंह जिले को खत्म करने के साथ-साथ वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बदलने की डिमांड भी की। महापंचायत में पहुंचे फरीदाबाद देव सेना के अध्यक्ष ब्रजभूषण सैनी ने 20 अगस्त को देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक और महापंचायत करने का ऐलान किया। महापंचायत में पहुंचे नेताओं ने फिरोजपुर झिरका के कांग्रेसी विधायक मामन खान को नूंह दंगों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने के साथ-साथ नूंह जिले में बसे रोहिंग्या मुसलमानों को जिले से बाहर निकालने की भी मांग की।

## 3 वर्षों में 508 भारतीय कैदी पाकिस्तान से लाए : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। साल 2020 से 2023 के बीच पिछले तीन वर्षों में 508 भारतीय कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है, जबकि भारत ने इसी अवधि के दौरान 143 पाकिस्तानी कैदियों को वापस भेजा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 1 जुलाई को दोनों देशों के बीच एक्सचेंज किए गए कैदियों की लिस्ट के अनुसार, 266 भारतीय मछुआरे और 42 नागरिक कैदी पाकिस्तानी हिरासत में हैं। जबकि भारतीय हिरासत में पाकिस्तान के 343 नागरिक और 74 मछुआरे हैं। 21 मई 2008 को हस्ताक्षरित भारत-पाकिस्तान 'कॉन्सुलर एक्सेस पर समझौते' के अनुसार, प्रत्येक देश की जेलों में बंद कैदियों की लिस्ट का आदान-प्रदान हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है।

**मणिपुर हिंसा**

# 9 और मामलों की भी जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की सीबीआई जांच करेगी। जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 मामले हैं। सीबीआई ने अब तक 8 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जांच एजेंसी के पास और मामले भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआई को दी जा सकती है। दरअसल केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**एसआईटी की 42 टीमें भी करेंगी जांच** –सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त को कहा था कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) जांच करेंगी। इन एसआईटी के काम की निगरानी डीआईजी रैंक का अधिकारी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर का होगा। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा।

मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 3-5 मई के बीच 59 लोग, 27 से 29 मई के बीच 28 लोग और 13 जून को 9 लोगों की हत्या हुई थी।

**अनुशंसा** उद्देश्य पूरा होने पर उपकरों को समाप्त करने के हो प्रावधान

# लोक लेखा समिति ने उपकरों की समीक्षा का दिया सुझाव

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने सरकार को उपकरों (सेस) को समाप्त करने के प्रावधान जोड़ते हुए उनकी समय-समय पर समीक्षा के लिए एक क्लॉज शामिल करने की सलाह दी है, ताकि यदि उनके उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं तो उन्हें बंद करने पर विचार किया जा सके।**

■ करों, उपकरों का आम आदमी पर पड़ता है बोझ
■ समय-समय पर उपकरों की होनी चाहिए समीक्षा

*लोक लेखा समिति (पीएसी) ने उपकरों और करों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि चूंकि करों, उपकरों और लेवी का बोझ अंततः आम आदमी पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर उपकरों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि लक्षित उपलब्धि के स्तर का आंकलन कर इसकी एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जा सके। पैनल ने यह भी देखा कि चूंकि उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाते हैं, इसलिए उनके लगाने और संग्रह के लिए व्यापक और सामान्य भाषा के उपयोग से आय के उपयोग में विसंगतियां हो सकती हैं। विशिष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समिति का विचार है कि उपकर अच्छी तरह से परिभाषित उद्देश्यों और सीमित अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए।*

***13वें वित्त आयोग की सिफारिश पर भी प्रकाश डाला***

*इसमें 13वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश पर भी प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के लिए अधिभार और उपकर की समीक्षा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली समिति ने कहा कि चूंकि प्रत्येक उपकर के लिए कानून में निहित उपकर के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में विचार-विमर्श की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। लेखांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में शामिल है ताकि जहां भी चिंताएं और मुद्दे उत्पन्न हों, उन्हें प्रारंभिक चरण में उजागर किया जा सके और एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर तुरंत हल किया जा सके।*

# देश

**उवाच** "केंद्र की भाजपा सरकार ने इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन इविडेंस एक्ट में आमूलचूल परिवर्तन करने के माध्यम से भारत की विविधता के मूल के साथ छेड़छाड़ करने का दुस्साहसिक प्रयास किया है जिससे भाषाई साम्राज्यवाद की बू आती है।

-एम.के.स्टालिन,तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 29.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# इंडिया अब अगले बड़े कदम उठाने को तैयार

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही है, ऐसे में सभी की निगाहें बैठक में होने वाली चर्चाओं पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र में सभी दल एकजुट होकर काम करने में कामयाब रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तीसरी बैठक के दौरान घटक दलों के बीच समन्वय समिति सहित अन्य समितियों के गठन पर चर्चा शुरू होगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में इंडिया के लिए राष्ट्रीय संयोजक, समन्वय समिति और अन्य राजनीतिक समितियों पर निर्णय की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा होगी, साथ ही संयोजक पद के लिए नाम पर भी चर्चा होगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के दौरान राहुल गांधी की सजा पर रोक पर भी चर्चा की जाएगी और भविष्य में भाजपा द्वारा किसी भी प्रतिद्वंद्वी नेता के खिलाफ ऐसी स्थिति से कैसे निपटा जाए इस पर भी विचार किया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने एक महीने के अंतराल में 23 जून को बिहार के पटना में और 18 और 19 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दो बैठकें की हैं। हालांकि, पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि तीसरी बैठक के दौरान संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को घेरने की रणनीति भी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू के निलंबन को ध्यान में रखते हुए ली जाएगी। सूत्र ने कहा कि सांसदों के निलंबन और संसद में विधेयकों को पारित करने की संसदीय प्रक्रिया को बाधित करने से विपक्ष के हाथ में एक नया हथियार आ गया है। ये सभी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के रथ को रोकने के लिए एक साथ आए हैं जो 542 सीटों में से 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 303 सीटें जीती थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 373 सीटों पर बीजेपी से उसकी सीधी टक्कर थी। बीजेपी ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था, जबकि बाकी सीटों पर उसके गठबंधन सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था।

हालांकि, राहुल गांधी द्वारा मोदी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद, सबसे पुरानी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में केवल 52 सीटें जीतने में सफल रही। 2019 में बीजेपी के खिलाफ सीधे चुनाव लड़ने वाली सीटों को देखते हुए पार्टी में विस्तृत चर्चा चल रही है और वह अभी भी देश भर में कम से कम 400 सीटों पर लड़ने की कोशिश करेगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के बाद एक सुखद तस्वीर पेश करने के बावजूद, आगे की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत सी गंभीर बातचीत की आवश्यकता है इसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।

- **महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही तीसरी बैठक पर सबकी निगाहें**
- **31 अगस्त व 1 सितंबर को मुंबई में होगी इंडिया की 26 पार्टियों की तीसरी बैठक**




## एनडीए को घेरे जाने की रणनीति पर होगी चर्चा

सूत्र ने कहा कि इस प्रकार इंडिया गठबंधन के सदस्य राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों के अलावा सरकार के खिलाफ गति का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी और देश भर में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कैसे घेरा जाए, इस पर चर्चा होगी। पार्टी के एक अन्य नेता, जो 23 जून को बिहार के पटना में पहली और दूसरी विपक्षी बैठक और 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दूसरी बैठक का हिस्सा थे, ने कहा कि 26 विपक्षी दलों को एक साथ लाना लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। विचार यह है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के वोटों में विभाजन को रोका जाए।

## मणिपुर ने शहीदों की याद में मनाया देशभक्त दिवस

**इंफाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर ने 1891 में ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों की याद में रविवार को देशभक्त दिवस मनाया। मणिपुर के लोगों ने ब्रिटिश सेना की तीन टुकड़ियों के खिलाफ बहादुरी से प्रतिरोध किया। इन्हे 1886 में तत्कालीन महाराजा चंद्रकीर्ति सिंह के निधन के बाद मणिपुर की स्वतंत्र रियासत पर नियंत्रण करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने तैनात किया था।

युद्ध जीतने के बाद अंग्रेजों ने उन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जो अपनी जमीन की रक्षा करने की कोशिश में शामिल थे, और प्रमुख लोगों को मौत की सज़ा सुनाई थी। 13 अगस्त 1891 को युवराज बीर टिकेंद्रजीत सिंह, थंगल जनरल और पाउना ब्रजबासी को बीर टिकेंद्रजीत पार्क में फांसी दे दी गई थी।

देशभक्त दिवस समारोह में मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने एक मैसेज में कहा कि यह अवसर बीर टिकेंद्रजीत, थंगल जनरल, चिरई नागा, पुखरंबम काजाओ, निरंजन सूबेदार और कई अन्य शहीदों जैसे वीर पूर्वजों की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च और निस्वार्थ बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि जिन्हें मणिपुर से जीवन भर के लिए निर्वासित कर दिया गया था, वे अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता में विश्वास करते थे।

# जम्मू-कश्मीर के हर युवा को तिरंगे से है प्यार : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर युवा तिरंगे के गौरव से प्यार करता है और उसकी रक्षा करेगा। यहां प्रसिद्ध डल झील में विशाल 'तिरंगा रैली' को हरी झंडी दिखाने के बाद उपराज्यपाल ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी राष्ट्रीय ध्वज नहीं उठाएगा, उन्हें एहसास हो गया होगा कि हर युवा तिरंगे से प्यार करता है। उपराज्यपाल ने कहा कि सबसे बड़ा बदलाव यह है कि हर व्यक्ति तिरंगे के गौरव की रक्षा करना चाहता है और जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहता हैं।

सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अलावा सुरक्षा तथा नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने भी डल झील के किनारे बुलेवार्ड रोड पर तिरंगे को लहराया। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी देश के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। रैली डल झील के किनारे से होते हुए एसकेआईसीसी से बॉटनिकल गार्डन तक निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे गूंजे। रैली में जम्मू कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि इस बात पर गर्व महसूस हो रहा है कि वे भी आज तिरंगा रैली का हिस्सा बने। पिछले साल की तुलना में इस साल की रैली बड़ी थी। हम देश में शांति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



- **डल झील में विशाल तिरंगा रैली को दिखाई हरी झंडी**

## एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है जम्मू-कश्मीर

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि एक साथ, जम्मू-कश्मीर एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भावना से एकजुट हैं-हमारा प्रिय और विजयी तिरंगा दुनिया में ऊंचा लहराएं। उपराज्यपाल ने कहा कि आओ साथ चलें, हमारे दिल एक साथ धड़कें, यही तो है तिरंगा यात्रा का संकल्प जो समाज के हर वर्ग को एक भाव में बांधता है। पुलवामा से पुंछ तक, कुलगाम से कठुआ तक, जम्मू से श्रीनगर तक, 20 जिलों में सभी घर जश्न मना रहे हैं और तिरंगे फहरा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र के सीएसएमएम अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत

**ठाणे।** ठाणे के कलवा में सरकारी छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल अस्पताल में पिछले 24 घंटे में कम से कम 18 मरीजों की मौत हो गई है, जिससे महाराष्ट्र में सार्वजनिक और राजनीतिक आक्रोश फैल गया है। इससे पहले 10 अगस्त को भी अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि 18 मौतों की सूचना मिली है। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने घटना पर दुख व्यक्त किया और देरी से प्रतिक्रिया देने के लिए जिला प्रशासन की आलोचना की।

### पंजाब के तरनतारन से टूटा हुआ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने विशेष सूचना पर संयुक्त रूप से रविवार को पंजाब के तरनतारन जिले में तलाशी अभियान चलाया और एक टूटा हुआ ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन को प्लास्टिक की बोरी में रखकर लखना गांव के पास ईंटों से बांध दिया गया था। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर है। एक अन्य संयुक्त तलाशी अभियान में, अमृतसर जिले के धनोए कलां गांव के खेतों से पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ मादक पदार्थों का एक पैकेट बरामद किया गया, जिसमें 530 ग्राम हेरोइन होने का संदेह है।

### आरजीआईए हैदराबाद में 60 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को दो हवाई यात्रियों से लगभग 60 लाख रुपए मूल्य का एक किग्रा सोना जब्त किया। रैंडम एक्स-बीआईएस (इको-5) मशीन का उपयोग करके उनके सामान की जांच की।

## मप्र में 50 फीसदी वाले पत्र पर मचे बवाल पर भड़के कमलनाथ

# सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार

**भोपाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 50 फीसदी वाले लेटर पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस कर्नाटक के 40 प्रतिशत की तर्ज पर प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन का मुद्दा बनाने की रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। वहीं, इसे भांप कर भाजपा ने भी कड़ा विरोध कर प्रदेश के सभी जिलों में शिकायत दी है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 41 जिलों में एफआईआर भी दर्ज हो गई है। वहीं, अब कांग्रेस अपने नेता कमलनाथ, प्रियंका गांधी, अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर सड़क पर उतर कर विरोध करेगी।

सोशल मीडिया पर कमीशन संबंधी कथित पत्र वायरल होने के बाद कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई प्राथमिकी को लेकर रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्राथमिकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के इशारे पर दर्ज कराई गई है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा 'सर से पांव तक घोटालों से घिरी शिवराज सिंह चौहान सरकार के इशारे पर कांग्रेस की सम्मानित नेता प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और मुझ सहित कई नेताओं पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा नेताओं ने एफआईआर दर्ज कराई गई। जिस सरकार को मध्यप्रदेश का बच्चा-बच्चा कमीशन राज सरकार कहता है, वह सरकार भ्रष्टाचार की जांच नहीं करा सकती, बल्कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाने वालों पर अत्याचार कर सकती है। मैं कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता का आव्हान करता हूं कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ तन कर खड़ा हो जाए और इस 50 प्रतिशत कमीशन के राज को उखाड़ फेंके।' प्रदेश में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव है। इससे पहले कांग्रेस ने कर्नाटक प्लान पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख जयराम रमेश, पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव समेत कई नेताओं ने सरकार पर 50 प्रतिशत लेने के आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस नेताओं ने लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के एक पत्र का जिक्र किया। इस पत्र को सबसे पहले कांग्रेस नेता अरुण यादव ने शेयर किया था। पत्र में संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष ज्ञानेंद्र अवस्थी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। उन्होंने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से मांग की है कि पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराई जाए और हमारे लंबित भुगतान करवाए जाए।

कांग्रेस नेताओं के आरोप पर भाजपा भड़क गई। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस नेताओं ने एफआईआर के लिए आवेदन दिया। भाजपा नेताओं के आवेदन पर ग्वालियर में ज्ञानेंद्र अवस्थी के खिलाफ सबसे पहले एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद इंदौर में एफआईआर में प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव का नाम जोड़ा गया।



**भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी : कमलनाथ**

## कांग्रेस उतरी सड़क पर

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर कांग्रेस भड़क गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की गई एफआईआर का विरोध करने के लिए कांग्रेस नेता भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध करने सड़क पर उतरे। उन्होंने प्रदेश सरकार की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार की अर्थी निकाली। भोपाल शहर जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना ने बताया कि हमारे नेताओं के खिलाफ भाजपा सरकार के दबाव में एफआईआर की गई है। इनको अब जनता जवाब देगी। हम डरेंगे नहीं लड़ेंगे।

## केरल में बुखार से पीड़ित बच्चे को लगाया रेबीज का टीका

**तिरुवनंतपुरम,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। अंगामलाई सरकारी अस्पताल में एक अस्थायी नर्स को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि उसने बुखार से पीड़ित एक लड़की को रेबीज का टीका लगा दिया था। सात साल की बच्ची के माता-पिता ने कहा कि नर्स ने उसके नुस्खे की जांच किए बिना इंजेक्शन लगा दिया। यह घटना 11 अगस्त को हुई थी। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए थे और जांच के बाद नर्स को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बच्चे की मां अंजलि ने मीडिया को बताया कि वह पुलिस जांच के लिए दबाव नहीं डालेंगी, क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें सूचित किया है ।



- **नर्स को किया गया बर्खास्त**

# परिसीमन के जरिए एआईयूडीएफ को नुकसान पहुंचाने की साजिश : अजमल

**गुवाहाटी,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने आरोप लगाया है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने परिसीमन अभ्यास के माध्यम से उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से दरकिनार करने के लिए विवाद की साजिश रची। अजमल ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री परिसीमन प्रक्रिया के माध्यम से राज्य में मूल लोगों के हितों की रक्षा करने की बात कर रहे हैं।

मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मुस्लिम लोग भी असम के मूल निवासी हैं। उनका आरोप है कि परिसीमन से असम विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी। अजमल ने कहा कि हमारी पार्टी परिसीमन में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाली पार्टी है। विधानसभा सीटों के भूगोल में बदलाव के कारण हमारे कई विधायक अगली बार हार जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्य की राजनीति में एआईयूडीएफ को खत्म करने के मकसद से ऐसा किया और कांग्रेस ने गुपचुप तरीके से उसका साथ दिया। एआईयूडीएफ नेता ने कहा कि परिसीमन आदेश के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों खुश हैं। इससे साबित होता है कि उनमें पहले से आपसी समझ थी। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में अजमल ने दावा किया कि उनकी पार्टी कम से कम तीन सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने धुबरी, बारपेटा और करीमगंज लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार नागांव सीट भी हमारे लिए अनुकूल है। हम वहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और उम्मीद है कि इन चार सीटों में से कम से कम तीन जीतेंगे।



- **परिसीमन से असम विस में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी**

## शाह ने गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**गांधीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मेहसाणा के चंद्रसार गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने एक झील के चल रहे नवीनीकरण का अवलोकन किया। झील का नवीनीकरण किया जा रहा है और योजना में एक एम्फीथिएटर व एक ओपन लाइब्रेरी का एकीकरण शामिल है, जो स्थानीय निवासियों के लिए समृद्ध सामुदायिक स्थानों का वादा करती है। अमित शाह ने एक नए सब-रजिस्ट्रार दफ्तर का भी उद्घाटन किया। यह 2 करोड़ रुपये का निवेश संपत्ति से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, निवासियों के लिए दक्षता और आसानी सुनिश्चित करने के लिए तैयार है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम-कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं सोलर से जल प्रदाय निर्माण कार्य का तृतीय आमंत्रण सूचना।

| क्रं. | निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत रू. लाख में | क्रं. | निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 593/143310 | मुरानार | कोयलीबेड़ा | 23.13 | 28 | 561/143849 | रामपुर | चारामा | 7.26 |
| 2 | 594/143406 | मिचेवाड़ा | दुर्गूकोन्दल | 22.51 | 29 | 562/143854 | आडाफर्सी | कोयलीबेड़ा | 7.47 |
| 3 | 595/143420 | कोरसपराली | दुर्गूकोन्दल | 15.15 | 30 | 564/143912 | बांदे | कोयलीबेड़ा | 44.15 |
| 4 | 596/143428 | गोविन्दपुर | कोयलीबेड़ा | 66.49 | 31 | 665/143934 | बांसकुण्ड | भानुप्रतापपुर | 56.37 |
| 5 | 597/143429 | हरिदासपुर | कोयलीबेड़ा | 66.70 | 32 | 666/143964 | ब्रजपुर | कोयलीबेड़ा | 32.72 |
| 6 | 598/143433 | नेताजीनगर | कोयलीबेड़ा | 68.96 | 33 | 667/143967 | भुरखा | भानुप्रतापुर | 64.41 |
| 7 | 599/143442 | राधापुर | कोयलीबेड़ा | 48.69 | 34 | 668/143972 | चैतन्यपुर | कोयलीबेड़ा | 17.21 |
| 8 | 600/143466 | राजेन्द्रनगर | कोयलीबेड़ा | 60.24 | 35 | 669/143918 | गोपालपुर | कोयलीबेड़ा | 40.93 |
| 9 | 615/144010 | भुरखा | कोयलीबेड़ा | 41.94 | 36 | 670/143984 | तेल्लमा | भानुप्रतापपुर | 52.35 |
| 10 | 638/144107 | ओंगरा | कोयलीबेड़ा | 10.92 | 37 | 671/143993 | आलकन्हार | कोयलीबेड़ा | 85.34 |
| 11 | 639/144110 | ओरछागांव | कोयलीबेड़ा | 13.94 | 38 | 672/143994 | बैकुण्ठपुर | कोयलीबेड़ा | 17.97 |
| 12 | 645/143836 | तोकाजबेली | कोयलीबेड़ा | 10.54 | 39 | 673/143995 | बेरकोट | कोयलीबेड़ा | 139.77 |
| 13 | 646/143965 | कुली | कोयलीबेड़ा | 12.55 | 40 | 674/144006 | दयानगर | कोयलीबेड़ा | 20.48 |
| 14 | 647/143970 | मर्रापी | कांकेर | 44.06 | 41 | 676/144024 | घोटानबेड़ा | कोयलीबेड़ा | 88.71 |
| 15 | 648/143975 | मलांजकुडुम | कांकेर | 40.86 | 42 | 677/144034 | कंचनमुण्डा | कोयलीबेड़ा | 18.25 |
| 16 | 649/143980 | मनकेशरी | कांकेर | 12.70 | 43 | 678/144040 | कन्हारगांव | कोयलीबेड़ा | 64.60 |
| 17 | 649/143983 | धनतुलसी | नरहरपुर | 54.77 | 44 | 679/144066 | पालनदी | कोयलीबेड़ा | 15.38 |
| 18 | 651/143986 | बरचेगोंदी | कांकेर | 52.30 | 45 | 680/144097 | पित्तेगुदूम | दुगूकोंदल | 16.00 |
| 19 | 652/143989 | अचिननगर | कोयलीबेड़ा | 53.04 | 46 | 681/144098 | सुपरपानी | दुगूकोंदल | 16.34 |
| 20 | 653/143987 | ऑवराभाट | कांकेर | 44.53 | 47 | 682/144103 | तुमरीखुई | भानुप्रतापपुर | 6.20 |
| 21 | 654/143991 | भंसुली | नरहरपुर | 7.59 | 48 | 683/144106 | छिन्दभाट | अन्तागढ़ | 16.58 |
| 22 | 655/143892 | श्रीगुहान | नरहरपुर | 8.07 | 49 | 684/144108 | किलेनार | अन्तागढ़ | 16.58 |
| 23 | 656/143842 | हाराडुला/पुरी | चारामा | 30.23 | 50 | 685/144109 | कोहका | अन्तागढ़ | 12.70 |
| 24 | 657/143843 | जयपुर | कोयलीबेड़ा | 114.18 | 51 | 686/144112 | क्रोहबेड़ा | अंतागढ़ | 13.97 |
| 25 | 658/143844 | जामबाहरा | चारामा | 8.77 | 52 | 687/144115 | माहुरपाट | अन्तागढ़ | 20.76 |
| 26 | 659/143846 | जामगांव | नरहरपुर | 5.81 | 53 | 688/144119 | मुल्ले | अन्तागढ़ | 7.84 |
| 27 | 660/143848 | खैरवाही | चारामा | 8.30 | 54 | 689/144121 | राये | अन्तागढ़ | 59.02 |
| 55 | 690/144127 | गवाड़ी | अन्तागढ़ | 26.83 | 74 | 709/144062 | हिरनपाल | अन्तागढ़ | 28.51 |
| 56 | 691/144134 | तेलंगा | अन्तागढ़ | 30.33 | 75 | 710/144065 | कोकवर | अन्तागढ़ | 16.86 |
| 57 | 692/144135 | अंजरेल | अन्तागढ़ | 44.28 | 76 | 711/144071 | मण्डानार | अन्तागढ़ | 11.68 |
| 58 | 693/144138 | छोटेधौंसा | अन्तागढ़ | 12.03 | 77 | 712/1440772 | मातला अ | अन्तागढ़ | 57.40 |
| 59 | 694/144140 | दर्रोखलारी | अन्तागढ़ | 10.41 | 78 | 713/144077 | पालरमेटा | अन्तागढ़ | 23.79 |
| 60 | 695/144161 | घोटिया | अन्तागढ़ | 17.78 | 79 | 714/144085 | पल्लाकसा | अन्तागढ़ | 8.71 |
| 61 | 696/14462 | हलाईनार | अन्तागढ़ | 20.35 | 80 | 715/144090 | पिपरा | अन्तागढ़ | 25.68 |
| 62 | 697/144164 | करमरी | अन्तागढ़ | 24.70 | 81 | 716/144094 | पोटेबेड़ा | अन्तागढ़ | 9.91 |
| 63 | 698/144166 | किसकोडो | अन्तागढ़ | 14.85 | 82 | 717/144080 | रेखाभाट | अन्तागढ़ | 11.72 |
| 64 | 699/144167 | रामपुर | चारामा | 44.38 | 83 | 718/144086 | सिंगारभाट | कांकेर | 212.32 |
| 65 | 700/144168 | किसकोडो | अन्तागढ़ | 44.38 | 84 | 720/144091 | अरौद | चारामा | 9.31 |
| 66 | 701/144116 | मसपुर | अन्तागढ़ | 14.35 | 86 | 722/144101 | अशोकनगर | कोयलीबेड़ा | 24.70 |
| 67 | 702/144008 | निलझर | अन्तागढ़ | 34.93 | 87 | /143992 | छोटेभेठिया | कोयलीबेड़ा | 71.64 |
| 68 | 703/144025 | सावलीबरस | अन्तागढ़ | 12.74 | | | | | |
| 69 | 704/144032 | तहकानटोला | अन्तागढ़ | 25.33 | | | | | |
| 70 | 705/144036 | एटेगांव | अन्तागढ़ | 38.76 | | | | | |
| 71 | 706/144038 | बडगेहनार | अन्तागढ़ | 14.78 | | | | | |
| 72 | 707/144041 | वेरतानार | अन्तागढ़ | 49.33 | | | | | |
| 73 | 708/144060 | बुढ़ाखुरसई | अन्तागढ़ | 28.82 | | | | | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 09.08.2023 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 10.08.2023 से 25.08.2023 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर

जी-04205/2


## तैयारी — कश्मीर घाटी में स्वतंत्रता दिवस समारोहों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

# 33 साल बाद बिना किसी प्रतिबंध के मनेगा स्वतंत्रता दिवस

**श्रीनगर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में 33 साल के लंबे इंतजार के बाद सही मायने में सामान्य परिस्थितियों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों का आयोजन होगा। अधिकारियों ने घाटी में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच 15 अगस्त और उसके आसपास नागरिक आवाजाही पर सभी प्रतिबंध हटाने व मोबाइल फोन तथा इंटरनेट के सुचारू संचालन की घोषणा की है।**

कश्मीर संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने 15 अगस्त के आसपास मोबाइल फोन और इंटरनेट को निलंबित करने से इनकार कर दिया है। यह पिछले कई वर्षों के विपरीत है जब अधिकारी 15 अगस्त के आसपास घाटी में मोबाइल फोन और इंटरनेट दोनों सेवाओं को निलंबित कर देते थे। डिविजनल कमिश्नर ने यह भी कहा कि 15 अगस्त के आसपास और उस दिन घाटी में कहीं भी सार्वजनिक आवाजाही पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया गया है, जबकि ड्रोन निगरानी और हवाई रेकी नए सुरक्षा उपायों का हिस्सा होगी। एडीजीपी ने रविवार को यहां बख्शी स्टेडियम में आयोजित फुल-ड्रेस रिहर्सल के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई रेकी और ड्रोन निगरानी इस साल 15 अगस्त को की गई सुरक्षा व्यवस्था का नवीनतम आयाम है। घाटी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कई वर्षों के बाद बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले कई साल से यह समारोह शहर के सोनवार इलाके में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा था। एडीजीपी ने कहा है कि बख्शी स्टेडियम क्रिकेट स्टेडियम से कहीं बेहतर स्थल है।



- **स्वतंत्रता समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड किया गया स्थापित**
- **नागरिक आवाजाही पर सभी प्रकार के प्रतिबंध हटाने की घोषणा की**




### खराब मौसम के चलते एआर रहमान ने रद्द किया चेन्नई का म्यूजिक कॉन्सर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु में खराब मौसम के चलते एआर रहमान को चेन्नई में अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट रद्द करना पड़ा। अपने एक्स अकाउंट पर एआर रहमान ने पोस्ट किया कि मेरे सबसे प्यारे दोस्तों खराब मौसम और लगातार बारिश के चलते, फैंस और दोस्तों के हेल्थ और सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए यह सूचित किया जाता है कि कॉन्सर्ट को जल्द ही रिशेड्यूल किया जाएगा। अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के साथ नई तारीख के बारे में अपडेट किया जाएगा। चेन्नई में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे शहर में म्यूजिक कॉन्सर्ट आयोजित करना लगभग असंभव हो गया है। इस घटनाक्रम के बाद, पहले से ही टिकट बुक कर चुके फैंस ने निराशा व्यक्त की।

एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों का खुलासा

# शनि पर आते हैं 100 साल तक चलने वाले तूफान

■ खगोलविदों ने शनि से आने वाले रेडियो उत्सर्जन को देखा ■ अमोनिया गैस के वितरण में दीर्घकालिक व्यवधान पाया



**न्यूयॉर्क,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, शनि ग्रह पर लंबे समय तक चलने वाले महातूफान आते हैं जिनका प्रभाव वायुमंडल पर गहरा होता है, जो सदियों तक बना रहता है।

पहले, केवल बृहस्पति ग्रह पर ही महातूफान आने की जानकारी थी। सौर मंडल का सबसे बड़ा तूफ़ान, 10,000 मील चौड़ा एंटीसाइक्लोन जिसे ग्रेट रेड स्पॉट कहा जाता है, ने भी सैकड़ों वर्षों से बृहस्पति की सतह को चपेट में ले रखा है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और मिशिगन-एन आर्बर विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर चेंग ली ने कहा कि सौर मंडल में सबसे बड़े तूफानों के तंत्र को समझना तूफान के सिद्धांत को एक व्यापक ब्रह्मांडीय संदर्भ में रखता है, जो हमारे वर्तमान ज्ञान को चुनौती देता है और स्थलीय मौसम विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। नए अध्ययन के लिए, खगोलविदों ने शनि से आने वाले रेडियो उत्सर्जन को देखा, जो सतह के नीचे से आता है, और अमोनिया गैस के वितरण में दीर्घकालिक व्यवधान पाया।

उन्हें ग्रह से रेडियो उत्सर्जन में कुछ आश्चर्यजनक मिला। वायुमंडल में अमोनिया गैस की सांद्रता में विसंगतियां, जिसे उन्होंने ग्रह के उत्तरी गोलार्ध में महातूफान की पिछली घटनाओं से जोड़ा था।

टीम के अनुसार, मध्य ऊंचाई पर अमोनिया की सघनता सबसे ऊपरी अमोनिया-बर्फ बादल परत के ठीक नीचे कम है, लेकिन कम ऊंचाई पर, वायुमंडल में 100 से 200 किलोमीटर की गहराई में समृद्ध हो गई है।

उनका मानना है कि अमोनिया को वर्षा और पुनर्वाष्पीकरण की प्रक्रियाओं के माध्यम से ऊपरी से निचले वायुमंडल में ले जाया जा रहा है। इसका प्रभाव सैकड़ों वर्षों तक रह सकता है।

साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि हालांकि शनि और बृहस्पति दोनों हाइड्रोजन गैस से बने हैं, लेकिन दोनों ग्रहों में काफी भिन्नता है। बृहस्पति में क्षोभमंडल संबंधी विसंगतियां हैं, जो इसके क्षेत्रों (सफ़ेद बैंड) और बेल्ट (गहरे बैंड) से बंधी हुई हैं और शनि की तरह तूफानों के कारण नहीं होती हैं।

इन पड़ोसी ग्रहों के बीच काफी अंतर यह चुनौती दे रहा है कि वैज्ञानिक इन तथा अन्य ग्रहों पर महातूफान के बनने के बारे में क्या जानते हैं और यह बता सकते हैं कि वे भविष्य में एक्सोप्लैनेट पर कैसे पाए जाते हैं और उनका अध्ययन किया जाता है।

# हृदय प्रत्यारोपण के लिए नाबालिग मरीज को डोनर का इंतजार

**लखनऊ,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। दिल की बीमारी के साथ पैदा हुई एक नाबालिग लड़की के माता-पिता लखनऊ के एक निजी अस्पताल में एक दाता (डोनर) का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो उनकी बेटी को नया जीवन देगा। यदि ऐसा हुआ तो यह शहर का पहला हृदय प्रत्यारोपण (कार्डियक ट्रांसप्लांट) होगा। शहर के अधिकांश प्रमुख सरकारी और निजी अस्पताल या तो तैयार हैं या प्रक्रिया में हैं या अनुमति के अंतिम चरण में हैं।

स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (एसओटीटीओ) के आंकड़ों के अनुसार, डोनर का इंतजार कर रहे केंद्रों में संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआईएमएस), किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शामिल हैं।

मेदांता मेडिसिटी और डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल अंतिम चरण में हैं। अपोलोमेडिक्स पहला कार्डियक ट्रांसप्लांट सर्जन होने का दावा कर सकता है, जिसने प्रोफेसर पी वेणुगोपाल से सीखा है और पांच कार्डियक ट्रांसप्लांट किए हैं। अपोलोमेडिक्स में कार्डियक सर्जन भरत दुबे ने कहा कि जिन मरीजों को कार्डियक ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है उनमें जागरूकता भी कम है। कई लोग अपनी चिकित्सीय स्थिति को नियति के रूप में लेते हैं और उसके अंत की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन अंतिम चरण का हृदय रोग जीवन का अंत नहीं है, आशा है।

■ ऐसा हुआ तो यह शहर का पहला हृदय प्रत्यारोपण

आधिकारिक अनुमान के अनुसार, हर साल लगभग 50,000 लोगों को हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। संख्याएं यह भी दर्शाती हैं कि इनमें से प्रत्येक मरीज़ को एक



नया दिल मिल सकता है क्योंकि दुनिया भर में हर साल लगभग 80,000 लोग अपनी वास्तविक मृत्यु से पहले ब्रेन डेथ स्टेज में प्रवेश करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख मौतें दर्ज की जाती हैं और इनमें से अनुमानित 1 प्रतिशत या लगभग 80,000 मामले ब्रेन डेथ के होते हैं। मेदांता मेडिसिटी के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि बहुत कुछ उस कॉल पर निर्भर करता है जो ब्रेन डेड व्यक्ति का परिवार लेता है। जागरूकता ही कुंजी है। यदि मरीज का परिवार जागरूक है, तो संकट में फंसे किसी व्यक्ति की मदद करने के लिए उन्हें मनाने की संभावना अधिक है। नोडल अधिकारी एसओटीटीओ और एसजीपीजीआईएमएस में अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आर हर्षवर्द्धन ने कहा कि साल 2017 में केंद्रों की संख्या 15 से बढ़कर अब 54 हो गई है। टीम बनाई जा रही है लेकिन जागरूकता गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं।

# व्हाट्सएप ने एंड्रॉइड बीटा पर विजेट समस्या को ठीक करने के लिए अपडेट किया जारी




**सैन फ्रांसिस्को,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने एंड्रॉइड बीटा पर ऐप के विजेट के साथ एक समस्या के समाधान के लिए एक बग-फिक्स अपडेट जारी किया है।

डब्ल्यूएबीटा इंफो के मुताबिक, एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप बीटा के पिछले अपडेट को इंस्टॉल करने के बाद कई यूजर्स ने ऐप के विजेट के बारे में बताया।

खास तौर से, विजेट लोड नहीं हो रहा था और अपकमिंग मैसेज की लिस्ट नहीं दिखा रहा था। कॉल को बंद करने और दोबारा शुरू करने से समस्या ठीक नहीं हुई।रिपोर्ट में कहा गया है, हम अंततः पुष्टि कर सकते हैं कि एंड्रॉइड 2.23.17.13 वर्जन के लिए व्हाट्सएप बीटा एक बग-फिक्स अपडेट है, जो उल्लिखित समस्या को संबोधित करता है, ताकि आप अंततः इस बग का अनुभव किए बिना ऐप के विजेट का इस्तेमाल कर सकें।

इस महीने की शुरुआत में, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड बीटा पर कॉल क्वालिटी की समस्या के समाधान के लिए एक बग-फिक्स अपडेट जारी किया था। कई यूजर्स ने देखा कि गूगल प्ले स्टोर की ऑटो-डाउनलोड सेटिंग्स के कारण अपडेट स्वचालित रूप से इंस्टॉल हो गया था।

पिछले महीने, प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड बीटा पर चैट को सॉर्ट करने की समस्या के समाधान के लिए एक और बग-फिक्स अपडेट जारी किया था।

समस्या के चलते, जब कोई नया मैसेज प्राप्त होता है, तो प्लेटफॉर्म चैट लिस्ट को रिफ्रेश नहीं करता है और रिसेंट मैसेज के साथ कन्वर्सेशन लिस्ट में वह टॉप पर नहीं आती है। इसके अलावा, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को 'कनेक्टिविटी समस्याओं' के कारण भारत सहित ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ा, जो लगभग 20 मिनट तक चला।

जून में, मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म को ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ा था जो लगभग दो घंटे तक चला था।

# अभिनेत्री आरती सिंह के लिए 15 अगस्त है बहुत खास दिन



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 13' फेम अभिनेत्री आरती सिंह ने बताया स्वतंत्रता दिवस उनके लिए कुछ खास मायने रखता है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को उनके पिता का जन्मदिन होता है। अभिनेत्री आरती सिंह शो 'श्रावणी' में चंद्रा ताईजी' की भूमिका निभा रही हैं।

स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात करते हुए 38 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, स्वतंत्रता दिवस मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मैं उस समय की यादें ताजा कर रही हूं जब मैं एक बच्ची थी और 15 अगस्त का इंतजार नहीं कर सकती थी। मेरे लिए देश का बड़ा दिन बहुत विशेष है, क्योंकि इस दिन मेरे पिताजी का जन्मदिन है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी शूटिंग नहीं हुई तो मैं इस साल अपनी सोसायटी में ध्वजारोहण कार्यक्रम का हिस्सा लूंगी।

शो श्रावणी (सोनल खिलवानी द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक दृढ़ निश्चयी युवा महिला है जिसका नेत्र विशेषज्ञ बनने का बड़ा सपना है। उसकी आकांक्षाएं अपने माता-पिता को गौरवान्वित करने और उनकी आशाओं को वास्तविकता में बदलने की खूबसूरती से बुनी गई हैं।

जैसे-जैसे कहानी 12 साल तेजी से आगे बढ़ेगी, दर्शकों को नई चुनौतियां, नए पात्र और महत्वपूर्ण निर्णय देखने को मिलेंगे जो श्रावणी के आगे के रास्ते आकार देंगे। प्रत्येक मोड़ उसके जीवन की दिशा की एक जीवंत तस्वीर चित्रित करने का वादा करता है।

# 'अंगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने की जरूरत'

**श्रीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डीएके) ने रविवार को कहा कि कश्मीर में अंगदान के बारे में जन जागरूकता पैदा करने की सख्त जरूरत है। विश्व अंग दान दिवस पर रविवार को डीएके अध्यक्ष डॉ. निसार उल हसन ने कहा कि अंग दान के महत्व के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंग दान दिमागी तौर पर मर चुके एर व्यक्ति से किसी अन्य व्यक्ति को प्रत्यारोपित करने के लिए अंगों को पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया है, जिनके अंगों को कृत्रिम समर्थन द्वारा सक्रिय रखा जाता है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण जीवन का उपहार देने, कुछ रोगियों के लिए एक त्रासदी को नए जीवन में बदलने के बारे में है। किसी व्यक्ति का शव आठ रोगियों को नया जीवन दे सकता है।

■ किडनी, लीवर, फेफड़े, हृदय, अग्न्याशय, छोटी आंत और कॉर्निया शामिल

उन्होंने कहा कि जिन अंगों को मृत्यु के बाद निकाला जा सकता है उनमें किडनी, लीवर, फेफड़े, हृदय, अग्न्याशय, छोटी आंत और कॉर्निया शामिल हैं। डीएके अध्यक्ष ने कहा कि कश्मीर में अंतिम चरण के किडनी, लीवर और हृदय विफलता के मामले काफी हैं। इन रोगियों को अपनी जान बचाने के लिए अंग प्रतिस्थापन की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि अंतिम चरण के अंग विफलता वाले कई मरीज़ अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा करते समय दर्दनाक रूप से मर जाते हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में दो प्रत्यारोपण इकाइयाँ हैं। इनमें से एक कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसकेआईएमएस) में और दूसरी सरकारी चिकित्सा कॉलेज (जीएमसी) श्रीनगर में है, जहां किडनी प्रत्यारोपण होते हैं, लेकिन अधिकांश लोगों को अंग दाता नहीं मिल पाते हैं।

डॉ. निसार ने कहा कि कश्मीर में शवों का प्रत्यारोपण नहीं किया जा रहा है क्योंकि कोई अंगदाता नहीं है। लोगों में जागरूकता की कमी और गलत धारणाओं के कारण हमारे समाज में मरणोपरांत अंगदान नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई मुस्लिम बहुल देशों ने पहले ही मरणोपरांत अंग दान की प्रथा को स्वीकार कर लिया है। यह सऊदी अरब, तुर्किये, ईरान और कई अन्य देशों में प्रचलित है।

# निक जोनस ने शादी के दिनों को किया याद, 'वरमाला' को बताया मुश्किल रस्म



**लॉस एंजेलिस,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। निक जोनस ने 2018 में प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी शादी के दौरान खास, लेकिन मुश्किल पलों के बारे में बात की। उन्होंने याद किया कि कैसे यह उत्सव, जो पारंपरिक भारतीय तरीके से मनाया गया था, उनके लिए अनजान था और कैसे वह उनसे जुड़ पाए।

निक ने पीपुल पत्रिका से बात करते हुए कहा कि भारतीय शादियों में एक ऐसा पल होता है, जहां दूल्हे और दुल्हन को उनके परिवार के सदस्य अपने कंधों पर उठाते हैं और एक तरह का खेल खेला जाता है, जहां दूल्हा-दुल्हन एक-दूसरे को माला पहनाते हैं।

निक ने आगे कहा कि वे एक-दूसरे को सबसे पहले माला पहनाने की कोशिश करते हैं। यह मुश्किल है, खासकर जब आपके पास मेरी प्रियंका जैसी कॉम्पिटेटिव हो। इसमें जो कोई भी पहले माला डालता है, ऐसा माना जाता है कि वही ज्यादा हावी होता है।

हालांकि भारतीय शादियों से अनजान होने के कारण यह उनके लिए थोड़ा अजीब था। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह सेरेमनी बहुत पसंद आयी क्योंकि यह कुछ अलग और सुंदर थी।

# गूगल श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी बनाया खूबसूरत डूडल




**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल ने श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी पर श्रद्धांजलि देत हुए उनका खूबसूरत डूडल बनाया है। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी पर उनके चाहने वाले उन्हें याद कर रहे हैं। गूगल ने श्रीदेवी की बर्थ एनिवर्सरी पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गूगल ने डूडल के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गूगल ने अपने होमपेज पर श्रीदेवी का एक खूबसूरत चित्रण बनाकर उन्हें याद किया है।

श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था। उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था। श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी।वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की।श्रीदेवी ने 24 फरवरी 2018 को दुबई में अंतिम सांस ली थी। होटल रूम के बाथटब में डूबने से उनका निधन हो गया था।

# राजभवन के बाहर साढ़े चार महीने की गर्भवती ने बच्चे को जन्म दिया

**लखनऊ,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजभवन के बाहर सड़क किनारे रविवार को एक साढ़े चार महीने की गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसके बाद घटना पर संज्ञान लिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि भ्रूण को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मैंने घटना पर संज्ञान लिया है और मैं घटनास्थल पर जा रहा हूं। प्रधान सचिव ने मुझे बताया है कि यह घटना राजभवन के गेट नंबर 13 के पास हुई है। परिवार रिक्शा में जा रहा था। बच्चे को वीरांगना झलकारी बाई वुमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे



■ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद घटना पर संज्ञान लिया

मृत घोषित कर दिया। बाद में इसे लखनऊ के बैकुंठ धाम में दफनाया गया। वीरांगना झलकारी बाई वुमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के प्रसव कक्ष में तैनात एक डॉक्टर ने कहा कि घटना के बाद महिला रूपा सोनी की अस्पताल में जांच की गई। डॉक्टर ने कहा कि इससे पहले वह दर्द का अनुभव होने पर लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल गई थीं और उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया था, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। यहां रास्ते में राजभवन के बाहर उनका प्रसव हो गया। बच्चे को मृत अवस्था में यहां लाया गया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिला ने अस्पताल जाने के लिए एम्बुलेंस नहीं, बल्कि रिक्शा लेने का फैसला किया, लेकिन जब राजभवन के बाहर कुछ राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन किया तो वह 25 मिनट में पहुंच गई। हालांकि, वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि यह घटना एम्बुलेंस की अनुपलब्धता के कारण हुई। उन्होंने कहा कि लाखों विज्ञापनों और दावों के बावजूद राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली वेंटिलेटर पर है। रिक्शा से अस्पताल जा रही एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण राजभवन के पास सड़क किनारे प्रसव कराने को मजबूर होना पड़ा। यह पूरी व्यवस्था के लिए शर्मनाक है और यह राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत है।

होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन

# होम्योपैथी में संभव है स्थायी इलाज

**रांची,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम ने होम्योपैथिक चिकित्सकों और होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए रांची के आई.एम.ए भवन में निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया।

मुंबई के प्रसिद्ध चिकित्सक और होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान के वक्ता श्री नाइस मैन के द्वारा आज वक्तव्य दिया गया। इनके द्वारा उपस्थित चिकित्सकों को बताया गया की कैसे मस्तिष्क के व्यवहार से बीमारी को पकड़ते है।

श्री नाइस मैन के नाम से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. योगेश राजुरकर, डॉ. श्रीकृष्णा दाफले, डॉ. आलोक कुमार की टीम ने होम्योपैथिक चिकित्सकों को बताया कि बीमारी को कैसे पकड़ना है। कौन सी बीमारी कब हुई है, क्या जिस समय बीमारी हुई है उस समय मरीज के साथ कोई घटना घटी है या मरीज को किसी कारणवश से कार्य करने में कोई दिक्कत हो रही है। बीमारी होने से मरीज के मस्तिष्क पर मानसिक रूप से क्या कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मस्तिष्क के व्यवहार को देखते हुए रूब्रिक्स को देखते है की कौन सी दवा की रूब्रिक्स, मस्तिष्क व्यवहार से मरीज का व्यवहार मिल रहा है। उसके बाद दवा का चुनाव करते है और बहुत ही कम मात्रा में दवा की खुराक मरीज को दी जाती है जो ज्यादा असरदार होती है और मरीज को कोई भी दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।



■ सेमिनार में बंगाल, तेलंगाना, बिहार, उड़ीसा के साथ- साथ नेपाल के चिकित्सकों ने भी भाग लिया

इसमें सबसे बड़ी कला यह है की निरंतर अभ्यास एवं इस पद्धति की कला से इलाज करने के लिए हमेशा अभ्यास की जरूरत पड़ती है। सेमिनार में रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, झारखंड के युवा नेतृत्वकर्ता संजय मेहता एवं डोरंडा महाविद्यालय के वक्ता वी.पी.वर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस सेमिनार में बंगाल, तेलंगाना, बिहार, उड़ीसा के साथ- साथ नेपाल के चिकित्सकों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची के प्रसिद्ध, अनुभवी और वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. अरविंद तिवारी, हजारीबाग के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. महादेव मेहता, धनबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. लक्ष्मण मोदी, कोडरमा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एस.मैथी, जमशेदपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एन.डी.गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भावेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार मेहता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निशांत कुमार मोदी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कविता गंगानी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम सम्राट, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंपा चांद, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. गौरव कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविकांत पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार एकलव्य, डॉ. कल्याण कुमार, आईटी विशेषज्ञ राहुल कुमार, डॉ. कहकशा नाज ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जेलबंदियों की उत्कृष्ट बुनकरी का जलवा विश्व पटल पर बिखरने की तैयारी में

**भदोही,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिला जेल में बंद कैदियों द्वारा बुनकर तैयार किए गए कालीनों को ग्रेटर नोएडा में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में प्रदर्शित करने की तैयारी की जा रही है। जेलर राजेश वर्मा ने बताया कि जिला जेल में कालीन बुनाई का अभिनव प्रयोग किया गया था, जो पूरी तरह सफल रहा। ऐसे बंदी जिनका रुझान कालीन बुनाई की ओर देखा गया उन्हें प्रशिक्षित कर कारागार में बुनाई का काम शुरू कराया गया, जिसका परिणाम काफी उत्साहजनक रहा। जेल में अब हैंड नाटेड व टफ्टेड जैसे आकर्षक कालीनों का निर्माण शुरू हो गया है। कालीन बुनाई के इस कार्य में 30 से 35 कुशल व प्रशिक्षित बुनकरों की टीम लगाई गई है। जिन्हें निर्धारित मजदूरी का भुगतान भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया आगामी 21 से 25 सितम्बर 2023 के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में दो स्टॉल बुक कराया गया है, जिसमें बंदियों द्वारा बनाए गए हैंडनाटेड व टफ्टेड कालीनों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में देश-विदेश के खरीदारों का जमावड़ा होने वाला है। बताया कि यह प्रयोग सफल रहा तो दिल्ली व वाराणसी जैसे शहरों में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कालीन मेलों में भी स्टाल बुक कराने में किसी तरह की कोताही बरती नहीं जाएगी।

रायपुर, सोमवार 14 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णत: अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

# नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।



शकील अख्तर

आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था।

नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है।

मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा। इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

# महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?



संदीप सिंह

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं।

पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।)

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।
दुख में संग न होई (रहाओ)
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीऐ भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीओ और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने, सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इंवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है।

संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात, महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

## बांग्लादेश में पक्षियों के टकराने दो विमान क्षतिग्रस्त

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विमानों से पक्षियों के टकराने की घटना के बाद उड़ानों को रोका गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ढाका-बैंकॉक मार्ग पर बंगलादेश की एयरलाइंस के एक विमान के शनिवार को पक्षी के टकराने के कारण उड़ान भरने से रोकना पड़ा, विमान का एक टायर फट गया। एयरलाइंस के एक वरिष्ठ पायलट ने प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र डेली स्टार को बताया कि विमान के यात्रियों को टैक्सीवे पर उतरना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाद में अधिकारियों ने यात्रियों के लिए बैंकॉक जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।



# पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा नामित किया

**इस्लामाबाद,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान पीएमएल-एन प्रमुख शहबाज शरीफ ने कहा कि चुनाव अधिनियम में किए गए संशोधन ने नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मुक्त कर दिया है, जिससे उनकी वापसी में भी बाधा दूर हो गई है। नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने कहा, पार्टी अध्यक्ष के रूप में मैंने नवाज शरीफ को पीएमएल-एन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

- नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मुक्त किया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ की वापसी में भी बाधा हो गई है दूर



एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम चुनाव की तारीख पर अंतिम निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) पर निर्भर करता है, साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है। पीएमएल-एन नेता इशाक डार ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नवाज शरीफ की अयोग्यता की अवधि 26 जुलाई को समाप्त हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में एक साक्षात्कार में शहबाज़ शरीफ़ ने कहा था कि नवाज़ शरीफ़ सितंबर में लंदन से पाकिस्तान लौटने वाले हैं और अपने लंबित अदालती मामलों का सामना करेंगे।

## सभी की नवाज शरीफ के स्वदेश लौटने पर निगाहें

**इस्लामाबाद।** लगभग 16 महीनों तक 13-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 10 अगस्त को पद छोड़ दिया और नेशनल असेंबली को भंग कर दिया। जिससे अगले 90 दिनों में आम चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, उनकी सरकार के रिपोर्ट कार्ड में मतदाताओं के सामने प्रस्तुत करने के लिए लगभग कुछ भी नहीं है, फिर भी कुछ फैक्टर हैं, जो उन्हें सत्ता में लौटने में मदद कर सकते हैं। शहबाज शरीफ ने 11 अप्रैल 2022 को अपने पूर्ववर्ती इमरान खान को अविश्वास मत के माध्यम से अपदस्थ करने के बाद पदभार ग्रहण किया था, जो पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन बनाने वाले तत्कालीन विपक्षी दलों की सियासी चालबाजी के माध्यम से तैयार किया गया था। शहबाज़ शरीफ एक राजनेता के रूप में उभरे।

# डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार : सीरिया



**दमिश्क,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया ने कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा डेर अल-ज़ौर में उसकी सैन्य बस पर किये गए हमले के लिए अमेरिका दोषी है। इस हमले में सीरिया के 33 सैनिक मारे गए थे। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और स्वतंत्रता के खिलाफ चल रहे अमेरिकी अभियान का एक हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका सीरिया को अस्थिर करने के लिए आईएस का समर्थन कर रहा है।

मंत्रालय ने हमले और सीरिया के तेल और कृषि संसाधनों के निरंतर अमेरिकी दोहन का भी उल्लेख किया। बयान के अनुसार यह आर्थिक दबाव अमेरिकी कब्जे को बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने में मदद करता है। बयान में कहा गया है कि सीरिया आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके प्रभावों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुडोकू 6286

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 14 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आपकी आत्मीयता अधिक संवेदनशील बनेगी। किसी की वाणी या बर्ताव से आपके मन को चोट पहुंचेगी। मानसिक भय और शारीरिक अस्वस्थता से आप बेचैन रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ -चिंता के बोझ से राहत मिलने से स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव करेंगे। भावुकता के प्रवाह में ज्यादातर समय कल्पना में रहेंगे। परिजनों की तरफ विशेष ध्यान देंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा। आर्थिक आयोजन पूरे होंगे।

मिथुन -आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। इसमें थोड़ा विलंब होगा, लेकिन उस संबंध में प्रयास जारी रखने से उन्हें पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजनों में दिक्कत हो सकती है। नौकरी-धंधे में सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क -शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मित्रों और स्वजनों के साथ आज का दिन खूब आनंद और उल्लास से व्यतीत होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे।

सिंह -चिंता के कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंचेगी। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं।

कन्या -तन-मन की स्वस्थता के साथ आज का दिन खुशहाल साबित होगा। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आर्थिक लाभ होगा। अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

तुला -आज आपके कार्य सरलतापूर्वक पूरे होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापारियों को व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगा।

वृश्चिक -थकान, आलस और चिंता के कारण काम का उत्साह मंद पड़ा हुआ प्रतीत होगा। विशेष रूप से संतान के कारण चिंता होगी। कार्यक्षेत्र में भी अधिकारी का नकारात्मक व्यवहार आपके अंदर हताशा पैदा करेगा।

धनु -अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाएं।

मकर -कार्यभार और मानसिक तनाव से राहत पाकर आज का दिन मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ खुशी से व्यतीत करेंगे। किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा।

कुंभ -आपको आज कार्यभार में सफलता के साथ यश भी मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। नौकरी धंधे में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मीन -आज आपकी कल्पनाशक्ति पूरे निखार पर होगी। आज का दिन साहित्य सृजन के लिए उत्तम है। विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आपके स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी। पेट दर्द की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजराइल में न्यायिक सुधार के विरोध में प्रदर्शन

**तेल अवीव,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के न्यायिक सुधार के विरोध में लगातार 32वें सप्ताह शनिवार को हजारों लोगों ने तेल अवीव की सड़क पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का आयोजन करने वालों ने बताया कि देश भर में 12 से अधिक रैलियां निकाली गई। हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने न्यायिक सुधार में बदलाव का वादा किया है। तेल अवीव का वह इलाका जहां सरकारी इमारतें हैं वहां फिर से यातायात निर्धारित सीमा से अधिक हो गया है। यरूशलम पोस्ट ने बताया कि तीन फिलिस्तीनियों को अवैध रूप से इजरायल में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दक्षिणपंथी सरकार उन सरकारी फैसलों को पलटने की न्यायाधीशों की क्षमता को सीमित करने की अपनी विवादास्पद योजना पर बल देती है, जिन्हें वे अनुचित मानते हैं, तो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। विपक्षी नेता येर लैपिड नेतन्याहू की सरकार से कानून का पालन करने की मांग को लेकर शनिवार के प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान उन्हें कपलान स्ट्रीट पर भीड़ के साथ चलते हुए देखा गया।

# ब्रिटेन जा रहे प्रवासियों की नाव पलटने से छह अफगानियों की मौत, कई लापता

**कैलाइस,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन जा रही एक प्रवासी नाव के इंग्लिश चैनल में डूबने से अफगानिस्तान के छह निवासियों की मौत हो गयी है जबकि कई लोग लापता हैं, जिनता तलाश की जा रही है। फ्रांस के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा शनिवार तड़के हुआ। फ्रांस के तटीय शहर बोलोग्ने के उप लोक अभियोजक फिलिप सबेटियर ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि मरने वाले सभी छह अफगानी पुरुष थे, जिनकी उम्र 30 के आसपास थी। उन्होंने कहा कि बाकी यात्रियों में से ज्यादातर अफगानी और कुछ सूडानी थे।

इनमें अधिकतर वयस्क और कुछ नाबालिग थे। श्री सबेटियर ने कहा कि 49 लोगों को जीवित बचाया गया है, जनमें से 36 को फ्रांसीसी तटरक्षकों द्वारा और 13 को ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा बचाया गया। अभियोजक के कार्यालय के अनुसार पाँच से 10 यात्री अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता यात्रियों की तलाश के लिए दो ब्रिटिश जहाजों के साथ, तीन फ्रांसीसी जहाज, एक हेलीकॉप्टर



■ इंग्लिश चैनल में डूबी प्रवासियों की नाव


और एक विमान को उत्तरी फ्रांस में सांगाटे के पास के क्षेत्र में लगाया गया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, एचएम कोस्टगार्ड वर्तमान में चैनल में एक छोटी नाव से जुड़ी घटना को लेकर राहत एवं बचाव कार्य में फ्रांसीसी अधिकारी ग्रिस नेज़ की सहायता कर रहा है।

वहीं, फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न ने कहा कि उनकी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव टीमों के प्रयासों की सराहना की। मानवतावादी समूह यूटोपिया56 के एक प्रवक्ता ने इस त्रासदी के लिए सीमा पर दमन को दोषी ठहराया।

# चीन में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के शानक्सी प्रांत में हुए भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को शीआन शहर जिले में हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लापता हैं। स्थानीय टेलीविजन रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 81 लोगों को निकाला गया है, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। रिपोर्टों के अनुसार, भूस्खलन में कई घर, सड़क और पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

## वर्ग पहेली 6286



**बायें से दायें:-**

१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

## वर्ग पहेली-6285



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1862- बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना।
1908- इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन।
1917- चीन ने जर्मनी और आस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1924- प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म।
1938- बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलिविजन पर प्रसारित।
1945- जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों के सामने आत्मसमर्पण किया
1947- भारत का विभाजन, पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना।
1968- मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित।
1971- बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
1975- पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।
2001- मेसेडोनिया सरकार तथा अल्बानियाई विद्रोहियों में समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार।
2002- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने कश्मीर के चुनावों को ढोंग करार दिया।
2003- पूर्वी अमेरीका और कनाडा में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प, जिसका असर न्यूयॉर्क और ओटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा।
2006- संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा।
2006- इराक के कहतानिया में बमबारी में 400 लोग मारे गये।
2011- प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता शम्मी कपूर का निधन।
2012- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख का निधन।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**स्वतंत्रता दिवस समारोह की...**

जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे भी इन विशेष अतिथियों में शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रत्येक राज्य व केन्द्र-शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किला में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली में 12 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।

सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी। इनमें टीके और योग, उज्ज्वला योजना, अंतरिक्ष शक्ति, डिजिटल इंडिया, कौशल भारत, स्टार्ट-अप इंडिया, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत, नया भारत, पॉवरिंग इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवनमिशन शामिल हैं।

**लोरमी विधायक धरमजीत सिंह ...**

लगातार जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर चहुँओर विकास के द्वार खुल रहे हैं, दूसरी ओर विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इसीलिए आज भाजपा के प्रति जन-विश्वास बढ़ा है और समाज के सभी वर्गों के सम्मानित जन लगातार भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ताकि देश आगे बढ़े, देश का मान-सम्मान बढ़े और गाँव, गरीब और किसान तरक्की करें। श्री साव ने कहा कि विधायक श्री सिंह के भाजपा प्रवेश से भाजपा को और ताकत मिलेगी। यह निश्चित रूप से भाजपा की बढ़ती हुई ताकत, बढ़ते हुए कदम का परिचायक है और हमें नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की अन्यायी, अत्याचारी, भ्रष्टचारी और वादाखिलाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने में यकीनन मदद मिलेगी।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस अवसर पर विधायक श्री सिंह सहित सभी नव भाजपा सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में विजय के एक बड़े लक्ष्य की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है ऐसे समय में भाजपा में प्रवेश का आज का यह कार्यक्रम इस बात का संकेत है कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त वातावरण बन गया है। विधायक श्री सिंह की राजनीतिक व प्रशासनिक कार्य कुशलता की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि वह सही समय पर सही दल में आए हैं।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद विधायक श्री सिंह ने कहा, 'विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा में शामिल होना मेरे लिए बेहद गौरव का पल है।' श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं ने न केवल छत्तीसगढ़, अपितु समूचे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन की मिसाल पेश की है। अपनी नीति और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पिछले 9 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण के दृष्टिकोण से भारतीय राजनीति का स्वर्णकाल रहा है। श्री मोदी देश के 85 करोड़ गरीब परिवारों को निःशुल्क अनाज देने का काम कर रहे हैं, विश्वभर में भारतवर्ष का परचम लहरा रहे हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत ने विश्व-मंच पर अपनी धाक जमाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके उसको उसकी हैसियत बताई, देश में आतंकवाद को खत्म करने का काम किया, धारा 370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर को शांति का टापू बनाया, ऐसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा के विजय-रथ की यात्रा को भारत में कोई भी नहीं रोक सकता। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा-भानुमती का कुनबा जोड़कर चाहे जितनी कोशिश कर ली जाए, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की सेवा करने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्हीं के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा का झण्डा फहराएगा और आगामी नवंबर के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की प्रदेश सरकार बनेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को सौम्य, सरल-सहज हृदय व व्यक्तित्व का धनी बताते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह ने अपने शासनकाल में गरीबों को चावल दिया, वनवासी अंचल की सेवा की, नक्सलियों पर नकेल कसी, सड़कों का जाल बिछाया, अनेक धार्मिक-सामाजिक प्रतीकों का निर्माण कराया। डॉ. सिंह के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को प्रदेश की जनता आगामी नवंबर माह में महसूस करेगी और भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करके ईडी-सीडी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व वाली भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू प्रदेश की अपमानजनक स्थिति से उबारकर एक समग्र विकासशील प्रदेश के तौर पर देश में एक सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित किया। प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, घपलों-घोटालों पर हताशा ज़ाहिर कर विधायक श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ हिन्दुस्तान का पहला राज्य है, जहाँ बड़े-बड़े व्यापारी तो जेल गए ही, आईएएस और प्रशासनिक अधिकारी तक भी जेल में हैं। इसका मतलब है कि अराजकता की पराकाष्ठा इस प्रदेश में हो चुकी है। इस अराजकता को खत्म करने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वह (विधायक श्री सिंह) एक विनम्र कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

## दुनिया को जानें

### चीन ने हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह किया प्रक्षेपित



**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने लॉन्ग मार्च -3बी रॉकेट के जरिए आपदाओं की निगरानी के लिए दुनिया का पहला ए-एसएआर4 01, हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने रविवार को बताया कि शनिवार को स्थानीय समयानुसार 1:26 बजे सिचुआन प्रांत के जिचांग अंतरिक्ष केन्द्र से उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के कुछ ही समय बाद उपग्रह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। सीएनएसए ने बताया कि यह दुनिया का पहला हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) उपग्रह है जो परियोजना कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह चीन की प्राकृतिक आपदाओं की अंतरिक्ष निगरानी में सुधार करेगा और आपदाओं की रोकथाम और उसमें कमी लाने की क्षमताओं में वृद्धि करेगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च रॉकेट परिवार का 483वां मिशन था।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## मोदी सरकार में मोटे अनाजों का एमएसपी 100 से 150 प्रतिशत तक बढ़ा



**ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई**

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी सरकार के पिछले नौ साल के शासनकाल में ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2014-15 से 2023-24 के बीच ज्वार का एमएसपी 108 फीसदी बढ़ा। वित्त वर्ष 2014-15 में ज्वार का एमएसपी 1,550 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 3,225 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। इसी तरह बाजरे का एमएसपी 2014-15 में 1,250 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 100 प्रतिशत बढ़कर 2,500 रुपए प्रति क्विटल हो गया। रागी का एमएसपी नौ साल में 148 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 1,550 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3,846 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। मक्का के मामले में, एमएसपी 2014-15 में 1,310 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 59 प्रतिशत बढ़कर 2,090 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। जौ का एमएसपी 2014-15 में 1,150 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 50 प्रतिशत बढ़कर 1,735 रुपए प्रति क्विंटल हो गया।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 2023 बाजरा का अंतरराष्ट्रीय वर्ष है, केंद्र सरकार लगभग हर साल राज्यों से मोटे अनाज की खरीद और खपत को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध करती रही है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि राज्यों से ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू करने और मोटे अनाज की खपत के प्रति लोगों की भोजन की आदतों को फिर से उन्मुख करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने पर विचार करने का आग्रह किया गया है। राज्यों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे जिला कलेक्टरों और जिला कृषि अधिकारियों को राज्य के भीतर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरण के लिए स्थानीय उपभोग प्राथमिकता के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का निर्देश दें। केंद्र ने राज्य सरकारों से केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा की खरीद करने का भी अनुरोध किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कम होने से 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 3.17 अरब डॉलर कम होकर 603.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति



1.94 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 533.4 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 22.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.7 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 17.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 8.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## निवेशक जुलाई के लिए सीपीआई डेटा पर रखेंगे नजर, वृद्धि का अनुमान




**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि मुद्रास्फीति की बढ़ती चिंताओं के बीच, निवेशक जुलाई के घरेलू सीपीआई डेटा पर करीब से नजर रख रहे हैं, इसमें बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, आर्थिक आंकड़ों पर केंद्रित सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में मंदी का अनुभव हुआ, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं ने घरेलू भावनाओं को प्रभावित किया। सप्ताह की शुरुआत फार्मा और आईटी क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण मध्यम लाभ के साथ हुई। हालांकि, आर्थिक डेटा रिलीज़ और आरबीआई की नीति घोषणा से जुड़ी अनिश्चितताओं ने बाधा डाली। मुद्रास्फीति की चिंताएं फिर से उभर आईं, क्योंकि आरबीआई ने अपना सीपीआई पूर्वानुमान 30 बीपीएस बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया, इससे लंबे समय तक दर में कटौती की संभावना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वृद्धिशील सीआरआर के माध्यम से तरलता का प्रबंधन करने के आरबीआई के कदम ने बैंकिंग क्षेत्र की धारणा को प्रभावित किया, हालांकि उम्मीद के मुताबिक सीमित प्रभाव पड़ा। चीनी निर्यात में गिरावट और अमेरिकी छोटे और मध्यम आकार के बैंकों की रेटिंग में गिरावट जैसे कमजोर संकेतों के कारण वैश्विक बाजारों को अस्थिरता का सामना करना पड़ा। अमेरिकी सीपीआई उम्मीद से कम और यूके जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर होने के बावजूद, वैश्विक बाजार की धारणा कमजोर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में, ऐसी संभावना है कि सूचकांक 19,300 के स्तर तक गिर सकता है। सकारात्मक पक्ष पर, प्रतिरोध स्तर 19,500 पर स्थित है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दाल-दलहन और मीठे में तेजी



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं आवक कमजोर पड़ने से दाल-दलहन और मीठे के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 85 रिंगिट गिरकर 3715 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट लेकर 60.79 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और सोया रिफ़ाइंड 147 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8933 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## आग की आशंका के चलते निकोला ने 209 बैटरी-ईवी ट्रक बुलाए वापस



सैन फ्रांसिस्को, 13 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रकिंग कंपनी निकोला मोटर्स ने अपने मुख्यालय में ट्रक में आग लगने का संभावित कारण एक बैटरी पैक के अंदर रिसाव पाए जाने के बाद लगभग 209 बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) को वापस बुलाने की घोषणा की है। ऑटोमेकर ने एक बयान में कहा, आंतरिक जांच में बैटरी पैक के भीतर सिंगर सप्लायर कंपोनेंट को कूलेंट रिसाव के संभावित स्रोत के रूप में दर्शाया गया है और आने वाले हफ्तों में एक क्षेत्रीय उपाय प्रदान करने के प्रयास चल रहे हैं। कंपनी ने कहा, 'ये कार्रवाइयां वर्तमान में प्रोडक्शन में चल रहे हाइड्रोजन फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल (एफसीईवी) को प्रभावित नहीं करती हैं क्योंकि ट्रक के बैटरी पैक का डिजाइन अलग है।' निकोला ने सभी कस्टमर्स और डीलरों को वास्तविक समय में वाहन की मॉनिटरिंग और सेफ्टी सिस्टम के ऑपरेशन को सक्षम करने के लिए मेन बैटरी डिस्कनेक्ट (एमबीडी) स्विच को हर समय 'ऑन' पॉजिशन में रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसने उन्हें ओवर-द-एयर अपडेट और फ्लीट कमांड, निकोला के ट्रक मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ बेहतर कनेक्टिविटी की अनुमति देने के लिए ट्रकों को बाहर पार्क करने पर विचार करने की भी सलाह दी। अब तक, केवल दो (2) बैटरी पैक में थर्मल इवेंज का अनुभव हुआ है।

निकोला के सीईओ स्टीव गिर्स्की ने कहा, 'निकोला में हम सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे ही हमारी जांच पूरी हो जाएगी हम एक अपडेट जारी करेंगे, और जैसे-जैसे हमें और जानकारी मिलेगी हम अपनी पारदर्शिता जारी रखेंगे।' 23 जून को कंपनी के शुरुआती बयान में घटना के संभावित कारण को गलत बताया गया था, जो वीडियो फुटेज पर आधारित था, जिसमें प्रभावित ट्रकों के बगल में एक वाहन खड़ा था और एक ब्राइट फ्लैश और आग लगने के बाद तेजी से दूर चला गया।

## महंगाई और आयात-निर्यात आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर



सप्ताहिक समीक्षा

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और रिज़र्व बैंक के महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह थोक एवं खुदरा महंगाई के साथ ही आयात और निर्यात के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 398.6 अंक अर्थात् 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 65322.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) का निफ़्टी 93.8 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 19423.20 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कम्पनियों के विपरीत छोटी और मझौली कम्पनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 266.9 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 30429.56 अंक और स्मॉल कैप 219.96 की उड़ान भरकर 35290.61 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह जुलाई का थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) महंगाई और खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित (सीपीआई) महंगाई के साथ ही निर्यात और आयात के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिस पर बाजार की नज़र रहेगी। इसके अलावा विदेशी मुद्रा भंडार भी आने वाले दिनों में फोकस में रहेंगे। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई का अनुमान 5.1 प्रतिशत स बढ़ाकर 5.4 कर दिया है, जिसका असर भी बाजार पर रहेगा। इसके अलावा प्रमुख वैश्विक घटनाएं, जिसका अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा उनमें चीन का औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी खुदरा बिक्री, कच्चे तेल का भंडार, बिल्डिंग परमिट, प्रारंभिक बेरोजगार दावे, फेड रिज़र्व की एफओएमसी बैठक, ब्रिटेन में बेरोजगारी दर, खुदरा महंगाई, खुदरा बिक्री, यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में बना रहेगा और आरबीआई के फैसले, अमेरिकी रोज़गार आंकड़े और एफओएमसी बैठक के मिनट्स से आगे का संकेत मिलेगा।' वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 65953.48 अंक और निफ्टी 80.30 अंकों की तेजी लेकर 19597.30 अंक पर रहा। वहीं, वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण पिछले सत्र से जारी तेजी पर मंगलवार को ब्रेक लग गया, जिससे सेंसेक्स 106.98 अंक उतरकर 65846.50 अंक और निफ्टी 26.45 अंक गिरकर 19570.85 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, ऊर्जा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों के शेयरों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 149.31 अंक की तेजी लेकर 65,995.81 अंक और निफ्टी 61.70 अंक की बढ़त के साथ 19,632.55 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह आरबीआई के नीतिगत दरों को यथावत रखने के साथ ही चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से हताश निवेशकों की एफएमसीजी, दूरसंचार और बैंकिंग समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 307.63 अंक लुढ़ककर 65,688.18 अंक और निफ्टी 89.45 अंक की गिरावट लेकर 19,543.10 अंक पर आ गया। इसके साथ ही वैश्विक बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 365.53 अंक की गिरावट लेकर 65322.65 अंक और निफ्टी 119.90 अंक का गोता लगाकर 19423.20 अंक रह गया।

## चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास

बीजिंग, 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी रसद और खरीद संघ ने 13 अगस्त को इस साल की पहली छमाही में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन संबंधी डेटा जारी किए। आंकड़ों के अनुसार पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का व्यावसायिक वातावरण, बाजार की मांग और उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बहाल हुई। इस व्यवसाय का समर्थन करने के सक्रिय तत्व लगातार बढ़े। साल की पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल रकम 31 खरब युआन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 3.7 प्रतिशत अधिक है। कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स बाजार का आकार 2 खरब 68 अरब 80 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 3.3 फीसदी अधिक है। कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल मांग 21 करोड़ टन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 5.2 प्रतिशत अधिक है। कोल्ड चेन बाजार की मात्रा लगातार बढ़ रही है। चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास सरकार के समर्थन से अलग नहीं हो सकता। इस साल की पहली छमाही में चीन सरकार ने कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स से संबंधित 20 से अधिक नीतियां लागू कीं। कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों के निवेश में बड़ा इजाफा हुआ। आंकड़ों के अनुसार पिछली छमाही में कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों का निवेश 18 अरब 60 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 8.7 प्रतिशत अधिक है। रेफ्रिजेरेटेड ट्रकों की कुल बिक्री 25,723 रही, जो गत वर्ष की समान अवधि से 3.7 फीसदी ज्यादा है।



## बंगाल में स्थानांतरित हो रहा कानपुर का चमड़ा उद्योग



**कानपुर ( यूपी ),** 13 अगस्त (एजेंसियां)। नोटबंदी, फिर गोहत्या पर कार्रवाई से कच्चे माल की कमी और अब गंगा नदी के किनारे प्रदूषणकारी इकाइयों को हटाने का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के कारण कानपुर में चमड़ा उद्योग का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। यहां के चमड़ा उद्योग में आई सबसे बड़ी मंदी के बीच, कानपुर के चर्मकार कारोबार में बने रहने के लिए पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। यह स्थिति सख्त प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के कारण लगाए गए बुनियादी ढांचे पर प्रतिबंध, टेनरी कचरे के उपचार की लागत में एक बड़ी उछाल और गोहत्या पर प्रतिबंध के कारण गाय के उत्तर प्रदेश में चमड़े की उपलब्धता की कमी के कारण ऑर्डर में कमी के कारण उत्पन्न हुई है। 40 चमड़ा उद्योगपति पहले ही कोलकाता में टेनरियों को किराए पर ले चुके हैं या खरीद चुके हैं। कुछ ने तैयार गाय के चमड़े के लिए वियतनाम, तुर्की और कुछ यूरोपीय देशों से समझौता किया है।

लगभग 100 टेनरी इकाइयों ने बंटाला में टेनरी शुरू करने के लिए जमीन ली है, जहां पश्चिम बंगाल सरकार उत्तर प्रदेश के टेनर्स को 2,865 रुपए प्रति वर्ग मीटर पर प्लॉट उपलब्ध करा रही है। जाजमऊ टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैय्यर जमाल ने कहा, '402 सूचीबद्ध टेनरियों में से, अब केवल 215 छोटी और बड़ी टेनरियां चालू हैं। ये भी बहुत सारे शर्तों के साथ काम कर रही हैं, इससे व्यापार असंभव हो गया है। फिर भी लोग काम कर रहे हैं।' इस उम्मीद में आगे बढ़ रहे हैं कि किसी दिन स्थिति में सुधार होगा।' समस्या 2017 के अंत में शुरू हुई, जब केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों ने टेनरियों को अपने बुनियादी ढांचे को आधा करने के लिए कहा। इसका मतलब यह था कि चमड़े की प्रोसेसिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली 10 ड्रम वाली टेनरी को घटाकर पांच कर दिया जाएगा। जमाल ने कहा, 'मेरे पास पांच ड्रमों वाली एक इकाई थी, जिन्हें ऑर्डर के अनुरूप निकाल लिया गया और नए सिरे से स्थापित किया गया।' बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया था कि अनुपालन न करने की स्थिति में टेनरियों को बंद कर दिया जाएगा। कुंभ और माघ मेलों के लिए टेनरियों को लंबे समय तक बंद करके इस आदेश का पालन किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक यह है कि उत्तर प्रदेश में गाय की हत्या पर प्रतिबंध होने के बाद से कानपुर में गाय के चमड़े की बहुत कम मात्रा में टैनिंग हो रही है।

चूंकि व्यवसाय करना कठिन हो गया। एक व्यवसायी चमड़े का कारख़ाना किराए पर लेने के लिए कोलकाता चला गया, जो कभी चीनी समुदाय के उपयोग में था। सौदा हो गया और थोड़े से निवेश के साथ टेनरी चालू हो गई। पांच साल बाद, टेनरी उनके चमड़े के व्यवसाय को चालू रखने का मुख्य आधार बन गई है। उन्होंने कहा, 'मैंने यह टेनरी कोलकाता में खरीदी है, क्योंकि कानपुर से कारोबार करना बेहद कठिन हो गया है। मुझे अपनी कानपुर इकाई को 25 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर नहीं चलाना चाहिए।' कम से कम दो बड़े समूह जिन पर हाल ही में जीएसटी द्वारा छापा मारा गया था, बांग्लादेश में दुकानें स्थापित कर रहे हैं - उनमें से एक ने एक बड़ी इकाई पूरी कर ली है और दूसरा चटगांव में ऐसा करने के कगार पर है। एक अन्य प्रमुख समूह ने पहले ही भूमि अधिग्रहण कर लिया है लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं किया है। यह स्थिति तब उत्पन्न हुई है, जब पिछले दो दशकों में, वैश्विक चमड़ा उद्योग सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, विशेष रूप से असबाब के लिए तैयार भैंस के चमड़े और काठी के लिए हार्नेस के निर्यात में। एक समय में, कानपुर भैंस के चमड़े का 56 प्रतिशत निर्यात कर रहा था और काठी उद्योग की हार्नेस जरूरतों को पूरा कर रहा था।

एक उद्योगपति ने कहा, 'अब हम अर्जेंटीना से हार्नेस आयात कर रहे हैं। यह उस उद्योग के लिए दुखद है, जिसकी वैश्विक सैडलरी बाजार में 80 फीसदी हिस्सेदारी थी। सैडलरी कानपुर के लिए अद्वितीय है।' उन्होंने कहा कि निर्यात और घरेलू बिक्री दोनों में औसतन 10 फीसदी की वार्षिक गिरावट देखी गई है। 'गाय का चमड़ा ज्यादातर चेन्नई और कोलकाता में संसाधित किया जाता है, जहां ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है और हम भारत के बाहर से गीला नीला (अर्ध-प्रसंस्कृत चमड़ा) आयात करते हैं। 2020 में, टेनरियों को रोटेशन के आधार पर महीने में 15 दिन 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने के लिए कहा गया था, ऐसा न करने पर प्रति दिन 12,500 रुपए का पर्यावरण मुआवजा नामक जुर्माना लगाया जाएगा। इस बीच, 2022 में टेनरी कचरे के उपचार की लागत 2 रुपये प्रति खाल से बढ़कर 22 रुपये प्रति खाल हो गई। टेनरियों ने चर्मशोधन कारखानों में प्राथमिक उपचार संयंत्रों (पीटीपी) से जल निगम द्वारा प्रबंधित सामान्य उपचार संयंत्र (सीटीपी) में जाने वाले अपशिष्टों के उपचार के लिए भुगतान किया।

### सार संक्षेप

#### सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में मॉडल्स ने किया साड़ियों का प्रदर्शन

पटना। राजधानी के एक होटल में चल रही पांच दिवसीय उमंग सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में रविवार को सिल्क थीम पर आधारित फैशन शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जब मॉडल्स सिल्क की साड़ियां पहनकर दर्शकों के सामने आई तो उनकी खूबसुरती के साथ सिल्क की चमक भी चारों ओर फैल गई। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडल्स ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक आशीष गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मकसद बुनकरों की कला को लोगों को सामने लाना है। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल मॉडल्स ने देश भर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की। एक से बढ़कर एक मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्शित किया। कर्नाटक की कांजीवरम, बनारस की बनारसी, भागलपुर की कॉटन सिल्क, उड़ीसा की लिलम सिल्क सहित अन्य राज्यों की सिल्क साड़ियों को पहनकर जैसे ही मॉडल्स सामने आयी तो दर्शकों ने तालियों की गरगराहट के साथ उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि मॉडल्स ने जिस प्रदेश की सिल्क साड़ियों की नुमाइश की वो उस प्रदेश के पारंपरिक वेसभूसा में थी जो इस कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना रहा था।

#### ओएनजीसी का समेकित तिमाही लाभ 18.4 प्रतिशत बढ़ कर 14,134 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। खनिज तेल और गैस उत्खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आयल एंड नेचुरल गैस लि. (ओएनजीसी) ने चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2023-24 की पहली तिमाही में समेकित रूप से 14,134 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही से 18.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 11,937 करोड़ रुपये था। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार पहली तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,63,824 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में ओएनजीसी ने 1,82,894 करोड़ रुपए का समेकित राजस्व दर्ज किया था, लेकिन एकल आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 34.1 प्रतिशत घट कर 10,015 करोड़ रुपए और राजस्व 20.1 प्रतिशत गिर कर 33814 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने एकल आधार पर 42321 करोड़ रुपए के राजस्व के साथ 15,206 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एकल आधार पर कंपनी का कुल कच्चा तेल उत्पादन (संयुक्त-उद्यमों के उत्पादन सहित) 3.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53.11 लाख टन और कुल गैस का उत्पादन तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.221 अरब घन मीटर रहा।

# जमीन को गलत तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। वृद्ध और अनपढ़ होने का फायदा उठा कर एक व्यक्ति द्वारा अपने एक रिश्तेदार के 83 डिसमिल जमीन को गलत तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पुलिस थाना कसडोल में किए जाने के बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड के गिधौरी पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहन्दा निवासी बद्री प्रसाद पटेल उम्र 78 वर्ष के रिश्ते में नाती सरदीश कुमार पटेल पिता मोहन लाल पटेल उम्र 39 वर्ष द्वारा लाला राम पिता शंकर लाल साहू उम्र 38 वर्ष ग्राम कुम्हारी, एवम सुशील कुमार साहू पिता बुधु राम साहू उम्र 54 वर्ष ग्राम हसुवा को गवाह बनाकर बद्री प्रसाद पटेल की 83 डिसमिल जमीन को 10 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री बताकर अपने नाम कर लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर बद्री प्रसाद पटेल द्वारा पुलिस थाना गिधौरी में शिकायत दर्ज कराने आवेदन किया था लेकिन गिधौरी थाना में शिकायत दर्ज नहीं किए जाने पर कसडोल पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद कसडोल पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर अपराध क्र 437/23 में आई पी सी की धारा 420 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि आरोपी सरदीश पटेल बद्री प्रसाद पटेल का रिश्ते में नाती है जिसे बद्री प्रसाद पटेल द्वारा वृद्ध हो जाने पर पालन पोषण के एवज में अपनी 10 डिसमिल जमीन को देने का वादा किया था जिसकी रजिस्ट्री कराने सरदीश पटेल द्वारा पिछले कुछ महीने पहले कहा गया जिसमे सहमति होने के बाद आरोपी द्वारा बद्री प्रसाद पटेल को राजिष्ट्री कराने ले जाकर उनकी वृद्ध होने और अनपढ़ होने का फायदा उठाकर पूरी 83 डिसमिल जमीन पर हस्ताक्षर करा कर अपने नाम कर लिया। जिसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों जानकारी मिलने के बाद गिधौरी थाना में शिकायत दर्ज कराने आवेदन किया गया लेकिन गिधौरी थाना में शिकायत दर्ज नहीं किया गया। बताया जाता है कि आरोपी का गिधौरी पुलिस थाना के लोगों से अच्छा संबंध है। जिसके कारण शिकायत दर्ज नहीं किया गया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार में शिकायत दर्ज कराने पर कसडोल पुलिस थाना में शिकायत दर्ज किया गया। चूंकि जमीन की रजिस्ट्री कसडोल से होने के कारण कसडोल पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर जांच पड़ताल किया गया जिसे सही पाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। वही दोनों गवाहों पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई।



उल्लेखनीय है कि जमीन रजिस्ट्री में दोनो गवाह दूसरे गांव के और दूसरे जाति के है जिसमे से एक व्यक्ति कई समिति के अध्यक्ष है और कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखता है। ग्रामीणों ने उक्त रजिस्ट्री में संबंध रखने वाले गवाहों की भी शीघ्र गिरफ्तारी करने

# स्वर्णकार महिला मंडल ने मनाया सावन महोत्सव



**महासमुंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय संजय कानन में छग स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। सावन माह अत्यंत मनोहारी होता है, जो शिव पार्वती को समर्पित है ऐसी मान्यता है कि मां पार्वती को प्रकृति एवं हरियाली अत्यंत प्रिय है इसलिए सावन माह में सुहागिनें हरे वस्त्र एवं हरी चूड़ियां धारण करती है, ताकि गौरा मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सके। सोनी समाज की सभी महिलाएं हरी साड़ियों में सावन उत्सव मनाने उपस्थित रहें। इस उत्सव की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग द्वारा सर्वप्रथम कान्हा जी का पूजन अर्चन किया गया। भक्ति गीत के साथ कान्हा जी को झूला झुलाया। मनोरंजन हेतु हरी, नीली, पीली, लाल चूड़ियों में से बिना देखे अपनी पसंद के रंग की चूड़ी चुनने की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम श्रीमती राशि महिलांग एवं द्वितीय श्रीमती रेनू अखिल सोनी रही। नए पुराने फिल्मी गीत गाकर महिलाओं ने अंताक्षरी का आनंद लिया। श्रीमती राशि महिलांग हर कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ भाग लिए और सोनी समाज की महिलाओं को निरंतर प्रगति करने की शुभकामनाएं दी। अंत में सजी.धजी महिलाओं में से सावन सुंदरी का चुनाव किया गया। प्रथम श्रीमती आशा सोनी, द्वितीय श्रीमती रेनू अखिल सोनी रही। जिसे मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। छग स्वर्णकार महिला मंडल से श्रीमती सरला, पूर्णिमा पंकज, राखी, नीता, ममता, सारिका, शिखा, रेनू अखिल, रेनू राजेश, जयश्री, आशा, बरखा, नंदनी, अंजली, पूर्णिमा, प्रतिमा, डाली सोनी उपस्थित रहे।

## योग शिक्षक संघ के नितेश पटेल बने प्रदेश सह सचिव



**बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए ग्राम कारी (कोहरौद), बलौदाबाजार के नितेश कुमार पटेल को उनके योग के प्रति समपर्ण व निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय समिति के निर्णय अनुसार प्रदेश सह-सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, प्रदेश महासचिव खोमेश साहू और मिडिया प्रभारी दीपक कुमार वर्मा आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# टीबीएस शाला में सांस्कृतिक गतिविधियां

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। टीबीएस उच्चतर माध्यमिक शाला में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन शाला प्राचार्य हरप्रीत कौर के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन पर शाला प्रांगण में कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई।



जिसमें प्ले व कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फलों एवं सब्जियों के रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा एलकेजी के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के रूप में कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में करो या मरो, वहीं झांसी की रानी के रूप में कहा मैदान-ए-जंग में मरना है फिरंगी से नहीं डरना है कहती रानी लक्ष्मीबाई या वादा पूरा करना है हर हर महादेव, इंदिरा गांधी, कस्तूरबा गांधी के रूप में अपनी प्रस्तुति पेश की। इसी क्रम में कक्षा एलकेजी के छात्र-छात्राओं में देश के नेताओं के रूप में अपनी प्रस्तुति पेश की जो की अत्यंत मनमोहक थी। कक्षा यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने बेस्ट आउट ऑफवेस्ट में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का प्रयोग करके नई प्रस्तुति पेश की।

कक्षा पहली से कक्षा तीसरी तक के छात्र छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, प्लास्टिक प्रतिबंध, पेड़ पौधे एवं वन्य संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, पेड़ हमारे मित्र हमारे साथी सहयोगी के रूप में प्रस्तुति दी। शाला प्राचार्य द्वारा सभी छोटे-छोटे व नन्हेदृमुन्ने की मनमोहक प्रस्तुति पर उन्हें बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार प्रोत्साहन देने देते हुए उनका हौसला बुलंद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गांधी चौक में धनेन्द्र साहू एवं राजिम कृषि उपज मण्डी में अमितेष शुक्ल करेंगे ध्वजारोहण

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ध्वजारोहण का गरिमामय कार्यक्रम नगरपालिका व्दारा आयोजित किया गया है. जहां इस बार क्षेत्रीय विधायक धनेन्द्र साहू प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे. वही स्थानीय हरिहर अंग्रेजी उत्कृष्ठ विद्यालय में अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ध्वजारोहण करेंगे. वहीं राजिम के कृषि उपज मण्डी में प्रात: 9 बजे राजिम विधायक अमितेष शुक्ल ध्वजारोहण करेंगे.

**पेंशनर्स समाज भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम**

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छ. ग. पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैशाखूराम के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 9 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों सहित सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# केंद्र की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है : गोपा



**महासमुंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का लाभार्थी सम्मेलन ग्राम बिरकोनी मे हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता शक्ति केंद्र प्रभारी श्रीमती गोपा मोती साहू पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष थे। साथ मे भाजपा नेता मोती साहूए शक्ति केंद्र संयोजक गौरीशंकर चन्द्राकर, सह संयोजक विजय साहू, विस्तारक सूरज साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा गांव संचालित योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। आज मोदी जी की योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति ले रहा है। जनधन योजना से प्रत्येक व्यक्ति को बैंक से जोड़ा गया। स्वच्छता योजना के तहत घर.घर शौचालय का निर्माण, उज्वला योजना में नि:शुल्क गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीब परिवार को पक्का मकान, आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक स्वास्थ्य लाभ, नल जल योजना अंतर्गत प्रत्येक घर मे शुद्ध पेय जल की व्यवस्था, प्रत्येक परिवार को 35 किलो नि:शुल्क चावल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार दे रही है। गांवों में जो आज विकास दिख रहा है वह भाजपा सरकार की देन है। गांव के गली मे सीसी रोड, नाली निर्माण, विद्युत कनेक्शन, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन ये सब डॉ रमन सिंह के भाजपा सरकार में हुआ है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता शत्रुहन साहू, पुरण लाल साहू, बुथ अध्यक्ष धनीराम ध्रुव, दामोदर पटेल, माधुरी यादव, हरीश यादव, डॉ विष्णु साहू, विष्णु निषाद, संतोष साहू, गणेश साहू, घनश्याम साहू, भारती सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कोरोना टीकरकरण का आनलाइन अपडेट करने की मांग उठी

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोरोना टीकाकरण का आनलाइन अपडेट किए जाने वाला पोर्टल बंद हो जाने और कई लोगों का टीका लगाये जाने के बाद भी आनलाइन अपडेट नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने अपडेट किए जाने वाले पोर्टल को शीघ्र चालू कर अपडेट करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि 2021 में कोरोना टीकाकरण प्रारंभ होने के बाद लोगों को टीका लगाया जा रहा था साथ ही उनका आनलाइन अपडेट भी किया जा रहा था लेकिन इसमें बड़ी संख्या में लोगों का आनलाइन अपडेट नहीं हो पाया है और अपडेट किए जाने वाले को पोर्टल को अब बंद कर दिया गया है। इस संबंध में एक ग्रामीण ने बताया कि उनका टीकाकरण पूर्व में किया जा चुका है जिसका सर्टिफिकेट निकालने पहले मोबाइल में कोशिश किया गया और जब नही निकला तो अस्पताल में संपर्क किया गया जहां पता चला कि उक्त व्यक्ति का टीकाकरण आनलाइन अपडेट ही नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्हें सरकारी कार्यों में कोरोना टीकाकरण सर्टिफिकेट की आवश्यकता पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ऐसे बड़ी संख्या में लोग है जिनका कोरोना टीकरकरण का आनलाइन अपडेट नहीं हुआ है जिसके कारण लोगों द्वारा शासन प्रशासन से पुन: पोर्टल को चालू करने की मांग की है।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कसडोल के अध्यक्ष मुरीत श्रीवास ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरे दिवस पर वादा निभाओ रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम पर एसडीएम कसडोल को अपने मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए वेतन विसंगति दूर करने की ज्ञापन सौपा गया।

उन्होंने बताया कि शनिवार का मंच नारी शक्तियों का रहा जिसमें नारी शक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले करके अपनी अयाज मांगो पर आवाज बुलंद की। श्री श्रीवास ने कहा 13 अगस्त को राजधानी रायपुर में हमारा आक्रोश रैली का आयोजन है जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन अपनी पूरी ताकत झोंकेगा।

साथ ही विकासखंड कसडोल के सभी शिक्षकों से अपिल किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर आक्रोश रैली को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। इतने में भी सरकार हमारी मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार कर निराकरण नहीं करती है तो आगे हमारा आंदोलन और उग्र होगा।

# गायत्री शक्ति पीठ ने किया बाल संस्कार शाला का आयोजन



**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के परिपेक्ष में आज गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में आज गुरू वंदना के साथ बाल संस्कार शाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस बाल संस्कार शाला में सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर के सभी बच्चे एवं आचार्य गण की उपस्थित हुए। यह संस्कार शाला युग परिवर्तन की बेला को देखते हुए चलाया जा रहा है। जिससे बच्चों में अज्ञानता ना रहे बच्चे संस्कारवान बने और अपने आपको एक युग पुरोहित के रूप समझे। गायत्री शक्ति पीठ नवापारा के गुरूजनों एवं युवा क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं के सुक्ष्म संरक्षण में किया जाएगा। इस संस्कार शाला में युग पुरोहित भागवत बाबूजी, ललित साहू, सम्पत साहू, प्रेम साहू, विनय, किशन, हिरेन्द्र, नारी शक्ति कमल कस्तूरी साहू, ईश्वरी साहू एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर के आचार्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी प्रेम साहू ने दी.


**MOTILAL OSWAL HOME LOANS**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025, फोन : (022) 47189999
वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ई-मेल : hfquery@motilaloswal.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति/यों के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनैंस कार्पोरेशन लि. के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को मांग सूचना/एं जारी की थी, जिसमें संबंधित कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सामने वर्णित बकाया राशि उक्त सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से/ सूचना/ओं की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदार/रों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति/यों का सांकेतिक कब्जा प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को ले लिया है।
कर्जदार/रों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इन सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड के उपरिवर्णित मांग राशि और उस पर आगे ऋण अनुबंध के अनुसार ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋण अनुबंध सं./कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक सम्पत्ति/यों का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXDUR00217-180066574 सेवंकुमार आनंद राम श्रीवास एवं किशोर कुमार आनंदराम श्रीवास | 14-09-2021 रू. 4,76,900/- हेतु | 10-08-2023 | केएच/नंबर - 334/1, पीएच/नंबर-29, आरएन एम- डोंगरगांव, ग्राम - घोरडा, ब्लॉक जनपद पंचायत तथा डोंगरगांव, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491441 |

सीन : छततीसगढ़
तिथि : 14-08-2023
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड)



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग ( छ.ग. )**
**Email id : ee-res.durg@gov.in**

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-43**

ज्ञा.कं. 2170/ व.ले.लि./ग्रा.या.से./2023-24 दुर्ग, दिनांक 10/8/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | GOVT PRIMARY SCHOOL SILOD भवन मरम्मत जीर्णोद्धार कार्य। | 1.00 |
| 2. | GOVT PS KOTNI DURG मरम्मत कार्य। | 1.00 |
| 3. | GOVT UPPER PRIMARY SCHOOL SAMODA बालक बालिका शौचालय मरम्मत निर्माण कार्य। | 1.30 |
| 4. | GOVT PRIMARY SCHOOL CHANDKHURIBHATA शौचालय मरम्मतनिर्माण कार्य। | 1.30 |
| 5. | GOVT PRIMARY SCHOOL KANSHIDIH KHOPALI विद्यालय भवन सरम्मतजीर्णोद्धार कार्य। | 2.00 |
| 6. | GOVT PRIMARY SCHOOL CHINGARI भवन मरम्मतसंधारण कार्य, शौचालय मरम्मत। | 2.25 |
| 7. | GOVT PRIMARY SCHOOL NANDKATHI बालवालिका शौचालय मरम्मतनिर्माण कार्य। | 2.36 |
| 8. | GOVT. HR. SEC SCHOOL RAMNAGAR MUKTIDHAM अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। हाल निर्माण कार्य। | 4.17 |
| 9. | GOVT PS SUBHASH BAMBAY AAWASH (IHDP) DURG विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य। एवं 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.01 |
| 10. | GOVT. MS CAMP ®v BHILAI विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य एवं 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.55 |
| 11. | शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई, में शौचालय मरम्मत, कक्षों का फ्लोरिंग मरम्मत, खिड़की दरवाजा मरम्मत, आंतरिक विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | 1.22 |
| 12. | शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभाठा अण्डा में बालिका शौचालय निर्माण, मध्यान्ह भोजन कक्ष मरम्मत, हैण्डवाश प्लेटफार्म मरम्मत कार्य । | 1.47 |
| 13. | ग्राम घुघसीडीह में सांस्कृतिक भवन एवं कवर्ड मंच का निर्माण। | 4.33 |
| 14. | उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में उन्नयन कार्य लेबर कैंप जामुल | 7.12 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 10/08/2023 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17/08/2023 तक है।

जी-1018/23

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANJULA JOTWANI D/O ASHOK KUMAR JOTWANI resident of 319, WARD NO 20 , RAM TALKIES ROAD, BESIDE ASHIRWAD LODGE MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name MANJULA JOTWANI D/O ASHOK KUMAR JOTWANI so in future I should be recognized by my new name that is MISHTI MANGLANI W/O PRAHLAD MANGLANI in all Government and other documents.

**MISHTI MANGLANI**
319, WARD NO 20 , RAM
TALKIES ROAD, BESIDE
ASHIRWAD LODGE
MAHASAMUND (C.G.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200019/अ/2 वर्ष 2022-23**
**ग्राम पलारी प.ह.नं. 22**
**तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार पिता फेरहाराम जाति तेली निवासी ग्राम गिर्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/104 रकबा 0.020 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**बलौदाबाजार**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200020 अ/2 वर्ष2022-23**
**ग्राम पलारी प.ह.नं. 22**
**तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सविता धुरंधर पति युवराज धुरंधर जाति कुर्मी निवासी ग्राम औरासी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/125 रकबा 0.020 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**बलौदाबाजार**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200021/ अ/2 वर्ष 2022-23**
**ग्राम पलारी प.ह.नं. 22**
**तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा ( छग )**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार पिता डोमारसिंह जाति तेली निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/103 रकबा 0.012 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**बलौदाबाजार**

# जांजगीर के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कृषि उपज मंडी परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के खोखरा में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। आज यहां का प्रत्येक नागरिक संतुष्ट है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'भरोसे के सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर होगा। उनका निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा रहा है। यहां 25 एकड़ में मेडिकल कॉलेज बनेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपने उद्बोधन में कहा कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हमने जनता से किया अपना वादा निभाया। हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी।

मुख्य मंच पर खड़गे का गजमाला सहित जांजगीर-चांपा की प्रसिद्ध कोसा शाल और खुमरी पहनाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, राज्य के उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव, सांसद दीपक बैज सहित अतिथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण उपस्थित थे। इसके पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट में खड़गे की अगवानी की और हेलीकॉप्टर में उन्हें लेकर जांजगीर पहुंचे। खोखरा पहुंचने पर मुख्य अतिथि खड़गे और अध्यक्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित विशिष्ट अतिथियों का कर्मा नृत्य और झांझ मंजीरे के साथ आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि मल्लिकार्जुन खड़गे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से हमारी सरकार ने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया, किसानों का कर्ज माफ किया। छत्तीसगढ़ सरकार न्याय योजना पर बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ की सरकार न्याय योजनाओं से समाज के अलग अलग वर्गों को सीधे लाभान्वित करने का काम कर रही है। पूरे देश में इस तरह की यह अपने आप में अकेली योजना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब, महिला, युवा सभी वर्गों के उत्थान का कार्य हमारी सरकार कर रही है। हमने छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों और समाज के संरक्षण और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग पौने 2 लाख करोड़ रूपए की राशि हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर हुई है। कोई बीच का आदमी नहीं है, हमने लोगों की जेब में सीधे पैसे डाले। इस साल हमने 107 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा। तीसरे दिन ही खाते में पैसे पहुंच जाते थे। इस साल 20 चिंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे।

श्री बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां मजदूरों को भी 7 हजार रुपए की सालाना सहायता राशि दी जा रही है। 13 लाख परिवार से हम तेंदूपत्ता 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर खरीद रहे हैं। पूरे देश में गोबर कहीं नहीं खरीदा जाता लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ में हम 2 रुपए प्रति किलो में गोबर खरीद रहे हैं। 42 लाख परिवारों को हम बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं।

## लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही प्रदर्शनी



नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज रविवार को जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन खोखरा में भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया गया जो लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को बहुत ही आकर्षक एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया। आमनागरिकों ने इसकी भूरी-भूरी सरहाना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पौने पांच वर्षों के दौरान आमनागरिकों के जीवन में काफी बदलाव आया है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर सुधरा है और लोग सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के जरिये आमजनता का दिल जीत लिया है। आज भरोसे के सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख 92 हजार रूपए के कुल 1043 विकास कार्यो की सौगात दिये। इनमें 87 करोड़ 24 लाख 21 हजार रूपए से अधिक के 192 विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 379 करोड़ 78 लाख 71 हजार से अधिक रूपए के 851 विकास कार्यो का भूमिपूजन शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज स्वर्गीय कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय साजा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 अगस्त को दोपहर 01 बजे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा, बेमेतरा के नवनिर्मित महाविद्यालय भवन एवं बालक तथा बालिका छात्रावास का लोकार्पण करेंगे।

कार्यक्रम अध्यक्षता कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय डॉ. गिरीश चंदेल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बंशीलाल पटेल, बेमेतरा, संतोष वर्मा, साजा, जितेन्द्र उपाध्याय, थानखम्हरिया, दिनेश वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत, साजा, श्रीमती अनुसुईया पोषण सोनकर, सदस्य जनपद पंचायत, साजा, श्रीमती दुर्गेश पारस साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत मोहगांव, साजा, श्रीमती इन्द्राणी सुखीराम सोनकर, सरपंच, ग्राम पंचायत मौहभाठा, साजा भी उपस्थित रहेंगे।



■ कृषि महाविद्यालय के बालक एवं बालिका छात्रावासों का लोकार्पण भी किया जाएगा

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में स्थापित कृषि महाविद्यालय, साजा के नवनिर्मित महाविद्यालय भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन की वित्तीय सहायता से किया गया है। इस भवन के निर्माण में कुल 5 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत आई है। महाविद्यालय के बालक तथा बालिका छात्रावास भवनों का निर्माण भी छत्तीसगढ़ शासन की वित्तीय सहायता से किया गया है, जिसके निर्माण में कुल 2 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत आई है। इन छात्रावास भवनों में कुल 20-20 कमरे हैं, जिनमें प्रति छात्रावास कुल 60 विद्यार्थियों की रहने की क्षमता है। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग द्वारा मोहगांव (साजा) जिला बेमेतरा में स्थापित कृषि महाविद्यालय में बी.एस.सी. (कृषि) 4 वर्षीय पाठ्यक्रम उपाधि की शिक्षा दी जाती है। इस महाविद्यालय में 60 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। वर्तमान में महाविद्यालय में कुल 185 छात्र अध्ययनरत हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि महाविद्यालय, साजा का नामकरण साजा की पूर्व विधायक स्वर्गीय श्रीमती कुमारी देवी चौबे के नाम पर करने का निर्णय लिया गया है। कृषि महाविद्यालय भवन के प्रांगण में स्वर्गीय श्रीमती कुमारी देवी चौबे की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका अनावरण भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

# आदिवासी युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

■ गंभीर रूप से घायल युवक को महासमुंद रिफर किया गया

**बागबाहरा,** 13 अगस्त (देशबंधु)। नगर के लालपुर-सोनदादर मार्ग में आज रविवार 13 अगस्त की शाम करीब 6 बजे सोनदादर गांव के आरोपी युवक ने आमगांव के आदिवासी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे इलाज हेतु बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में तत्काल भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए जिला मुख्यालय महासमुंद रिफर कर दिया गया। इस घटना की रिपोर्ट थाने में रात्रि आठ बजे दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जानलेवा हमला करने पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



पुलिस थाना बागबाहरा के थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि आज रविवार 13 अगस्त की शाम लगभग 6 बजे लालपुर-सोनदादर मार्ग में स्थित पुलिया के पास ग्राम आमगांव निवासी आदिवासी युवक लकेश्वर खड़िया 21 वर्ष पिता नंदूराम खड़िया साइकिल से वहां पर पहुंचा। तथा पुल के पास पहले से मौजूद आरोपी युवक सोनदादर गांव निवासी उत्तम कुमार यादव 23 वर्ष पिता गणेश राम यादव अपने पास रखे चाकू को निकाल कर लकेश्वर खड़िया के पेट एवं हाथ में कई बार चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उक्त घायल युवक के पेट का अंतड़ी बाहर निकल आया है। जिसे उपचार हेतु तत्काल सरकारी अस्पताल बागबाहरा में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टरों ने उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला मुख्यालय महासमुंद के अस्पताल में रिफर कर दिया। बहरहाल बागबाहरा पुलिस आरोपी युवक उत्तम कुमार यादव पिता गणेश राम यादव ग्राम सोनदादर निवासी के खिलाफ प्राणघातक हमला करने के आरोप में अपराध कायम किया है। इस मामले को विवेचना में लिया गया है। किसी आदिवासी युवक पर इस तरह से प्राणघातक हमला करने से क्षेत्र के आदिवासी समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

**NECC**

| 14.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.48 | 70 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 185 |

डिलीवरी 463 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

लड़का-हर सन्डे के दिन आपके चेहरे पर रंग क्यों लगा होता है
लड़की-अरे मैं हर सन्डे होली खेलती हूं
लड़का-क्यों ?
लड़की-अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है कि Sunday मतलब Holiday.

# भाजयुमो ने शहर में निकाला तिरंगा यात्रा



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राष्ट्रीय संगठन कार्यक्रम मोर माटी मोर देश के अंतर्गत जगदलपुर शहर के एसबीआई चौक से लेकर शहीद स्मारक शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि राष्ट्रीय संगठन के आव्हान पर जिला मुख्यालय सहित मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा फहराने को लेकर लोगों को प्रेरित करना है। देश की आजादी के लिए अनेकों क्रांतिकारियों ,वीर जवानों ने अपना प्राण निछावर कर दिया जिसको आज की युवा पीढ़ी को बतलाने की आवश्यकता है वही देश के लिए प्रत्येक नागरिकों को अपने कर्तव्यों का पालन करना भी अति आवश्यक है। देश की आन बान शान तिरंगा ध्वज का सम्मान युगो युगो तक ऊंचा रहे इसके सम्मान के लिए हम सभी को सजग रहना होगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से किरण देव, पूर्व विधायक संतोष बाफना, श्रीनिवास मद्दी, योगेंद्र पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, नरसिंह राव, संजय पांडे, राजेंद्र बाजपेई, सुरेश गुप्ता, आयेंद्र सिंह आर्य, संग्राम सिंह राणा, रिंकू पांडे, मनीष पारेख, राकेश तिवारी, प्रकाश झा, राजपाल कशेर, संतोष त्रिपाठी अतुल कोशल, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, अभय दीक्षित, लक्ष्मी कश्यप, ममता राणा, सुधा मिश्रा रामकुमारी यादव, किरण सेन, माहेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, गीता नाग, भारती राव, किशोर महावर, शशिनाथ पाठक, तेजपाल शर्मा, गणेश काले यजुवेंद्र सिंह, मनोज पटेल, गणेश नागवंशी, रोहित खत्री, अमर झा, सूर्यभूषण सिंह, शेखर शर्मा, पिंटू साव, प्रेम यादव, शिरीष मिश्रा, विकास चांडक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल





**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए अंतिम रिहर्सल लालबाग मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर विजय दयाराम के. डीआईजी कमलोचन कश्यप ने भी परेड की सलामी ली। कलेक्टर श्री विजय ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस परेड का नेतृत्व डीएसपी दीपमाला कुर्रे, सेकंड कमांड गुणेश्वरी नुरेटी कर रही है। परेड में 14 टुकडियां शामिल हो रही है जिसमें पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग, नगर सेना, जिला बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है।जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे। रिहर्सल में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल योगेश देवांगन, एसडीएम नंद चौबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

- जिला पंचायत सीईओ ने किया मुख्य अतिथि की भूमिका
- स्वतंत्रता दिवस में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे मुख्य अतिथि

# रोटरी क्लब का निशुल्क आई फ्लू नेत्र जांच एवं दवा वितरण शिविर



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा निशुल्क आई फ्लू नेत्र जांच एवं दवा वितरण का शिविर रविवार को जगदलपुर के संजय बाजार में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 10ः00 से 2ः00 तक किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएमएचओ आर.के. चतुर्वेदी ने किया।

छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ रहे आई फ्लू को देखते हुए रोटरी क्लब ने एक अनोखी पहल की है। छत्तीसगढ़ में कई जिले आई फ्लू की चपेट में है। जगदलपुर में डॉक्टरों की टीम लगाकर शिविर का आयोजन किया गया।बच्चों की आंखों में इंफेक्शन की समस्या पाई गई है जिनके चलते आंखों में जलन, खुजली और लगातार आंख से आंसू बह रहे हैं। रोटरी अध्यक्ष दिनेश कागोत ने कहा की पिछले कुछ माह से आई फ्लू बड़ी तेजी से क्षेत्र मे फैल रहा है। इसे लेकर रोटरी क्लब आफ जगदलपुर द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आज आई फ्लू से संबंधित 120 से अधिक मरीजों की जांच की गई एवं 97 आई फ्लू के मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण क्लब द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आई फ्लू से संबंधित लक्षण के मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में मुख्य रूप से डॉ मनोज थॉमस, हनुमंत राव, अमरदीप सोढ़ी, निखिल दीवान, प्रकाश चावड़ा, सुनील जैन, विवेक जैन, दीपेश राजपुरिया, विवेक सोनी, जे पी एस अहलूवालिया, विजय हेलीवाल, संजय अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, पुष्पी अग्रवाल, कमलेश गोलछा, दीपक कपूर, संग्राम सिंह राणा, राहुल मोदी, संजय बाथवाल सहीत क्लब के मेंबर उपस्थित थे।

# अवैध गांजा तस्करी करते दो नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बोधघाट पुलिस और रेलवे पुलिस के संयुक्त कार्यवाही में अवैध रूप से गांजा का परिवहन करते 5 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। इनके पास से 41 किलो गांजा बरामद किया गया है जिसका बाजार मूल्य चार लाख से अधिक बताई जा रही है। थाना प्रभारी बोधघाट निरीक्षक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में थाना बोधघाट की पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन जगदलपुर में ड्यूटी पर उपस्थित आरपीएफ स्टाफ को मौखिक जानकारी देकर किरन्दुल नाईट एक्सप्रेस से जगदलपुर आये पाँचों लड़के यात्री निकासी द्वार की ओर न आते हुए ग्राम सरगीपाल की ओर जाने लगे जिसपर मुखवीर द्वारा बताये हुए लड़के होने की शंका पर पुलिस टीम एवं आरपीएफ स्टाफ द्वारा उन्हें घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर सभी अपना नाम पता बताते हुए जिला पटना एवं जिला नालन्दा (बिहार) का निवासी होना बताये जिनके संयुक्त कब्जे से 04 अलग अलग काले रंग के पिट्ठू बैग, एक मेहरून व ग्रे कलर का हैण्ड बैग तथा एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोले में कुल 22 आयताकार पैकेट जो भूरे रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ था, जिसे मौके पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 22 पैकेटों में भरा मादक पदार्थ गांजा कुल 41 किलोग्राम जिसका अनुमानित मूल्य 4,40,000/-रूपये तथा आरोपियों एवं अपचारी बालकों से बरामद नगदी रकम 9040/- रूपये तथा उनके पास रखे आधार कार्ड व 4 अलग-अलग कंपनी के एंड्रायड मोबाईल अनुमानित कीमत 26,000/- रूपये जुमला कीमत 4,45,040 /- रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त करते हुए एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार कर आरोपियों एवं अपचारी बालकों से विस्तृत पूछताछ उपरांत न्यायालय जगदलपुर एवं अपचारी बालकों को किशोर न्याय बोर्ड जगदलपुर में पेश किया गया।

## अवैध गांजा परिवहन करते 1 महिला पुलिस गिरफ्त में



**जगदलपुर।** नगरनार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया । इसी दौरान दिनांक 12 अगस्त को मुखबीर से सुचना मिला कि उडीसा प्रांत से जगदलपुर की ओर आ रही गुप्ता ट्रेवल्स यात्री बस क्रमांक ओडी 24 एच 6019 में एक महिला बैठी है, जो अपने आधिपत्य में एक लाल रंग का पिट्ठू बैंग है जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के उद्देश्य से उडीसा प्रांत से जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहे है। सुचना पर ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एन. एच. 63 मेनरोड़ मे नाकाबंदी कर गुप्ता ट्रेवल्स की यात्री बस को रोककर चेक करने पर मुखबीर के बताये हुलिये के एक महिला बैठी मिली नाम पता पूछने पर अपना नाम अनिता यादव पति अजय यादव जाति भतरा उम्र 35 वर्ष निवासी बलपूर्वा बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्रमांक 7 थाना कोतवाली जिला शहडोल म0प्र0 की रहने वाली बताई जिसके अधिपत्य से कुल 5.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (किमती 55,000 / रूपया) को बरामद कर जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना नगरनार में अपराध क्रमांक 146 / 2023 धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# राजयोग द्वारा मन की शांति संभव : भगवान भाई



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राजयोग द्वारा अपने कर्मेन्द्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं जिससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं । राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वंम को बचा सकते हैं। मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचने का राजयोग एक कवच कुंडल हैं। उक्त बातें माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे । वे आज रविवार को स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र वृन्दावन कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई को राजयोग साधना कार्यक्रम में राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर बोल रहे थे ।

भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं । राजयोग के द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं । उन्होनें कहा की राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतप्रोत वा भरपूर कर सकते हैं । राजयोग के द्वारा मन को दिशा निर्देशन मिलती हैं जिससे मन का भटकना समाप्त हो जाता हैं।

**दो दिवसीय राजयोग साधना कार्यक्रम**

राजयोगी भगवान भाई ने अपने अनुभव के आधार से बताया की राजयोग के अभ्यास से विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक चिंतन के द्वारा मन को एकाग्र किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि वर्तमान की तनावपूर्ण परिस्थितियों में मन को एकाग्र और शांत रखने के लिए राजयोग संजीवनी बूटी की तरह काम आता हैं । उन्होनें कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा सहनशीलता, नम्रता, एकाग्रता, शांति, धैर्यता, अंतर्मुखता ऐसे अनेक सद्गुणों का जीवन में विकास कर सकते है । राजयोग द्वारा ही मन की शांति संभव है। उन्होनें बताया की राजयोग के अभ्यास से अतींद्रिय सुख की प्राप्ति होती हैं । जिन्होनें अतींद्रिय सुख की प्राप्ति कर ली उनको इस संसार के वस्तु, वैभव का सुख फीका लगने लगता हैं । स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र की संचालिका बी के मंजुषा बहन ने कहा कि राजयोग के द्वारा हम अपने इंद्रियों पर सयंम रखकर अपने मनोबल को बढा सकते हैं । राजयोग द्वारा आंतरिक शक्तियाँ और सद्गुण को उभार कर जीवन में निखार ला सकते हैं । कांकेर ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र की संचालिका बी के रामा बहन जी नें राजयोग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान की विपरीत परिस्थितियों में राजयोग हमे तनाव मुक्त रखने में बहुत ही मददगार बनेगा। कार्यक्रम के अंत बी के भगवान भाई ने राजयोग का अभ्यास कर सभी को शांति का अनुभव >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करना भाजपा की परंपरा : सुधीर पांडे



**सुकमा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोंटा में पदस्थ डॉक्टर व स्टाफ के साथ भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं ने बदसलूकी की और गाली-गलौच दिया गया ये घोर निंदनीय है। क्योंकि डॉक्टर भगवान का रूप होता है लेकिन भाजपा की ये पुरानी परंपरा है इससे पहले भी कई बार कर्मचारियों के साथ बत्तमीजी कर चुके है। प्रशासन व पुलिस ऐसे लोगो में खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि दुबारा इस तरह बत्तमीजी कोई ना कर सके। उक्त बातें कोन्टा ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडे ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा। ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडे ने कहा कि कोंटा अस्पताल में 13 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता समीर कर्तनया, पी विजय नागमणी, साई रेड्डी, पुल्ली गोलू द्वारा स्टाफ के साथ गाली-गलौच किया गया। साथ ही अधिकारियों को भी काफी कुछ अश्लील शब्द कहे गए साथ ही वार्ड बाय के साथ धक्का-मुक्की की गई, जिसके कारण कोंटा अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर दहशत में है। ऐसा पहली बार नही हुआ है इससे पहले भी कई बार इस तरह अस्पताल में घटना कर चुके है। कोंटा थाने में डॉक्टरों ने लिखित शिकायत दी है। दरअसल ये भाजपा की परंपरा रही है जब सत्ता में थे तब भी इसी तरह कर्मचारियो को डराने-धमकाने का काम करते थे और आज भी कर रहे है। कोंटा में पदस्थ डॉक्टरों के साथ जो घटना हुई उसकी कांग्रेस पार्टी निंदा करती है साथ ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि ऐसे लोगो के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावर्ती ना हो सके।

**कोंटा में डॉक्टरों के साथ हुए अभद्रता की कांग्रेस करती है निंदा, ऐसे लोगों के खिलाफ हो कड़ी करवाई**

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो के लिए तीन विद्यार्थी चयनित



**सुकमा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय ताइचांडो के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पावारास, सुकमा से कक्षा 12 वीं के छात्र ईशान रॉय कक्षा 10 वीं के छात्र निखिल साहू और सुजल रॉय का चयन हुआ है। 04 अगस्त को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता नारायणपुर जिले के विश्वदीप कॉन्वेंट स्कूल में हुई थी, जिसमें बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर की टीम आयु 14 वर्ष, 16 वर्ष, 19 वर्ष में शामिल हुए थे। प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। सेजेस पावारास, सुकाम की प्रिंसिपल टीडी दास ने बताया कि बच्चे स्कूल गेम के अलावा ओपन टूर्नामेंट की भी तैयारी कर रहे हैं।

# एनसीसी छात्रों ने वोकल फार लोकल पर रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 जगदलपुर की एनसीसी छात्राओं ने वोकल अबाउट लोकल के विषय पर रैली निकालते हुए आसपास के लोगों को स्वदेशी सामान प्रयोग में लाने हेतु रैली निकलकर जागृत किया साथ ही किस प्रकार हम हम अपने भारत की बनाई हुई वस्तुओं को उपयोग में लाकर भारत का पैसा बाहर जाने से रोक कर भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में शाला निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता भी रखी गई। यह कार्यक्रम 10 सीजी स्वतंत्र कंपनी एनसीसी जगदलपुर के ग्रुप कमांडर कर्नल डी वी भास्कर के निर्देश अनुसार और शाला के प्राचार्य सुधा परमार के परामर्श में संपन्न हुआ। इसमें एनसीसी ऑफिसर जैमवती ठाकुर और पी आई स्टाफ उपस्थित थे।

# प्रदेश की जनता त्रस्त, कांग्रेस सरकार की विदाई तय : किरण देव

## भाजपा नगरनार मण्डल ने बम्हनी में आयोजित किया लाभार्थी सम्मेलन



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल के द्वारा शनिवार को शक्तिकेन्द्र मारकेल के अंतर्गत वाले बूथों के लाभार्थियों का सम्मेलन ग्राम बम्हनी में किया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त किये लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुये पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण देव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियां, वादाखिलाफी व किये जा रहे भ्रष्टाचार को देखते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी तय है। प्रदेश की त्रस्त जनता ने इस सरकार की विदाई करने का पूरी तरह मन बना लिया है। कार्यकर्ता यह संकल्प लेकर जायें कि कांग्रेस की झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें। आज प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी वर्ग के लोगों को झूठे सपने दिखाकर उन्हें ठगने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ की जनता डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षो की भाजपा शासन को याद कर रही है, जब डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में चारों ओर चहुमुंखी विकास हो रहा था, आज प्रदेश का विकास थम सा गया है। इस जनविरोधी सरकार को सभी कार्यकर्ताओं की ताकत से बदलना है। नगरनार मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार एवं उनके जनप्रतिनिधियों ने हमेशा से देश व प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है। इनका इतिहास रहा है कि इन्होंने कभी भी जनता से किये वादे को पूरा नहीं किया है। झूठ बोल कर लोगों की भावनाओं से खेलना और राज करना इनका दस्तूर रहा है। सभी कार्यकर्ता आने वाले विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने एकजुट होकर कार्य करें। मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ की आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस सरकार ने जनता के विश्वास के साथ धोखा देने का कार्य किया, वहीं केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के द्वारा सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ो लोगों को बिना भेदभाव के आसानी से प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को घर घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रमुख रूप से शक्ति केन्द्र प्रभारी व मंडल उपाध्यक्ष रघुराम सेठिया, महामंत्री राधेश्याम पन्द्रे, धनुर्जय देवांगन, कल्याण सिंह ठाकुर, अर्कित दास, महेंद्र सेठिया, जुगल सेठिया, जितेन्द्र बाकड़ा, नंदो बघेल, फूलसिंह नायर, भैरसिंह बघेल, जगबंधु, बंटू ठाकुर, श्याम सुंदर, धनीराम बघेल, शोभाराम, जयराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जनता से झूठे वायदे करना कांग्रेस का इतिहास : रामाश्रय सिंह**

# मतदाताओं में जागरुकता लाने स्वीप क्रिकेट लीग का आयोजन




**बागबाहरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान 2023 के अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत बागबाहरा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में मिनी स्टेडियम बागबाहरा में युवा छात्रों को मतदान के प्रति जागृत कर उनका मतदाता सूची में नाम पंजीयन हेतु स्वीप क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इस कड़ी में 10 छात्रों का चयन नवीन मतदाता के रूप में आयोजन स्थल पर किया गया। जिन्हें 1/10/2023 की आहर्ता तिथि में 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है। साथ ही राहुल वर्मा द्वारा आयोजन स्थल पर फॉर्म 6 भरकर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को मतदाता सूची में नाम पंजीयन हेतु फार्म 6 प्रदाय किया गया। इस क्रिकेट लीग में तहसीलदार बागबाहरा लीलाधर कँवर, जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी फ़क़ीर चरण पटेल, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नितिन लहरे ने भी अपनी टीमों के साथ खेला। तथा छात्रों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में इ व्ही एम इलेवन, वोटर्स इलेवन, मतदाता एलेवन, स्वीप इलेवन, नगर स्वीप इलेवन, व्ही व्ही पैट इलेवन के रूप में बागबाहरा की छह टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग की इ व्ही एम टीम ने स्वीप कप पर कब्ज़ा जमाया। तथा शिक्षा विभाग की व्ही व्ही पैट टीम रनर अप रही। दोनों टीमों को अतिरिक्त तहसीलदर बी एस साव द्वारा स्वीप कप प्रदान किया गया। वहीं छह टीमों के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोजन स्थल पर नए छात्र राहुल वर्मा एवं अन्य नौ छात्रों को स्वीप कैप पहनाकर एवं मतदाता बैच लगाकर सम्मानित किया गया। वही प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाडियों एवं उपस्थित मतदाताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गयी। तथा मतदाता जागरूकता नारों के साथ स्वीप क्रिकेट लीग का समापन हुआ। आयोजन में स्वीप नोडल राजेश कौशिक, गजानंद बूड़ेक उपस्थित थे।

# शक्तिपीठ में मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ के नए भवन का निर्माण पूरा होने की कगार पर है। आंतरिक साज सज्जा किया जाना है। इसके अलावा गर्भगृह का निर्माण भी आ ?खिरी दौर में है। आने वाले कुछ महीनों बाद इसमें मां गायत्री की प्रतिमा को विराजित किया जाना है। इसके लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इन बातों के अलावा अन्य विषयों को लेकर रविवार को श ?क्तिपीठ में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था। जिला संयुक्त समन्वय समिति की गोष्ठी में प्रांत समन्वय लेखराम साहू ने चल रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। प्राणप्रतिष्ठा के दौरान 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कराने यज्ञ आयोजन समिति गठन किया गया। इसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाकर के वातावरण बनाने की रुपरेखा तय की गई। इसी कड़ी में 20 अगस्त को सुकमा जिला में चार जिलों की बैठक होगी। इस मौके पर मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव, नित्यानंद यादव, जीपी शर्मा, आनंदराम साहू, गीताशर्मा, सुप्रिया श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, शंभु नाथ, विजय सिंह, निलेश ठाकुर, सुभद्रा सिंह, चमेली, पुनाराम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### चंदन यादव से सरायपाली के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भेंट की



**सरायपाली,** 13 अगस्त (देशबंधु)। राजीव कांग्रेस भवन रायपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छ. ग. के सह प्रभारी डॉ चंदन यादव से नरेंद्र कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार यादव (राजू) (जिला महामंत्री कांग्रेस पि वर्ग प्रकोष्ठ) दीपक माखीजा, गालिब हुसैन (पूर्व पार्षद) दिनेश कुमार यादव ( महामंत्री शहर कांग्रेस), तुषार यादव, मयंक यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पाल समाज के युवाओं ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**आरंग,** 13 अगस्त। नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर को देशभर में जाना है।13 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि पर आरंग में पाल समाज के युवाओं ने समाज के बुजुर्गों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही।आपको बता से की आरंग में पाल समाज के युवाओं द्वारा यह पहला आयोजन है।इस आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगो ने भाग लिया।

# कलेक्टर व एसपी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले तैयारियों का लिया जायजा

## मिनी स्टेडियम में किया गया रिहर्सल



**सुकमा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिनी स्टेडियम में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर रिहर्सल का आयोजन आज सुबह किया गया। इस मौके पर कलेक्टर हरिस. एस एवं एसपी किरण चव्हाण उपस्थित थे। कलेक्टर ने पूरे परिसर में तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर दुलीचंद बंजारे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# 10 हजार से अधिक किसानों के खाते में 6 से 20 हजार आया : स्मिता चंद्राकर

**बागबाहरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक के पलायनगत ईट भट्ठा से वापस आए छोटे किसान, त्रुटी सुधार उपरान्त वंचित किसानों को राशि मिलने की जानकारी पर त्रुटि सुधार कराने बड़ी संख्या में जनपद कार्यालय शिविर में पहुंचे।



जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की14वी किस्त की राशि देश के किसानों के खाता में हस्तांतरण किए। बागबाहरा ब्लॉक के 30 हजार से अधिक किसान विभिन्न प्रकार के त्रुटि के चलते तीन या चार किस्त के बाद राशि मिलना बंद हो गया था बड़ी तादाद में वंचित किसानों के लिए जनपद कार्यालय में प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को शिविर आयोजित कर कृषि विभाग एवं जनपद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा त्रुटि सुधार कार्य लगातार जारी है।जिसके कारण त्रुटि सुधार 15 हजार किसानों में से लगभग 13 हजार से अधिक किसानों के खाता में बाकी किस्तो की राशि 6 हजार से लेकर 20 हजार तक मिलना प्रारंभ हो गया। शुक्रावर को शिविर ऐसे किसान बड़ी संख्या में आए जो सुखा एवं अकाल के चलते प्रत्येक वर्ष यूपी एवं देश के विभिन्न राज्यों के ईट भट्ठा में काम करने चले जाते हैं जो बारिश लगने पर वापस कृषि कार्य के लिए आते हैं ऐसे किसानों की संख्या लगभग 10 हजार है जिन्हें किसान सम्मन निधि की किस्त की राशि विभिन्न प्रकार के त्रुटि के कारण नहीं मिल रहा है ऐसे ही छोटे एवं गरीब किसानों को कृषि कार्य के लिए 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष तीन किस्त में देने सहायतार्थ योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है जिनके त्रुटि सुधार कर राशि दिलाने कृषि विभाग के माध्यम से गांव में बुनियादी करा कर शिविर में आने प्रेरित किया जा रहा है ताकि इन गरीबों को कृषि कार्य के लिए सहायतार्थ योजना की का लाभ मिल सके।

# जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश चयन परीक्षा तिथि 17 तक

**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य संजय सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार से जारी अधिसूचना अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं (सत्र 2024-25) में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी है। ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त को 17 अगस्त 2023 तक बढ़ा दी गई है। अब तक विकास खंड केशकाल से 789, बड़ेराजपुर से 659, माकड़ी से 855, फरसगांव से 810 एवं कोण्डागांव से 123 कुल 4348 बच्चों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने जिले के सभी बीईओ बीआरसी संकुल प्राचार्यों संकुल समन्वयकों और प्रधान पाठकों को 5 वीं में अध्ययनरत सभी बच्चों का पंजीयन जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया है। डीईओ ने कहा है कि पिछले साल जिन छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है वे दोबारा आवेदन न करें ऐसे छात्रों का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। साथ ही दूसरे जिले के रहने वाले छात्र भी आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। वे ही छात्र प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं जो जिले के निवासी होने के साथ ही जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं। पात्र उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट पर जाकर नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

## निधन

### सरदार जीएस बेदी

**रायपुर,** 13 अगस्त। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन स्काई अपार्टमेंट्स के निवासी सरदार जीएस बेदी का आकस्मिक निधन 13 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 14 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई जाएगी। वे सुखप्रीत सिंह बेदी (मिक्की) के पिता थे।



# बिजली चोरी कर पंप चलाते हुए जेई ने पकड़ा

**सिमगा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत सिमगा में प्रस्तावित फिल्टर प्लांट के लिए किए जा रहे नाली निर्माण व खोदे गए गड्ढों से पानी निकालने ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बिजली चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदार की मनमानी एवं लापरवाही तथा जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं हरिभूमि लगातार मामले को प्रमुखता के साथ उठाते आ रहा है जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेने की बात कही थी।



नगर पंचायत सिमगा में शिवनाथ नदी के किनारे लगभग दस करोड़ रू की लागत से बनने वाले फिल्टर प्लांट के लिए आरपीजी इंफ्राकन्ट्रक्शन कम्पनी जगदलपुर को ठेका दिया गया है। उक्त योजना के अंतर्गत नगर के सभी छोटे बडी नालियों को जोड़ा जाना है। जिससे शहर का गंदा पानी इकट्ठा होकर फिल्टर प्लांट में पहुंचेगा। जहां से गंदा पानी को फिल्टर करने के बाद साफ हुए पानी को शिवनाथ नदी में बहा दिया जाएगा। साथ ही साथ सारे कचरो को बाहर निकाल कर उसे रीसाइकलिंग भी किया जाएगा।इसके लिए ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ तो कर दिया है लेकिन उसने तानाशाही रवैया अपनाते हुए एवं मनमानी पूर्वक कार्य कर यत्र यत्र बड़े बड़े गड्ढे खोद कर खुले छोड़ दिए हैं जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत से बने ले आऊट का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

- मोटर पंप सहित अन्य सामान जप्त
- जेई ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही

नाली निर्माण के लिए ठेकेदार ने एन एच विभाग से बिना अनुमति लिए ही नेशनल हाईवे की सड़क को खोद दिया। यही नहीं गड्ढों के पास संकेत बोर्ड नहीं लगाने के कारण अनेकों दोपहिया चारपहिया वाहन दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। उक्त मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। ठेकेदार की मनमानियों पर जन-प्रतिनिधियों के मौन रहने से नागरिक आक्रोशित है। जो कमीशनखोरी की ओर इशारा कर रहे हैं। क्योंकि बिना किसी के प्रश्रय के ठेकेदार इस तरह से कार्य नहीं कर सकता। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बिना किसी डर भय के बिजली विभाग से अनुमति न लेकर खोदे गए गड्ढों में पंप बिठा कर खुलेआम बिजली की चोरी कर रहे हैं। इसका साक्षात उदाहरण कल बेमेतरा तिराहा स्थित भाटिया पेट्रोल पंप के पास में देखने को मिला जहां बिजली के खंभों में हुकिंग कर पानी निकालते हुए बिजली विभाग के जेई सौरभ देवांगन ने रंगे हाथों पकड़ा तथा मोटर पंप एवं अन्य सामानों को जप्त किया।

सौरभ देवांगन जेई सिमगा का कहना है कि ठेकेदार के विरुद्ध बिजली विभाग के अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्यवाही की जाएगी। तथा थाने में एफआईआर भी करवाने की बात कही है।

# क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात के दौरान विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सरायपाली,** 13 अगस्त (देशबंधु)। विधायक किस्मतलाल नंद इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों सघन दौरा कर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। एक ओर वे अपने कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर किसानों एवं ग्रामीणों से में भेंट मुलाकात कर समस्याओं से रुबरु होकर उनके निराकरण का सतत प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक किस्मतलाल नंद ने क्षेत्र के अंतिम छोर वनांचल में बसे ग्राम रंगमटिया, चनाट, दलदली, गढ़गांव बिलखण्ड पहुचकर किसानों का हाल-चाल जानकर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जिसे संज्ञान में लेते हुए मौके पर विभागीय अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया द्य इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गयाद्य साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं संगठन की मजबूती की बात कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी समय के लिए कुछ लक्ष्य दिए गए एवं शीघ्र ही पुन: एक बैठक आयोजित करने की रूप रेखा तय की। इस अवसर पर भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, पद्मलोचन पटेल, कन्हैया पटेल, विद्या सिदार, शिवनारायण पटेल, देवनारायण पटेल, त्रिलोचन पटेल, प्रदीप कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिक समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।



# स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व जिला मुख्यालय में सद्भावना दौड़ का होगा आयोजन

**सुकमा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। सद्भावना दौड़ सुबह 08 बजे जगदलपुर-दंतेवाड़ा चौक से प्रारंभ कर, घड़ी चौक होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समाप्त किया जाएगा। इस दौड़ में जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक तथा आमजन शामिल होंगे। साथ ही इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''मेरी माटी मेरा देश'' का शपथ भी लिया जाएगा। खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों, स्काउट गाइड के सदस्यों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं सहिष्णुता व देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राजयोग द्वारा मन की...

कराया। इस कार्यक्रम मेंआरापुर, धर्मापुर , सेमरा ,चित्रकोट ,नेगावत, वडाजी, भेटापाल, उसरिबेडा, जगदलपुर आदि काफी भाइयो ने इस राजयोग साधना का लाभ लिया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन से किया गया जिसमे अतिथियों के साथ सभी ब्रह्माकुमारी पाठशाला के निमित भाई रणसिंग ,रमझम , गोपाल , धनराज,देवी भाई, सोनू भाई राजयोग शिक्षिका बी के सपना ,बी के चंद्रमणि आदि ने भाग लिया। प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# इधर चले के आयोजन ने छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन

## दिखाए सफलता के मार्ग शैक्षणिक दिशा दर्शन में 400 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

**तिल्दा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर के तत्वाधान में सांस्कृतिक भवन तिल्दा में शैक्षणिक दिशा दर्शन केरियर गाइडेंस कार्यकम इधर चले आयोजित किया गया जिसमें 400 छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में कक्षा बारहवीं के पास आउट एवं अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेकानंद आश्रम रायपुर संपादक विवेक ज्योति श्रद्धेय प्रपत्यांनंद रमेश महराज थे अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने की। मुख्य अतिथि ने बच्चों से जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदाचार के साथ चरित्र निर्माण पर केंद्रित व्यक्तित्व पर बल दिया इन सद्गुणों से मानव जीवन प्रगति का मार्ग प्रसस्त करता है। अध्यक्षता कर रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि बिना लक्ष्य निर्धारण किए हम कामयाब नही हो सकते लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूर दृष्टि पक्का इरादा का संकल्प होना चाहिए शैक्षणिक दिशा दर्शन के एक्सपर्ट टीम के प्रोफेसर रविन्द्र ब्रम्हे रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर ने बच्चो से कहा सबसे पहले अपना मूल्याकन कर स्वयं को पहचाने अपनी छमता और योग्यता के अनुसार जीवन की दिशा तय करे उन्होंने बच्चो का साइकोमेट्रिक टेस्ट लिया निर्धारित प्रश्नावली से बच्चो को मार्ग दर्शन दिया एक्सपर्ट टीम में सेवानिवृत प्राचार्य डॉ यू एस तिवारी ने बच्चो से कहा की उद्देश्य प्राप्ति की दिशा में आने वाली कठिनाइयों को साहस पूर्वक मुकाबला करना चाहिए विषम परिस्थितिया मनुष्य को ताकतवर बनाती है वह अपने आत्मबल से आगे बढ़ता है।केरियर गाइडेंस के विशेषज्ञ मुबारक हुसैन ने दिशा निर्देश देते हुए बताया की अपना हर कार्य समय नियोजन के साथ करना सीखे जिससे आप निर्धारित समय में अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखे दूसरो से तुलना न करे ।अपने लक्ष्य को सरोपरी रख कर पूरी निष्ठा व लगन से परिश्रम करना सीखे छात्र छात्राओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में बी एन बी स्कूल नेवरा, स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा नेवरा ,खपरीकला , हटबंद,शिकारी केसली, भटभेरा , सुहैला नवापारा सहित 18 विद्यालयों के बच्चो ने लाभ उठाया कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के फलेद्र केवर्तय, मैडम अखिलेश्वरी शुक्ला, प्राचार्य रमेश कोसरे व्याख्याता, जेके जेहोआश ,श्रीमती हेमा साहू ,नाजिम कुरेशी, श्रद्धा गिडलानी, जेएल, मात्रे का योगदान रहा उपस्थित छात्रों में हथबंध के मेधावी छात्र आयुष साह, कुमारी ज्योति वर्मा, ने अपने जीवन का लक्ष्य बताते हुए सहपाठियों से कहा कि आप सब भी पहले जीवन का उद्देश्य समझे और अपने सीमित संसाधनों से ही लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें सेवा सुगंधम समिति के संस्थापक टीकेंद्र उपाध्याय ने आमंत्रित अतिथियों एक्सपर्ट टीम के सदस्यों का शाल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन स्कूलों के प्राचार्य शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।



# तिरंगा वाहन को झंडा दिखाकर संडी के कार्यकर्ताओं ने किया रवाना



**पलारी,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के संयोजकत्व में भाजपा मंडल संडी के सभी 88 बूथों में सुशासन के लिये, देश प्रेम की भावना को जागृत करने हेतु प्रचार के लिये तिरंगा वाहन को तिरंगा यात्रा के लिये कार्यकर्ताओं ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू,मिथलेश वर्मा,राजू बंजारे, कृतराम वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष लीलाधर साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी राजेश बल्लू वर्मा नाथूराम वर्मा, सुधेराम वर्मा, मुकेश साहू, विक्की वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पेंशनर्स समाज भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम 15 को

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैशाखूराम के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 9 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों सहित सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# धान खरीदी के लिए अस्सी फीसदी राशि देती है केन्द्र सरकार : लता उसेंडी

**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रेस्ट हाउस में रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा इस वर्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश से 86.5 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने का लिया गया निर्णय ऐतिहासिक है। केंद्र सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए 80 फीसदी राशि दी जा रही है, इसमें 20 प्रतिशत राशि देकर प्रदेश सरकार धान खरीदी का श्रेय ले रही है और झूठ बोलकर किसानों को गुमराह कर रही है। केंद्र सरकार किसानों से प्रति एकड़ 20 चिंटल धान खरीदने पर सहमत हो गई है, इसमें प्रदेश सरकार का कोई रोल नहीं है। प्रदेश में कुल 40.78 लाख किसान हैं, लेकिन प्रधान मंत्री सम्मान निधि की राशि मात्र 22 लाख किसानों को मिल पा रहा है। प्रदेश के 18 लाख से अधिक किसानों को यह राशि नहीं मिलने के लिए प्रदेश सरकार दोषी है। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल बार-बार यह झूठ बोलते हैं कि किसानों का पूरा धान प्रदेश सरकार खरीदती है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने अब तक धान खरीदी के लिए प्रदेश सरकार को 74 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया है, जिसकी बदौलत प्रदेश के किसानों का धान खरीदा जा सका है। सुश्री उसेंडी ने पूछा कि प्रदेश सरकार यह बताए कि उसने प्रदेश के किसानों को स्वयं के मद से कितनी राषि दिया है ? प्रदेश के लबरा मुख्य मंत्री केंद्र सरकार पर केवल झूठे आरोप लगाने का काम करते हैं। यदि केंद्र सरकार चावल नहीं खरीदती, तो क्या प्रदेश सरकार में इतना दम है कि वह किसानों की उपज का पूरा धान खरीद सके ? हकीकत तो यह है कि प्रदेश की कुल उपज का 82 फीसदी धान चावल के रूप में केंद्र सरकार ही खरीदती है। प्रधान मंत्री ने स्वयं यह बात रायपुर की जनसभा में कही थी। दु:खद तो यह है कि प्रधान मंत्री के कथन को मुख्य मंत्री ने तब झूठा करार दिया था ? जो सरकार अंतर की राषि का भुगतान समय पर एकमुश्त नहीं कर सकती, वह किस आधार पर पूरा धान खरीदने का दावा कर रही है ?



भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इस वर्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश से 86.5 लाख मीट्रिक टन चावल यानि 1.30 करोड़ मीट्रिक टन धान की बंपर खरीदी करने का निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ के किसानों को सौगात दी है। प्रधान मंत्री ने छ.ग. के किसानों की पूरी उपज की खरीदी की व्यवस्था कर दी है, इसके लिए छ.ग. के किसान केंद्र सरकार का अभिनंदन करते हैं। भाजपा इसकी जानकारी छ.ग. के प्रत्येक किसानों तक पहुंचाएगी और प्रयास करेगी कि प्रदेश का हर किसान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड लिखकर धन्यवाद ज्ञापित करे।

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजोरी नेताम ने कहा कि कांग्रेस ने प्रति चिंटल धान की कीमत 2500 रुपये देने का वादा तब किया था, जब समर्थन मूल्य 1750 रुपए प्रति चिंटल था। तब कांग्रेस की सरकार को किसानों को प्रति चिंटल धान की खरीदी पर 750 रुपये का बोनस देना था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने चालबाजी करते हुए उन्हें अंतर की यह राशि नहीं दी। अब धान का समर्थन मूल्य प्रति चिंटल 2184 रुपये है। इसमें 750 रुपए जोड़कर इस सरकार को प्रति चिंटल धान की खरीदी पर किसानों को लगभग लगभग 3000 रुपये देना चाहिए। यह भी स्पष्ट है कि इस दौरान हर साल केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया लेकिन कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी गई राहत का लाभ नहीं दिया। यह किसानों के साथ सरासर धोखेबाजी है। प्रेस वार्ता के दौरान गोपाल दीक्षित, जसकेतु उसेंडी, जैनेंद्र ठाकुर, कुलवंत चहल, विकी रवानी, संतोष पात्र, बंटी नाग, दिलावर कापड़िया, नानू सेन, सुभाष पाठक, महेंद्र पारख, दिलीप दीवान मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया स्वतंत्रता परेड की रिहर्सल का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया।

- हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा मुख्य समारोह
- संसदीय सचिव रेखचंद जैन करेंगे ध्वजारोहण

मुख्य समारोह हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा। यहां संसदीय सचिव रेखचंद जैन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। बच्चे पिछले कई दिनों से इसकी तैयारी कर रहे हैं। कलेक्टर श्री नंदनवार ने लगभग महीने भर पहले ही कलेक्टोरेट में स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारी बैठक ली थी, जिसमें अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कलेक्टर श्री नंदनवार की उपस्थिति में आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप से तय किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एडिशनल एसपी रामकुमार बर्मन, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं सभी शैक्षणिक संस्थाओं के प्रभारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया अंतिम अभ्यास



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आज अंतिम अभ्यास सम्पूर्ण परिधान के साथ किया गया। विकास नगर स्टेडियम में आज आयोजित अंतिम अभ्यास में कलेक्टर दीपक सोनी ने ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां 10 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।

# एसडीएम व एसडीओपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**चारामा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। चारामा अनुविभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी राकेश कुमार गोलछा और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मोहसिन खान ने चारामा अनुविभाग अन्तर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। ग्राम रतेसरा, सराधू नवागांव, किलेपार, हल्बा, हाराडुला सहित लगभग पंद्रह मतदान केंद्रों और उनके रूट का निरीक्षण एसडीएम और एसडीओपी के द्वारा किया गया। मतदान केंद्रों में जो स्थिति और कमियां हैं उनको शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम और एसडीओपी स्कूली छात्रों से भी मुलाकात की। इस दौरान स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल जेपरा के बच्चों को जहां एसडीएम राकेश कुमार गोलछा के द्वारा कैरियर के क्षेत्र में जानकारी दी गई, वहीं एसडीओपी मोहसिन खान ने पढ़ाई के साथ खेलकूद के क्षेत्र में ध्यान लगाने और आगे बढ़ने को लेकर छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही एसडीओपी के द्वारा छात्रों को साईबर क्राइम और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाली परेशानियों के बारे में सतर्क किया गया और अपनी पढ़ाई और खेलकूद पर ध्यान लगाने का मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु डिप्टी कलक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा, सेक्टर अधिकारी श्री मोहन नेताम और श्री विनोद दीवान उपस्थित रहे।



# पेंड्रावन में जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण सह कार्यशाला



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्राथमिक स्तर के बच्चों की बुनियादी शिक्षा अंतर्गत भाषा और गणितीय कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संकुल पेंड्रावन, विकास खंड बड़ेराजपुर, जिला कोंडागांव में 03 अगस्त से 10 अगस्त तक जोन स्तर पर दो चरणों में निपुण भारत अंतर्गत एफएलएन प्रशिक्षण व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रशिक्षण प्राथमिक शालाओं के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें संकुल पेंड्रावन, कोसमी और होनावंडी के शिक्षक सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में शिक्षक प्रशिक्षक के रूप में रूपेंद्र कुमार कौशिक संकुल समन्वयक, जगदीश कुमार साहू सहायक शिक्षक ने एफएलएन के समस्त बारह मॉड्यूल व नवाजतन के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यशाला में बिंदेश कुमार माला संकुल समन्वयक कोसमी, रूपेंद्र कुमार कौशिक, जीवनलाल मरकाम संकुल समन्वयक ने सीखने को कैसे सीखें, सीखने के उपकरण, सीखने की प्रक्रिया, सीखने के शिक्षण शास्त्रीय रणनीति व थ्स्छ के मूल सिद्धांतों, लक्ष्यों की जानकारी प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किए। उपरोक्त समस्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र कुमार ठाकुर ने दिया।

# पुलिस के लिए काम करने का आरोप लगाकर, नक्सलियों ने किया ग्रामीण की हत्या



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के तहसील मर्दापाल अंतर्गत संवेदनषील क्षेत्र में बसे ग्राम रेंगागोंदी गौरपारा में निवासरत ग्रामीण धर्मदास बघेल की 12 एवं 13 अगस्त की दरम्यानी रात में नक्सलियों के द्वारा कर दी गई। नक्सलियों के द्वारा हत्या करने के बाद षव के बनियान से पिन लगाकर छोडे गए पर्चे में नक्सलियों ने ग्रामीण धर्मदास बघेल को मौत की सजा देने के कारण का लेख करते हुए पुलिस के लिए काम करने का आरोप लगाने के साथ ही ग्रामीण धर्मदास बघेल की मौत के लिए बयानार थाना प्रभारी को भी जिम्मेदार ठहराया है।

# भूपेश सरकार, भरोसे की सरकार बढ़ती अर्थव्यस्था से हो रहे सपने साकार : अभिलाषा पोयाम

**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिलाषा पोयाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा भूपेश सरकार भरोसे की सरकार है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि एवं उद्योग (ऊर्जा एवं इस्पात) पर आधारित है। विगत वर्षों में छत्तीसगढ़ का आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदला है छत्तीसगढ़ भारत के खनिज समृद्ध राज्यों में से एक है यहाँ पर चूना- पत्थर, लौह अयस्क, तांबा, फॉस्फेट, मैंगनीज, बॉक्साइट, कोयला, अभ्रक व टिन के भंडार हैं और वहीं किसानों की आय पर बात करें तो जिस तेजी से किसानों की आय में वृद्धि हुई है। मानों प्रदेश का कायाकल्प हो रहा है, किसानों में जो उत्साह है, वह कांग्रेस की भूपेश सरकार की दुरगामी दृष्टि है, पिछली सरकार ने यहां के खनिज संपदाओं के साथ जिस प्रकार लूट खसोट किया था, उसे कांग्रेस की भूपेश सरकार ने बहाल किया है और हर हांथ शक्ति तरक्की पहुंचाने में सफल रहा है। यह वह दौर है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहते हैं, ताकि सरकार की अचूक योगदान में सहयोग हो। यह उत्साह प्रदेश के तमाम वर्गों को सशक्त बनाने में कामयाब हो रहा है, भूपेश सरकार के द्वारा नौजवानों से लेकर महिलाओं की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है और आने वाले वर्षों में यह और भी किफायती होगा। इसलिए आपका एक एक वोट कीमती है। सुशासन सरकार स्थापित करने के लिए अगामी विधान सभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लीजिए और अब की बार 75 से पार करने में योगदान देकर कांग्रेस की भूपेश सरकार पुन: स्थापित करने में सहयोग दें।



# कलेक्टर ने आईटीआई व पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में संचालित औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान और पॉलिटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। गुरूवार को अपने कार्यालय कक्ष में उन्होंने संस्थानों के प्राचार्यों से बैठक आयोजित की। उन्होंने इस दौरान संस्थानों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली और इसके त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देशित किया।

# अभा सतनामी समाज कुसमा ने मनाया मिनीमाता की पुण्यतिथि



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला के ग्राम कुसमा में अखिल भारतीय सतनामी समाज ग्राम कुसमा के तत्वाधान में 11 अगस्त को मध्य प्रदेश की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता जी की 51 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में ममतामयी मिनी माता जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ग्राम कुसमा में 51 वीं पुण्यतिथि मनाए जाने के दौरान ममतामयी मिनीमाता जी के सद्कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते बताया गया कि सतनामी समाज से पहली बार सांसद बनने एवं पांच बार सांसद रहने का गौरव ममतामयी मिनीमाता को प्राप्त है। महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका एवं उनके अधिकारों को दिलाने वाली थीं ममतामयी मिनीमाता। करुणा की सागर ममतामयी मिनीमाता जी का निधन दिल्ली प्रवास के दौरान हवाई जहाज की दुर्घटना में हुआ। उनकी याद में सतनामी समाज के द्वारा सभी जगह पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित कर ममतामयी मिनीमाता जी को श्रद्धा पूर्ण नमन किया जाता है। इसी क्रम में ग्राम कुसमा में भी पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें बाबा साहेब संस्था के पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे एवं सतनामी समाज के अध्यक्ष भुवनलाल मारकंडे, पुरुषोत्तम डहरिया अशोक, रविंद्र डहरिया, कैलाश बांधे, लखमूराम टंडन संरक्षक सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने दूरस्थ अंचलों में बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए कार्यों की समीक्षा



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने दूरस्थ अंचलों में बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में कोण्डागांव में एनआईसी कक्ष में पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान शासन की योजनाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने में पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने बेहतर मोबाईल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल टावरों की स्थापना हेतु सभी चिन्हांकित स्थानों के लिए भूमि आबंटन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही मोबाईल टावरों की स्थापना भी की जा रही है, जिससे ग्रामीण अपने परिजनों के साथ सतत सम्पर्क में रहने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त कर सकें।

# 80 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शहर में निकाली बाइक रैली



**जगदलपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी का अमृत महोत्सव च्च्हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सदन कुमार ( द्वितीय कमान अधिकारी) के नेतृत्व में रविवार को 80 वीं वाहिनी केरिपुबल, जगदलपुर के प्रांगण से बाईक रैली निकाली गई जिसमें 80 वीं वाहिनी केरिपुबल के साथ स्थानीय पुलिस एवं यातायात पुलिस भी भाग लिया। बाईक रैली शहर के गुरुगोविन्द सिंह चौक, संजय मार्केट, धर्मपुरा चौक, दलपतसागर, दन्तेश्वरी मंदिर, कुमारपारा, चाँदनी चौक, लालबाग होते हुए सीआरपीएफ के 80 बटालियन परिसर पहुंची। इस दैरान 80 वीं वाहिनी के अधिकारी मकसूद आलम, उप कम0, डा0 वेंकट विकाश, चिकित्सा अधिकारी ,हेमराज ब्यास सहायक कमाण्डेन्ट एवं जवानों के साथ साथ स्थनिय पुलिस के अधिकारी संतोष जैन डी.एस.पी., निरीक्षक दिलबाग सिंह बोधघाट थाना एवं निरीक्षक अमित शुक्ला सिटी कोतवाली जगदलपुर ने च्च्हर घर तिरंगा च्च अभियान बढ़ चढ़कर भाग लिये ताकि च्च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के तहत यह संदेश दिया गया कि आमजनों के दिलों में उत्साह एवं देशभक्ति की भावना पैदा हो सके यही च्च्हर घर तिरंगा च्च अभियान का मुख्य उद्देश्य हैं ।

# जनसंपर्क विभाग ने विभिन्न योजनाओं के प्रदर्शन के लिए लगाई फोटो प्रदर्शनी

## कला जत्थों ने नृत्य व नाटकों के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी



**कोण्डागांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनसम्पर्क विभाग द्वारा बंधातालाब के सामने फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 09 से 11 अगस्त तक किया गया। इस प्रदर्शनी में राज्य शासन की योजनाओं की फोटो छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ ही विभिन्न पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। इस प्रदर्शनी में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों को वीडियो के माध्यम से भी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस प्रदर्शनी के साथ कला जत्था दल द्वारा रंगारंग नृत्यों एवं नाटकों का प्रदर्शन सायं काल में किया जा रहा है जिसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। बंधा तालाब में घूमने आने वाले लोग लगातार कार्यक्रम देखने पहुंच रहे हैं। मनोरंजन के साथ शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए जनसम्पर्क विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी कर रहे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

शाम को पति के घर आते ही पत्नी ने किच-किच शुरू कर दी।
**परेशान पति** - अरे यार दिनभर का थका-हारा आया हूं, पहले फ्रेश तो होने दो।
**पत्नी** - मैं भी तो दिनभर अकेली थी, तो मैं भी फ्रेश ही हो रही हूं...!!!

संपादकीय

## यहां संभावनाओं के साथ चुनौतियां भी

*अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए दलबदल कोई नई बात नहीं है, लेकिन समय जब चुनावों का हो तो इस दलबदल का भावी चुनाव परिणामों पर क्या असर पड़ेगा, इसके कयास भी लगने लगते हैं। छत्तीसगढ़ में दलबदल का सिलसिला चल पड़ा है। आए दिने खबरें आ रही है कि फलां जगह लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए तो फलां जगह भाजपा छोड़कर कांग्रेस में या अन्य पार्टी में शामिल हो गए। ऐसे वक्त में किसी विधायक का किसी दल में शामिल होना अलग महत्व रखता है। लोरमी विधानसभा सीट से विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए। कुछ माह से उनके कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। वे तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। वर्ष 218 में अजीत जोगी के कांग्रेस से अलग होकर नई पार्टी बनाने के बाद वे कांग्रेस छोड़कर जोगी कांग्रेस में आ गए थे। जोगी कांग्रेस की ही टिकट पर उन्होंने चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। अजीत जोगी के निधन के बाद पार्टी को एकजुट रखने और उसे आगे बढ़ाने का काम थम सा गया। स्व.श्री जोगी की जगह उनके बेटे अमित जोगी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उनकी पत्नी डा.रेणु जोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी को संभालना शुरू किया। इस बीच धर्मजीत सिंह से उनके रिश्ते बिगड़ते गए। बात यहां तक आई कि धर्मजीत सिंह पार्टी विधायकों को एक साथ पार्टी छोड़ने के लिए लामबंदी कर रहे हैं। इन्हीं आरोपों के बीच धर्मजीत को जोगी कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया। तभी से अटकलें लगाई जा रही थी कि धर्मजीत सिंह कांग्रेस से अपने पुराने रिश्ते की लिहाज से कंांग्रेस में दोबारा आ सकते हैं या भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं केन्दीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की उपस्थिति में उन्होंने भगवा गमछा धारण कर लिया। कुछ माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत से धर्मजीत सिंह की एक मुलाकात ने उनके कांग्रेस में शामिल होने की बात को हवा दे दी थी। लोरमी से लगे हुईं विधानसभा सीटों पर भी धर्मजीत सिंह का प्रस्ताव माना जाता है। उन्होंने जोगी कांग्रेस के नेता के रूप में इस क्षेत्र में काम भी किया था। जाहिर है उनकी अपनी महत्वाकांक्षा में कुछ सीटें भी हों, जिन पर वे अपने लोगों को उम्मीदवार बनाने की इच्छा रखते हों। शायद कांग्रेस में ये बात न बनी हो और भाजपा में उनकी बात मान ली गई हो। उनके भाजपा में शामिल होने के साथ इस प्रश्न का स्वाभाविक रूप से जवाब तलाशने की कोशिश शुरू हो गई है कि वह चुनाव कहां से लड़ेंगे? राजनेताओं के लिए नए दल में जहां नई संभावनाएं बनती है वहां चुनौतियां भी कम नही रहतीं। सत्तारूढ़ पार्टी हो या मुख्य विपक्षी पार्टी, चुनावों का समय आने पर लोग अपनी उम्मीदवारी को लेकर सक्रिय हो जाते हैं। जाहिर है धर्मजीत सिंह जिस भी सीट से उम्मीदवार बनाए जाएंगे उस सीट से भाजपा का कोई भावी उम्मीदवार पहले से तैयारी कर रहा होगा। आज की राजनीति में पार्टी या किसी व्यक्ति के लिए त्याग वाली भावना कम ही रह गई है। लोग विद्रोह में खड़े जाते हैं। चुनावों में अक्सर देखा जाता है कि अगर उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ सीधे मैदान में न उतरा जा सके तो लोग भितरघात से बाज नहीं आते। धर्मजीत सिंह जोगी कांग्रेस से निष्कासित किए जा चुके थे इसलिए उनका किसी न किसी पार्टी में जाना तो तय ही था। अब उन्हें अपनी चुनावी रणनीति पर काम करना होगा और इसमें पार्टी और उसके नेता किस रूप में उनका साथ देते हैं यह आगे दिखाई देगा।*

# पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

## इस बार महिला पुलिस बल का बैगपाइपर बैण्ड दस्ता रहेगा आकर्षण का केन्द्र

- कलेक्टर-एसएसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया ध्वजारोहण, सलामी भी ली







**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय समारोह होगा। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष समारोह में छत्तीसगढ़ महिला पुलिस बल का बैगपाइपर बैण्ड दस्ता आकर्षण का मुख्य केन्द्र होगा। इस महिला दल द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज सुबह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा की मौजुदगी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे और एस.एस.पी. श्री प्रशांत अग्रवाल ने समारोह के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज की फुल ड्रेस रिहर्सल में मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी भी ली। इस दौरान हर्ष फायर भी किए गए।

**16 प्लाटून करेंगी आकर्षक मार्च पास्ट**- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पर श्री उदित पुस्कर के नेतृत्व में 16 प्लाटून आकर्षक मार्च पास्ट करेंगी। परेड के टू आई सी श्री गौरव सिंह होंगे। सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की पुरूष एवं महिला प्लाटून, छत्तीसगढ़ पुलिस, जेल पुलिस, नगर सेना की पुरूष एवं महिला प्लाटून और एन.सी.सी. की बालक एवं बालिका प्लाटून के साथ अस्वरोही दल और पुलिस बैंड प्लाटून भी मार्च पास्ट में शामिल होंगी। इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में उड़ीसा पुलिस की प्लाटून भी आमंत्रित मेहमान प्लाटून के रूप में मार्च पास्ट में शामिल रहेगी।

**27 पुलिस अधिकारियों को दिए जाएंगे पदक अलंकरण**- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल स्वतंत्रता दिवस समारोह में 27 पुलिस अधिकारियों को पदक-अलंकरणों से भी सम्मानित करेंगे। समारोह में भारतीय पुलिस पदक, पुलिस वीरता पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पुरूस्कार दिए जाएंगे।

**स्कूली विद्यार्थियों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी**- स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस बार स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर के लगभग साढ़े तीन सौ विद्यार्थी आजादी के वीर सपूतों को यादकर उनके बलिदान पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थी देश की एकता अखण्डता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुती देंगे। रायपुरा के पं. गिरजा शंकर मिश्रा उच्चतर मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गढबो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर छत्तीसगढ़ की संस्कृती को प्रोत्साहित करने वाला सुवा नृत्य गीत प्रस्तुत करेंगे।

## राज्य सूचना आयोग परिसर में किया गया श्रमदान

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग परिसर में विगत दिवस श्रमदान किया गया। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी और धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव जी.आर. चुरेंद्र सहित आयोग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान गाजर घास की साफ-सफाई एवं कटीले पौधों एवं झाड़ियां की सफाई की गई।

# भाजपा से उठ चुका है लोगों का भरोसा

- हमारी सरकार ने सभी वर्ग के लिए काम किया



**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा सरकार ने इन 5 वर्षों में काम किया है उस पर लोगों का भरोसा है।चाहे वह किसान मजदूर महिला युवा एसटी-एससी सरकारी कर्मचारी अधिकारी सबके लिए सरकार ने काम किया है।इसके पहले प्रियंका गांधी जगदलपुर आई थी और उसके पहले सरगांव में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ था। हमारी जो संस्कृति है उसे लेकर भी हमने काम किया है ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसके लिए हम लोग काम नहीं किए हैं।

भरोसे के सम्मेलन को लेकर भाजपा वाले कह रहे हैं कि लोगों का कांग्रेस से भरोसा उठ गया है।इस सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भरोसा 2018 में भाजपा से उठ गया था और अब भी पिछले लगातार जो चुनाव उपचुनाव हुए या नगरी निकाय चुनाव हुआ है, पंचायती चुनाव हुए तब कांग्रेस पर ही लोगों ने भरोसा जताया है और आगे भी कांग्रेस पर ही भरोसा रहेगा, जनता का ऐसा विश्वास है।

मध्यप्रदेश में प्रियंका गांधी और कमलनाथ के खिलाफ जुर्म दर्ज होने के मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जब ठेकेदार खुद लिखकर दे रहे हैं 50 फीसदी कमीशन लिया जाता है, इससे बड़ा प्रमाण क्या है, एफ आई आर कर देने से सच्चाई थोड़ी छुप जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का कार्यकाल 1 साल पूरा हो गया है किस तरह से देखते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अच्छी बात है 1 साल पूरा हुआ अरुण साव का, लेकिन अभी तक ना वो रमन सिंह का विश्वास जीत पाए ना बृजमोहन व अन्य नेताओं का विश्वास जीत पाए। ना अपनी कोई पहचान बना पाए।अपनी संसदीय क्षेत्र में कम से कम एयरपोर्ट का विस्तार तो कर ले वह भी नहीं कर पाए. जो ट्रेन बंद है वह चालू कर लेते। जो वंदे भारत शुरू हुई थी उसका आकार भी छोटा हो गया तो अरुण साव अपने संसदीय क्षेत्र में काम नहीं कर पाए जो सीधा केंद्र सरकार से जुड़ा हुआ है। वायनाड, केरल में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कहते हैं, च्भाजपा का लक्ष्य परिवारों को नष्ट करना है. भारत एक परिवार है, वे इसे विभाजित करना चाहते हैं।. मणिपुर एक परिवार था, उन्होंने इसे नष्ट करने की कोशिश की. वे लोगों के बीच संबंधों को नष्ट करते हैं, हम बनाते हैं. इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बिल्कुल ठीक बात राहुल गांधी ने कही है। भारत देश एक परिवार की तरह है, जिसमें विभिन्न जाति धर्म के लोग निवास करते हैं और सब एक साथ प्रेम से भाईचारे के साथ रहते हैं। भाजपा लोगों के बीच में हिंसा घृणा फैलाना चाहते हैं तो यह समाज को तोड़ने की कार्रवाई लगातार भाजपा के लोग कर रहे हैं।

### भाजपा प्रवेश पर धर्मजीत अपना बुढ़ापा खराब कर रहे है : भूपेश

लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह ने आज भाजपा प्रवेश किया। इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है।उन्होंने कहा धर्मजीत सिंह को लोरमी की जनता पर विश्वास नहीं रहा। उनको पता चल गया है कि लोरमी में उनकी हालत ठीक नहीं है।धर्मजीत सिंह दूसरे सीटों की तरफ जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा, धर्मजीत सिंह पहले कांग्रेस में थे, उसके बाद वह जोगी कांग्रेस में गए, अब भाजपा में जा रहे हैंअपना बुढ़ापा ही खराब कर रहे हैं।

# अरविंद नेताम ने हमर राज नाम से बनाई अलग पार्टी

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद वरिष्ठ आदिवासी नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने हमर राज नाम से नई पार्टी का एलान कर दिया है। उन्होंने नई पार्टी का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेज दिया है। आयोग से नाम का मुहर लगते ही अधिकृत रूप से पार्टी की घोषणा की जाएगी।

सर्व आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष नेताम ने बताया कि प्रदेश के 30 से अधिक सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। बतादें कि प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्र में 29 आदिवासी सीट है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की नई पार्टी भाजपा-कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी, बल्कि अन्य सामाजिक संगठनों व समाज के लोगों से मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों की वजह से नई पार्टी बनाने का संकल्प लिया गया है। नेताम ने साफ किया कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि पार्टी में सक्रिय रूप से काम करेंगे। सूत्रों के मुताबिक अरविंद नेताम बसपा और सीपीआइ से गठबंधन कर सकते हैं।



- 3 से अधिक सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार

**20 सीट जिसमें 80 हजार तक वोटर**

अरविंद नेताम ने बताया कि प्रदेश में 20 ऐसी आदिवासी सीट हैं, जहां 20 हजार से लेकर 80 हजार तक वोटर है। इन सीटों पर आदिवासी प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन यदि कोई दूसरा समाज पार्टी के साथ मिलकर काम करने के लिए आगे आएं तो हम उनका स्वागत करेंगे।

**नई पार्टी के एलान से सियासी हलचलें**

नौ अगस्त को अरविंद नेताम के इस्तीफे के बाद ही नई पार्टी को लेकर हलचल शुरू हो गई थी। अब घोषणा के बाद ही प्रदेश की राजनीति में सियासी हलचल शुरू हो चुकी है।पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के समय नेता रहे नेताम 20 वर्षों से सर्व आदिवासी समाज से जुड़े हैं। नेताम ने आरोप लगाया है कि पेसा कानून से लेकर बस्तर और अबूझमाड़ में आदिवासी विरोधी कार्यों की वजह से उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने छह जून 2016 को नई पार्टी बनाने का एलान किया था। अजीत जोगी ने बाद में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस का गठन किया।

# सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चुनाव वोटिंग को लेकर रहवासियों ने किया हंगामा



- गोपनीय तरीके से हो रहे चुनाव का लोगों ने किया विरोध

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रविवार को चुनाव रखा गया था। 1365 मकान वाले इस कॉलोनी के लोग जब मतदान के लिए मतदान स्थल पहुंचे तो उन्हें मताधिकार से वंचित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी विपिन कुमार बारिक द्वारा यह बताया गया कि जो सदस्य हैं वही वोट डाल सकते हैं भीड़ ने जब पूछा की कितने सदस्य हैं तो अधिकारी ने बताया कि सिर्फ 44 लोग हैं इस बात पर कॉलोनी के लोग भड़क गए उनका कहना था कि हम इस कॉलोनी में 10 साल से रह रहे हैं हमसे सभी तरह का टैक्स लिया जाता है उसके बावजूद हमें चुनावी प्रक्रिया से अलग क्यों रखा गया है।

लोगों का कहना था कि चुनाव के संबंध में उन्हें एक अखबार के छोटे से क्लासिफाइड एड के माध्यम से जानकारी हुई किंतु उसमें चुनावी प्रक्रिया के बारे में कुछ भी विस्तार से नहीं बताया गया था। इसलिए कॉलोनी के सभी लोग सीधे वोट डालने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान स्थल पहुंच गए। लोगों का कहना था, कि उन्हें चुनावी प्रक्रिया बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए हम इस चुनाव को नहीं मानते हैं। इस चुनाव को निरस्त कर चुनाव की तिथि आगे बढ़ाई जाए। किंतु चुनाव अधिकारी ने इस बात से सीधे इंकार करते हुए कहा कि मैं बिना विधि सलाहकार के सलाह के निरस्त नहीं कर सकता और अभी वो छुट्टी पर है।

कालोनी के लोगों ने जब कहा आप इस चुनाव के परिणाम को घोषित मत करिए। लोगो के आवेदन पर भी चुनाव अधिकारी साइन करने से इंकार कर दिया। पुलिस के बीच बचाव के बाद उन्होंने आवेदन की कॉपी पर हस्ताक्षर किया और कहा कि आप लोग सीधे कोर्ट ले जाइए। भीड़ के हटते ही समय से पूर्व (तीन बजे) ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया। जबकि चुनाव परिणाम 5 बजे घोषित किया जाना था।

इस आम चुनाव में कॉलोनी के रहवासियों को पहले से ही फर्जीवाड़ा की आशंका थी। इसलिए उन्होनें 13 जुलाई 2023 को रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाऐं, छत्तीसगढ़ को आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने मांग किया था कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाऐं, छत्तीसगढ़ अपने नियमों के तहत इस चुनाव में सभी लोगों को जोड़कर निष्पक्ष मतदान करवाएं। भीड़ ने जब इस पत्र का हवाला दिया तो चुनाव अधिकारी ने सीधे इंकार कर दिया। कॉलोनी वासियों को जब वोट देने के अधिकार से जब वंचित रखा गया तब आक्रोशित भीड़ ने कहा कि हम यहां पिछले 10 सालों से रह रहे हैं और हमें वोट देने नहीं दिया जा रहा है। हम इस चुनाव को नहीं मानते हैं यह चुनाव फर्जी हैं।

## 'रायपुर में बिहार, यूपी और झारखंड के छात्रों को नहीं दिया जाता रूम'

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर तस्वीर के साथ एक पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। यह पोस्ट छत्तीसगढ़, बिहार, यूपी और झारखंड में चर्चा का विषय बन गया है। तस्वीर एक घर की है। घर का गेट बंद है लेकिन गेट पर जो बोर्ड टंगा हुआ है उसमें लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। दरअसल, इस टंगे हुए बोर्ड पर लिखा है कि, बाहर के छात्रों का अंदर आना मना है। यूपी बिहार और झारखंड के छात्रों को रूम नहीं दिया जाता। बताया जा रहा है कि यह बोर्ड रायपुर एनआईटी के पास के एक मकान का है। भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा है कि काहे हो ? मज़दूर हमारा चाहिए, आईएएस हमारा चाहिए और जब छात्र की बात आये तो ऐसा सोच ! शर्मनाक।



## अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों ने रचा इतिहास

### पहली बार बगैर टांके बायोप्रोस्थेटिक एओर्टिक हार्ट वॉल्व का किया सफल प्रत्यारोपण

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट सर्जरी विभाग ने मध्य भारत में पहली बार बिना टांका लगाए बायोप्रोस्थेटिक एओटिक हार्ट वाल्व का प्रत्यारोपण करने का कमाल किया है. चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 65 वर्षीय महिला के हृदय में टांका रहित एओर्टिक वॉल्व लगाकर नया कीर्तिमान रचा है। डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि, इस वाल्व को उन मरीजों में उपयोग किया जाता है, जो हाई रिस्क कैटेगरी में आते है जैसे कि अत्यधिक उम्र हो जाना (60 साल के बाद) एवं हृदय का पंपिग पावर कमजोर हो जाना। यह वॉल्व सिर्फ 15 से 20 मिनट में प्रत्यारोपण हो जाता है, जिससे मरीज का कार्डियो पल्मोनरी बायपास टाइम कम हो जाता है जिससे मरीज के शरीर में सीपीबी मशीन का दुष्प्रभाव काफी कम हो जाता है। मरीज को वॉल्व एरिया बहुत अधिक मिलता है जिससे अन्य वाल्व की तुलना में मरीज के शरीर में रक्त का प्रवाह ज्यादा होता है। इस वॉल्व को लगाने से मरीज को खून पतला करने की दवाई खाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। डॉक्टरों की टीम में डॉ. कृष्णकांत साहू (विभागाध्यक्ष), डॉ. रजनीश मल्होत्रा (प्रॉक्टर), डॉ. निशांत सिंह चंदेल, डॉ. सत्वाश्री (पी.जी.) डॉ. संजय त्रिपाठी (जे.आर.)डॉ. तान्या छौडा वहीं नर्सिंग स्टॉफ में राजेन्द्र, नरेन्द्र, दुष्यंत, चैवा, मुनेश, किरण, प्रियंका, कुसुम, शीबा, भूपेन्द्र,हरीश, तेजेन्द्र शामिल रहे।



# एयरपोर्ट पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को दी विदाई

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांजगीर में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में शामिल होने के बाद रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को विदाई दी।

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के खोखरा में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। आज यहां का प्रत्येक नागरिक संतुष्ट है।

**बघेल की सरकार ने वादा पूरा करके दिखाया : खड़गे**



**अहंकार में डूबे प्रधानमंत्री मोदी को जनता सिखाएगी सबक: खड़गे**

जिला मुख्यालय में आयोजित भरोसा सम्मेलन में बतौर अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जनसभा में उपस्थित भीड़ को देखकर गदगद हो गए. इस दौरान उन्होंने कहा कि आम लोगों की भीड़ बताती है कि इन्हें छत्तीसगढ़ सरकार पर पूरा भरोसा है. साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में मणिपुर हिंसा के संबंध में राज्यसभा में हुई चर्चा की जानकारी आम जनों को दी।कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता से जो वादा किया था उससे भी कहीं आगे जाकर पूरा किया है, इसलिए वे बधाई के पात्र हैं. केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर दंगे को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ भी नहीं किया वह सिर्फ कांग्रेस की आलोचना करने में ही लगे हुए हैं, जिससे दंगा रुकने वाला नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव 2028 में लेकर आना चाहिए, क्योंकि मैं फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहा हूं जो उनके अहंकार को दर्शाता है जिन्हें जनता आने वाले चुनाव में सबक सिखा कर उनका अहंकार तोड़ेगी।

**कैट कार्यालय में कल ध्वजारोहण**

रायपुर। 76 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम मंगलवार 15 अगस्त को प्रात: ठीक 8:45 बजे कैट के प्रदेश कार्यालय, हाऊस न. सी-1, ईएसी कालोनी, आक्सीजोन गार्ड़न, केनाल लिंकिंग रोड, रायपुर में आयोजित किया गया है।

# मुख्यमंत्री आवास घेराव करने निकली बिहानकर्मी महिलाओं ने किया हंगामा

**पुलिस ने रोका तो बवाल सड़क पर ही दिया धरना**

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेश भर से नया रायपुर पहुंची हजारों बिहानकर्मी महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के इरादे से यह सभी महिलाएं नवा रायपुर के धरना स्थल से निकलीं तो कुछ ही दूरी पर बैरिकेडिंग कर पुलिस ने इनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद काफी देर तक हंगामा होता रहा। महिलाओं ने सड़क पर ही धरना दे दिया और मुख्यमंत्री से मिलने की जिद करने लगीं।दोपहर की धूप में पसीने से तरबतर, गोद में छोटे बच्चे लिए हुए महिलाएं सड़क पर थी।



यह प्रदर्शन बिहान संयुक्त कैडर कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले बिहानकर्मी महिलाओं ने किया। यह महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़े काम करती हैं। मानदेय बढ़ाने की मांग लेकर सभी ने रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया।

**रैली से पहले सभा का आयोजन हुआ**

मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के तहसीलदार स्तर के अधिकारी महिलाओं को समझाने में नाकाम रहे। महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल नवा रायपुर से कलेक्टर ऑफिस पहुंचाया गया। यहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग शासन तक पहुंचाने की बात महिलाओ ने की। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका वैष्णव ने बताया कि अब सोमवार को हमें रायपुर कलेक्टर ने मुलाकात करने का समय दिया है। इसके बाद हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे

बिहान कर्मी महिलाओं को प्रदेश के गांव में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के लिए काम करने होते हैं। जिसमें महिलाओं के समूह बनाना, उन्हें शासन की योजनाओं के कामकाज के बारे में बताना, रोजगार संबंधी सुविधाएं कैसे मिलेंगी इसकी जानकारी देना, बैंक लोन दिलवाना जैसे काम शामिल हैं। इन महिलाओं को दो अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है कलस्टर का पूरा काम संभालने वाली महिलाओं को 13200 और अलग-अलग गांव में जाकर काम करने वाली महिलाओं को 5 हजार बतौर मानदेय दिया जाता है। यह सभी महिलाएं इसे बढ़ाकर 25000 और 15000 किए जाने की मांग कर रही है। महिलाओं का दावा है कि इन्हें किसी प्रकार का भत्ता नहीं दिया जाता, कोई पीएफ नहीं, मेडिकल की भी कोई खास सुविधा नहीं है। इसलिए इनका मानदेय बढ़ना चाहिए।

**बिहान कर्मी महिलाओं की मांग**

बिहान कमी महिलाओं की मांग है कि समस्त बिहान कर्मियों के मानदेय में वृद्धि हो। इन्हें दैनिक वेतन भोगी की श्रेणी में रखा जाए। समस्त बिहान कर्मियों को जिला जनपद स्तर पर नियुक्ति पत्र जारी किए जाए। स्थानांतरण किया जाए। विभागीय भर्ती में योग्यता अनुसार सर्वोच्च प्राथमिकता में नियुक्ति की जाए। हर माह 5 तारीख को मानदेय का भुगतान किया जाए। यात्रा, महंगाई, भत्ता, चिकित्सा बीमा जैसी सुविधाएं दी जाएं।

# कांग्रेस और प्रदेश सरकार खुद ही अपने प्रति भरोसे के भयावह संकट के दौर से गुजर रही : भाजपा

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ आगमन एवं भरोसे के सम्मेलन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि आज तो कांग्रेस और प्रदेश सरकार खुद ही अपने प्रति भरोसे के भयावह संकट के दौर से गुजर रही है। कांग्रेस की प्रदेश सरकार के घपलों-घोटालों और भ्रष्टाचार ने कांग्रेसमुक्त छत्तीसगढ़ की प्रस्तावना लिख दी है और समूचा प्रदेश समवेत स्वर में कह रहा है- 'भूपेश है तो भरोसा है, छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में भ्रष्टाचार परोसा है।'



**कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विधायकों पर विधायकों को मंत्रियों,मंत्रियों को मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री और सरकार पर जनता को भरोसा नहीं : नारायण चंदेल**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आहूत भरोसे के सम्मेलन के सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के जांजगीर दौरे से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं का ही प्रदेश सरकार और कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर अब भरोसा नहीं रह गया है और आज कांग्रेस किसी चेहरे के बजाय सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कहने और जगह-जगह भरोसे का सम्मेलन करके अपनी हताशा व निराशा पर पर्दा डालने की कोशिशों के लिए मजबूर हो गई है। श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का नेताओं और विधायकों से, विधायकों का मंत्रियों से, मंत्रियों एवं उपमुख्यमंत्री का मुख्यमंत्री से एवं प्रदेश की जनता का कांग्रेस से भरोसा उठ चुका है, इसीलिए कांग्रेस को बार-बार भरोसे के सम्मेलन करने पड़ रहे हैं। 39हजार नवजात शिशुओं की मौत, 7हजार बलात्कार, 3हजार से ज्यादा हत्याएँ, 26हजार से ज्यादा आत्महत्याओं एवं वादाखिलाफी का कीर्तिमान रचने वाली इस कांग्रेस सरकार के कितने भी भरोसे के सम्मेलन हो जाएँ, अब जनता इन पर भरोसा नहीं करने वाली। जनता का भरोसा भाजपा पर तेजी से बढ़ रहा है।

# तिरंगा बाइक रैली निकाल कर मूणत दिखाएंगे ताकत

**भारत माता की आरती का कार्यक्रम भी**

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। गुढ़ियारी इलाके में सोमवार को भारत माता की आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस महाआरती में सैंकड़ों लोग हाथों में दीपक लेकर भारत मां की आरती उतरेंगे। महाआरती के बाद अर्जुन्दा के भजन गायक दीपक चंद्राकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने बताया कि रायपुर पश्चिम विधानसभा, भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर साल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल बाईक रैली के पश्चात भारत माता चौक पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में यह आयोजन है। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम साइंस कॉलेज के निकट पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के सामने से भाजपा के हज़ारों कार्यकर्ता और आम जनता हाथ मे तिरंगा लेकर बाइक रैली की शक्ल में शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेंगे।रैली में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या ने शामिल होंगे।यात्रा का अंतिम पड़ाव भारत माता चौक गुढ़ियारी होगा,जहां भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजन होगा।

श्री मूणत ने बताया कि भारत माता का पूजन और आरती 51 पंडितों ने वैदिक मंत्रोचार और दीप, धूप, कपूर के साथ संगीत की धुन पर की जाएगी।भारत माता की महाआरती के पहले 3 बजे दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से निकलने वाली मोटर साइकिल रैली का नेतृत्व पूर्व मंत्री राजेश मूणत खुद करेंगे। इस दौरान यह खुद भी दुपहिया वाहन चलाएंगे। रैली में करीब 5000 मोटर साइकिल चालक हाथों में तिरंगा और भगवा पगड़ी (साफा) पहनकर शहर भ्रमण के लिए निकलेंगे।

# मुख्यमंत्री आज वरिष्ठ पत्रकार-लेखक सुधीर सक्सेना को वसुंधरा सम्मान से करेंगे सम्मानित

**मुख्यमंत्री निवास रायपुर में होगा वसुंधरा सम्मान समारोह**

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 अगस्त को पूर्वान्ह 11.30 बजे मुख्यमंत्री निवास में स्वर्गीय देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए वरिष्ठ पत्रकार-लेखक सुधीर सक्सेना को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे तथा सुप्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार राजेश बादल समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 23 वां आयोजन है। सम्मान समारोह स्वर्गीय देवी प्रसाद चौबे की 47 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर 14 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से लोकजागरण की मासिक पत्रिका कृति वसुंधरा एवं चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। श्री सुधीर सक्सेना राष्ट्रीय ख्याति के पत्रकार हैं जिनका छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान है। 1978 से लेकर आज पर्यन्त तक उन्होंने धर्मयुग, दिनमान, रविवार, कल्पना, संडे आब्जर्वर, जनसत्ता, नवभारत टाइम्स, अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, नवभारत, नईदुनिया, पत्रिका, देशबंधु, माया, वागर्थ, पहल, बहुमत, अक्षर पर्व, समकालीन भारतीय साहित्य, बहुवचन आदि अनेक पत्र-पत्रिकाओं में विपुल लेखन किया है। सुधीर सक्सेना के 14 कविता संग्रह, वैदेशिक एवं भारतीय भाषाओं में अनुवाद की 11 पुस्तकें, कथेतर गद्य की अन्य 18 पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में गांधी, मध्यप्रदेश में आजादी की लड़ाई और आदिवासी, भूमकाल, छत्तीसगढ़ में मुक्तिसंग्राम और आदिवासी, गुण्डाधुर एक योद्धा जैसी पुस्तकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि पर महत्वपूर्ण लेखन किया है। वे माधवराव सप्रे पुरस्कार, पुश्किन सम्मान, वागीश्वरी सम्मान, प्रमोद वर्मा सम्मान, शमशेर सम्मान, जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। इन दिनों वे पाक्षिक पत्रिका दुनिया इन दिनों का सम्पादन कर रहे हैं। विगत वर्षों में वसुंधरा सम्मान से स्वर्गीय रमेश नैयर, स्वर्गीय श्याम लाल चतुर्वेदी, स्वर्गीय कुमार साहू, स्वर्गीय बसंत कुमार तिवारी, स्वर्गीय विनोद शंकर शुक्ल, स्वर्गीय शरद कोठरी, स्वर्गीय बबन प्रसाद मिश्र, डा. हिमांशु द्विवेदी, दिवाकर मुक्तिबोध, आशा शुक्ला, गिरिजाशंकर, ज्ञान अवस्थी, श्याम वेताल, अभय किशोर, डा. सुशील त्रिवेदी, गिरीश पंकज, बी. के. एस. रे, प्रकाश दुबे, स्वर्गीय तुषार कांति बोस, ई. वी. मुरली, सतीश जायसवाल और लीलाधर मंडलोई को सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में संयोजक वसुंधरा सम्मान विनोद मिश्र, अध्यक्ष निर्णायक समिति दीवाकर मुक्तिबोध, अध्यक्ष आयोजन समिति डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव मुमताज सहित सदस्य निर्णायक समिति सर्वश्री गिरीश पंकज, ई.व्ही. मुरली, समीर दीवान, राघवेन्द्र प्रताप सिंह और राजेश गनोदवाले भी उपस्थित रहेंगे।



## सार-संक्षेप

### चेम्बर भवन में होगा ध्वजारोहण

**रायपुर,** 13 अगस्त। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यालय बाम्बे मार्केट, रायपुर में मंगलवार 15 अगस्त को प्रात: ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने इस राष्ट्रीय पावन पर्व के अवसर पर सभी सदस्यों से ध्वजारोहण कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## निधन

### सरदार जीएस बेदी

**रायपुर,** 13 अगस्त। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन स्काई अपार्टमेंट्स के निवासी सरदार जीएस बेदी का आकस्मिक निधन 13 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 14 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई जाएगी। वे सुखप्रीत सिंह बेदी (मिक्की) के पिता थे।



### पोषण कंसारी

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त। स्थानीय कंसारी समाज के वरिष्ठ पोषण कंसारी पिता सोमनाथ कंसारी 56 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को प्रात: 9 बजे उनके निवास कंसारीपारा से निकाली जायेगी. वे स्व.झामन, त्रिलोक के भाई एवं दीपक, देवेन्द्र, कोमल के चाचा थे।



### अर्जुन देवांगन

**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त। तर्री निवासी देवांगन समाज के वरिष्ठ अर्जुन देवांगन पिता का आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा तर्री स्थित निवास से निकाली गई. जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. वे रामकुमार, भरत, संतोष के भाई एवं हेमंत के पिता थे।



### बिसाहीन बाई ध्रुव

**बलौदाबाजार,** 13 अगस्त। ग्राम पंचायत सेम्हराडीह निवासी 70 वर्षीय बिसाहीन बाई ध्रुव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, वे धनेश की भाभी, संतोष की मां तथा सुखदेव, राहुल व योगेश की बड़ी मां थीं।



# बिरनपुर मामले में जिहादियों को बचाने सरकार ने रचा षड्यंत्र : अरुण साव

**भुनेश्वर साहू को न्याय दिलाने में कांग्रेस असक्षम, अपराधियों को बचाने का प्रयास**

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला के बिरनपुर में साहू समाज के बेटे भुनेश्वर साहू की जिहादियों ने खुलेआम निर्मम हत्या कर दी। इस घटना को छत्तीसगढ़ की जनता ने आज भी नहीं भूला है। पीड़ित परिवार को सरकार से न्याय चाहिए। लेकिन यह सरकार मामले में लीपापोती कर रही है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कहा।



साव ने कहा कि भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू आज हमारे बीच हैं, उनके पिता का केवल यही कहना है कि मुझे सरकार से कुछ नहीं चाहिए। मेरे बेटे की निर्दयतापूर्वक हत्या हुई है। बेटे के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उनके बेटे के साथ न्याय हो।

अरुण साव ने भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कांग्रेस की सरकार ने आम जनता से धोखा किया है। लेकिन अब बेटे के मौत से दुखी पिता जो सरकार से न्याय की मांग कर रही है। उसके साथ भी इस सरकार ने धोखाधड़ी की है। बताया जा रहा है कि धोखे से स्ष्ठरूऔर तहसीलदार ने स्व. भुनेश्वर साहू के पिता से कागज पर हस्ताक्षर ले लिया। इन्होंने सरकार की धनराशि लेने से मना कर दिया था। सरकार के द्वारा दी जा रही नौकरी लेने से मना कर दिया था। इनका कहना है मैं सरकार से कुछ नहीं चाहता हूं केवल न्याय चाहता हूं। अभी एसडीएम और तहसीलदार ने धोखे से एक पंचनामा बनाया, जिसमें लिखा है मैं ईश्वर साहू सरकार के द्वारा दी जा रही राशि और नौकरी लेना चाहता हूं।

अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी सरकार ने जिहादियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार से षड्यंत्र रचते हुए मामले में अपराधियों को बाहर करने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। सरकार को ईश्वर साहू के स्व. बेटे को न्याय दिलाने में कोई रुचि नहीं है। सरकार को केवल वोट बैंक की राजनीति करनी है। सरकार के इस षड्यंत्रकारी चेहरे को भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू ने आज मीडिया के समक्ष उजागर किया है।

ईश्वर साहू ने कहा नौकरी नही न्याय चाहिए, कहा अब भी परिवार को मिलती है धमकी स्व. भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उनके साथ धोखा किया है। सरकार के कहने पर स्ष्ठरू तहसीलदार और सरपंच ने मिलकर फर्जी पंचनामा में उनका हस्ताक्षर किया है। ईश्वर ने बताया कि उन्होंने पहले हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था लेकिन अन्य किसी योजना, सरकारी लाभ, गांव की सफाई जैसे मुद्दों का बहाना बनाकर उनसे हस्ताक्षर लिया गया है। इस पंचनामा के संबंध में जानकारी उन्हें गांव के अन्य लोगों के माध्यम से उन्हें प्राप्त हुई।

# स्वतंत्रता दिवस पर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की तीन योजनाओं का शुभारंभ

**रायपुर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा अपनी तीन महती योजनाओं का शुभारंभ राष्ट्रके सबसे सक्रिय प्रदेश छत्तीसगढ़ से करने जा रही है। सौभाग्य की बात है की स्वतंत्रता पर्व पर योजनाएं शुरू की जाएगी।



राष्ट्रीय सभा के पदाधिकारियों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में और प्रदेश के माहेश्वरी समाज के सम्मुख माहेश्वरी स्टार्टअप एवं व्यापार सृजन, भावी पीढ़ी योग्यतम् एवं दक्ष बने, विवाह पूर्व एवं विवाहोत 'पारिवारिक संबंधों को तनाव रहित रखने हेतु परामर्श केंद्र काउंसलिंग सेंटर की स्थापना जैसी सामाजिक योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा के अध्यक्ष सुरेश मुँदडा ने बताया की इस योजना का शुभारंभ मे राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा,सचिव अजय काबरा,विजय राठी, नारायण राठी ,दिनेश राठी राष्ट्रीय पदाधिकारीगण,विभिन्न संगठनों से बड़ी संख्या मे समाजबंधु उपस्थित रहेंगे। माहेश्वरी भवन दुंडा मे पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। योजनाओं के शुभारंभ के साथ ही पूरा माहेश्वरी समाज इस बात पर मंथन करेगा की इस अभिनव योजना के शुभारंभ से ही इसका लाभ पूरे भारत के समाज बंधुओं को मिले।सकल माहेश्वरी बंधु इस समाज उपयोगी अभिनव प्रयास के प्रकल्प से बहुत उत्साहित है।राष्ट्रीय पदाधिकारी इस बात पर प्रकाश डालेंगे की कैसे समाज के आख़री छोर तक इस योजनाओ को पहुँचाया जाये।कार्यक्रम का आयोजन छग प्रदेश माहेश्वरी सभा एवं आतिथ्य माहेश्वरी सभा रायपुर का है।

### पाल समाज के युवाओं ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**आरंग,** 13 अगस्त। नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर को देशभर में जाना है।13 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि पर आरंग में पाल समाज के युवाओं ने समाज के बुजुर्गों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही।आपको बता से की आरंग में पाल समाज के युवाओं द्वारा यह पहला आयोजन है।इस आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगो ने भाग लिया।



# जामा मस्जिद कवर्धा में मुतवल्ली चुनाव 2 सितम्बर को

**कवर्धा,** 13 अगस्त। जामा मस्जिद कवर्धा में पहली बार बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है। वहां के जमातियों ने बताया कि लोकतांत्रिक तरीके से शहर में पहली बार चुनाव होगा। कवर्धा शहर और जिले की सबसे बड़ी मसजिद होने से वोटर भी ज्यादा तादात में शामिल हुए हैं और लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ के विभिन्न शहरों के मस्जिदों में राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार मुतवल्ली चुनाव शासन के गाइड लाइन के अनुसार करवाए जा रहे हैं। इसके लिए वक्फ बोर्ड द्वारा चुनाव समिति गठित की गई है। जिसके संयोजक सहायक ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शोएब अहमद खान को बनाया गया है। उनके संयोजन में राजधानी के जामा मस्जिद सहित पांच अन्य मस्जिद में मुतवल्ली चुनाव शांतिपूर्वक करवाया जा चुका है। उनसे हुई चर्चा में बताया कि जामा मस्जिद कवर्धा में मुतवल्ली पद हेतु मतदान 2 सितंबर को होगा।

इसके लिए 27 जुलाई से मतदाता रजिस्ट्रेशन का काम शुरू हुआ था कल 12 अगस्त को अंतिम दिन था। कुल 1065 लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाया। मतदाता सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति के लिए आज 13 और 14 अगस्त का समय निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 16 अगस्त को किया जाएगा। 18 अगस्त को नामांकन फार्म वितरित किया जायेगा व 21 अगस्त को नामांकन फार्म जमा लिया जायेगा 22 अगस्त को स्क्रूटनी, 23 अगस्त को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जायेगा। और मतदान व मतगणना 2 सितंबर को होगा। इस बार चुनाव समिती में सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक शमशीर खान को भी रखा गया है। साथ ही छत्तीसगढ राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य रियाज़ खान भी उनका सहयोग कर रहे हैं। छत्तीसगढ के विभिन्न मसाजीद में होने वाले मुतवल्ली चुनाव के लिए राज्य वक्फ बोर्ड ने एक चुनाव संचालन कमेटी गठित की है जिसके संयोजक सहायक ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शोएब अहमद खान को बनाया गया है। अब उनके साथ सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक शमशीर खान,उप पुलिस अधीक्षक रेल्वे सैय्यद नसीम अख्तर और उप पुलिस अधीक्षक एसीबी फरहान कुरैशी कमेटी में हैं। 2 सितंबर को मुतवल्ली चुनाव के लिए मतदान सुबह 9 से 4 बजे तक होगा। इसी दिन शाम 5 बजे गिनती शुरू कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### 91 वर्षीय इदु मियां ने पंजीयन कराया

कवर्धा के सबसे बुजुर्ग 91 वर्षीय आली जनाब इदु मियां ने अपना पंजीयन चुनाव के लिए कराया है। शनिवार को आखरी तारीख तक कुल रजिस्ट्रेशन 1065 हुआ है।



# महापौर एजाज ढेबर जाएंगे मास्को

**अंतरराष्ट्रीय परिवहन संगोष्ठी में होंगे शामिल**

**रायपुर,** 13 अगस्त। महापौर एजाज ढेबर को मास्को सरकार द्वारा अगस्त माह के अंत में आयोजित हो रही च्अंतरराष्ट्रीय परिवहन संगोष्ठी 2023ज्ज में भाग लेने के लिए न्योता प्रेषित किया गया है।यह विशेष संगोष्ठी मास्को की ट्रांसपोर्ट एंड रोडवेज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट विभाग और बाहरी आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग द्वारा संयोजित की जा रही है।



इस अवसर पर विश्व के प्रमुख शहरों के महापौर, परिवहन मंत्री, प्रमुख परिवहन और उच्च प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख, परिवहन विशेषज्ञ और वैज्ञानिक संस्थानों के प्रतिनिधि समेत अनेक महत्वपूर्ण हस्तियां शामिल होंगी। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आधुनिक महानगरों में परिवहन संकटों के समाधान और परिवहन के नए आयामों की चर्चा है। संगोष्ठी शहरी रेल परिवहन प्रणाली, पारिस्थितिकी यान परिवहन, जल परिवहन, डिजिटल सेवाएं और वैकल्पिक परिवहन आदि पर केंद्रित होगी। महापौर एजाज ढेबर इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में रायपुर और भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, और उम्मीद है कि इस संगोष्ठी से दोनों देशों के बीच साझेदारी और सहयोग में वृद्धि होगी।

**उल्टा पुल्टा**

शाम को पति के घर आते ही पत्नी ने किच-किच शुरू कर दी।

**परेशान पति** - अरे यार दिनभर का थका-हारा आया हूं, पहले फ्रेश तो होने दो।

**पत्नी** - मैं भी तो दिनभर अकेली थी, तो मैं भी फ्रेश ही हो रही हूं...!!!

# कर्तव्य, निष्ठा, समर्पण व कर्म परायणता के प्रतीक मोतीलाल वोरा

**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के सिकोला भाठा वार्ड से पार्षद के रूप में अपने राजनैतिक सफर की शुरुवात करते हुए विधायक, सांसद, दो बार अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर अपने राजनैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनसेवा करने के साथ ही कांग्रेस पार्टी के लिए सदैव समर्पित दुर्ग के गौरव मोतीलाल वोरा का आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। कर्तव्य पथ पर सम्पूर्ण निष्ठा व समर्पण से कर्म परायणता का पालन कर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों के नेतृत्व में एक परिजन की तरह कांग्रेस एवं गांधी परिवार के साथ मिलकर जनसेवा की मिसाल वोरा जी ने हमेशा दुर्ग शहर को अपना परिवार माना। आज प्रतिमा अनावरण के अवसर पर नई पीढ़ी को भी उनसे व उनकी कर्मठता से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

मोतीलाल वोरा ने पत्रकारिता से अपने

## प्रतिमा अनावरण दिवस पर विशेष- कार्यशैली व जीवन परिचय

सार्वजनिक जीवन की शुरुवात की जिसके बाद 1968 में वे पार्षद चुनकर दुर्ग नगर पालिका में लोक कर्म समिति के अध्यक्ष बने। 1972 से 1992 तक वे मध्यप्रदेश विधानसभा के अदस्य रहे जिस बीच प्रथम कार्यकाल में ही राज्य सड़क परिवहन निगम के उपाध्यक्ष बने जिसके बाद वोरा जी की कर्मठता सर्वविदित होने लगी उन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली, उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री, 1985 व 1989 में दो बार अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पद भी पूरी निष्ठा के साथ संभाला। राजीव गांधी सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य व विमानन मंत्री भी रहे। उनकी कार्यशैली का प्रभाव ही ऐसा रहा कि उन्हें राष्ट्रपति शासन के बीच मई 1993 से 1996 तक उत्तरप्रदेश के राज्यपाल पद का दायित्व मिला। मोतीलाल वोरा अपनी सादगी एवं सरलता के लिए जाने जाते रहे। वे अटल लहर में भी लोक सभा सांसद चुन कर आए। 2002 से 2020 तक वे राज्य सभा सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के



कोषाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे। आज की पीढ़ी को उनकी कर्म परायणता से प्रेरणा लेनी चाहिए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जहां उन्हें वोरा जी के नाम से संबोधित करते थे वहीं छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग के अगली पीढ़ी के कांग्रेसजनों ने उन्हें सदेव बाबूजी के नाम से संबोधित किया।

**रात 3 बजे तक काम करने के बाद भी पूछते, कोई मिलने वाला बाहर तो नहीं**

वोरा जी ने राजनैतिक क्षितिज में अपना एक अलग मुकाम यूं ही नहीं बनाया। वे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी निभाने के दौरान बडा प्रदेश होने के कारण लगातार काम करते। रात में 3 बजे कार्यालय से निकलने से पहले पूछा करते कि कोई मिलने के लिए बाकी तो नहीं। अधिकारी एवं कर्मचारी उनकी ऊर्जा देख अक्सर हैरान रह जाते।

**दुर्ग वासियों को सदैव समझा अपना परिवार**

मोतीलाल वोरा ने दुर्ग शहर की जनता एवं छत्तीसगढ़ को सदैव अपना परिवार माना चाहे भोपाल हो या दिल्ली वे सबसे पहले छत्तीसगढ़ व दुर्ग के लोगों को समय देते थे। आज भी उनके पुत्र दुर्ग विधायक व राज्य भंडारगृह निगम ➢➢ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➢

## आज शाम मुख्यमंत्री करेंगे वोरा जी की प्रतिमा का अनावरण



पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की प्रतिमा का अनावरण कल 14 अगस्त को शाम 5 बजे राजेन्द्र पार्क के पास किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होगें तथा अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत करेगें। विशेष अतिथि दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री मो.अकबर, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, मंत्री गुरू रूद्र कुमार, मंत्री अनिला भेड़िया, सांसद, प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस दीपक बैज, खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, पूर्व उपमहापौर गया पटेल, अब्दुल गनी, बबीता गुड्डू यादव होगें।

## जिला मुख्यालय में गृहमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के गृह, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू जिला मुख्यालय दुर्ग में आयोजित स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में ध्वाजारोहण करेंगे। ध्वाजारोहण पश्चात श्री साहू परेड की सलामी लेंगे और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद परेड का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों का सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने राष्ट्रीय पर्व के आयोजन की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अलग-अलग दायित्व सौपा है।

## ताम्रध्वज ने ली ग्रामीण विस के प्रभारियों की बैठक, दिये जीतने के टिप्स



**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश शासन के मंत्री ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षा नगर निवास में बूथ अध्यक्ष, जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित ताम्रध्वज साहू ने प्रत्येक बूथ सेक्टर एवं जोन प्रभारियों को प्रभार सौंपते हुए चुनाव संबंधी आवश्यक टिप्स दिये। उन्होंने आगामी समय में प्रत्येक बूथ स्तर पर बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने संबंधी कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने आने वाले समय में कांग्रेस को मजबूती देने एवं विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का आव्हान भी किया।

उक्त बैठक में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू, ब्लाक अध्यक्ष नंद कुमार साहू, केशव बंटी हरमुख, जिला कांग्रेस सचिव प्रदीप चंद्राकर, रिवेन्द्र यादव, टिकेश्वरी देशमुख, लोकनाथ साहू, कैलाश सिन्हा, विकास चंद्राकर, तुलसी देशमुख, प्रशांत पाण्डेय एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग.


श्री अरूण वोरा
विधायक, दुर्ग शहर


श्री धीरज बाकलीवाल
महापौर दुर्ग


श्री गया पटेल
अध्यक्ष, शहर जिला कांग्रेस


स्व. श्री मोतीलाल जी वोरा

दुर्ग के गौरव
श्रद्धेय मोतीलाल जी वोरा
(पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन)
की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर पधारने वाले समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन

-:: शुभेच्छु ::-
अलख नवरंग
प्रदेश उपाध्यक्ष
अनुसूचित जाति विभाग
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (छ.ग.)


अलख नवरंग




श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग.


श्री अरूण वोरा
विधायक, दुर्ग शहर


श्री धीरज बाकलीवाल
महापौर दुर्ग


श्री गया पटेल
अध्यक्ष, शहर जिला कांग्रेस


स्व. श्री मोतीलाल जी वोरा

दुर्ग के गौरव
श्रद्धेय मोतीलाल जी वोरा
(पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन)
की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर पधारने वाले समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन

-:: शुभेच्छु ::-
भोला महोबिया
पार्षद वार्ड 30, तमेर पारा, दुर्ग
एमआईसी प्रभारी विद्युत विभाग
नगर निगम, दुर्ग (छ.ग.)


भोला महोबिया








अखंड भारत संकल्प दिवस
भारत वर्ष को 1947 की पूर्व स्थिति में स्थापित करने को दृढ़ संकल्पित

रतन यादव
बजरंग दल
छत्तीसगढ़ शाखा
दुर्ग (छ.ग.)


रतन यादव





## स्वतंत्रता दिवस पर रौशन होगें शासकीय भवन

**भिलाईनगर।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहो का साफ-सफाई कर देश भक्ति गीत का प्रसारण महत्वपूर्ण स्मारको की सफाई व महापुरूषो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय पर्व हर्ष उल्लास से मनाने आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों में जिम्मेदारी तय की है। स्वतंत्रता दिवस का 76वां वर्षगांठ नगर में उत्साह पूर्वक मनाने तथा लोगो के मन में राष्ट्र के प्रति देशभक्ति का भाव बढ़ाने शहर के सभी संस्थानों एवं कार्यालय में जहॉ राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा वहॉ एवं चौक चौराहों में राष्ट्र भक्ति गीत का प्रसारण किया जायेगा। निगम के मुख्य कार्यालय सुपेला सहित सभी जोन कार्यालय भवनों को रौशन किया जावेगा।

# हाउस लीज संयुक्त मोर्चा ने माना सीएम का आभार



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)।हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की 468वीं साप्ताहिक बैठक रविवार को शक्ति सदन सेक्टर 2 में संपन्न हुई। आज की बैठक में वक्ताओं ने भिलाई टाउनशिप में लीजी आवासों का बहु प्रतीक्षित पंजीयन का कार्य एवं 1 सितंबर से 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना का लाभ 28000 लोगों को देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह हम टाउनशिप वासियों के लिए बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां के लोगों के जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बिजली बिल में छूट प्रदान कर और पंजीयन प्रारंभ कर यह साबित कर दिया है कि भूपेश है तो भरोसा है। हमारी समिति इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती है। आगे उनके कुशल नेतृत्व में निजी आवासों में हुए अतिरिक्त अवैध निर्माण का भी नियमितीकरण करने की प्रक्रिया लीज धारियों के हित में नगर पालिका अधिनियम 1956 के प्रावधान के अनुरूप सस्ते दर पर होना निश्चित है। भिलाई में यह बात सर्वविदित है कि 9 फरवरी 2008 को बीएसपी के स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूर्व इस्पात मंत्री द्वारा सार्वजनिक मंच से लीज का छठवां फेस शुरू करने की घोषणा की थी और 25 जुलाई 2008 को 340 हुई बैठक में सेल बोर्ड ने यह निर्णय लिया था कि लीजी आवासों के अतिरिक्त अवैध निर्माणों के नियमितीकरण के बाद लीज का अगला चरण लागू किया जावेगा। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के घोषणापत्र में नियमितीकरण नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधान के तहत कराने की बात कही गई थी लेकिन नियमितीकरण नहीं हो पाने के कारण लीज अभी भी लंबित है, जबकि सेक्टर छह स्थित बीएसपी से लीज में लिए गए एक संस्था के अतिरिक्त निर्माण का वर्ष 2008 में भाजपा शासनकाल में ही भिलाई निगम द्वारा नियमितीकरण किया गया है। सेल बोर्ड के 25 जुलाई 2008 के निर्णय के बाद लीज का रास्ता खोलने के लिए 2008 में ही नियमितीकरण क्यों नहीं कराया गया। जिसके कारण लोग आज भी लीज से वंचित हैं। इसके लिए क्या नेता लोग जिम्मेदार नहीं हैं। उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए। आज की बैठक में बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित थे। यह जानकारी पी आर वर्मा महासचिव हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति ने दी है।

## 4 करोड़ के विकास कार्य का गृहमंत्री ने किया भूमिपूजन



**भिलाईननगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नेवई मरोदा क्षेत्र में 48 कार्यो का भूमिपूजन किया। इसके लिए शासन ने 4 करोड़ 8 लाख 92 हजार स्वीकृत किया है। वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम दशहरा मैदान भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट के लिए बीएसपी से लगातार चर्चा हो रही है। रिक्त भूमि मिलने पर वे बड़े प्रोजेक्ट के लिए राशि लाने हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति, पीसीसी महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसी अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, ईश्वरी साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पार्षद डोमन लाल बारले, विनय नेताम, रेखा देवी, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजू नेताम, ममता यादव, शीला नारखड़े, जमुना ठाकुर, एल्डरमेन संतू दास, मो. निजाम, शिशिर साहू, अजीत कुमार, संगीता सिंग, संध्या वर्मा आदि उपस्थित थे। वार्ड 34 में नाली निर्माण 3.99 लाख, नाली निर्माण 2.80 लाख, नाली निर्माण 5.32 लाख, मंच निर्माण 2 लाख, मार्ग संधारण कार्य 4.76 लाख, वार्ड 33 में मंच जीर्णोद्धार कार्य 5 लाख, मंच संधारण 3 लाख, बाउंड्रीवाल एवं टाइल्स लगाने का कार्य 4 लाख, सीसी रोड 2.50 लाख, पूर्व शा. प्रा.शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, पूर्व शा.मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 32 में नाली निर्माण 14.25 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, मार्ग संधारण 8.15 लाख, वार्ड 16 पम्प हाउस के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, नेमचंद घर के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, विद्युतीकरण 4 लाखए सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, शीतला तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाखए वार्ड 20 में स्ट्राम वाटर ड्रेन निर्माण 14 लाख, शा.प्रा. शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, शा.मा.शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13,70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 18 नाली निर्माण 5.33 लाख, पेवर ब्लॉक 6.22 लाख, नाली निर्माण 2.66 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, आंगनबाड़ी के सामने सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड 17 सीसी रोड निर्माण 3.50 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड 19 में उद्यान निर्माण 10 लाख, नाली निर्माण 4.26 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, चबुतरा निर्माण 12 लाख, वार्ड 21 में सीसी रोड 8.83 लाख, सीसी रोड 2.72 लाख, सीसी रोड 2.72 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, सीसी रोड संधारण कार्य 3.62 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य 4.39 लाख, वार्ड 15 में मंच शेड निर्माण 7 लाख, सामुदायिक भवन 7 लाख, मौहारी मरोदा डॉ. साहू क्लीनिक के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख. मौहारी मरोदा शिव हनुमान मंदिर के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण 10 लाख।

## राज्य की सीनियर हैंडबाल टीम चयन स्पर्धा 16 को

**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)।जम्मू एंड कश्मीर हैंडबाल संघ द्वारा 52वी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनशिप का आयोजन बक्षी स्टेडियम एंड शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्टेडियम, श्रीनगर (जम्मू एंड कष्मीर) में दिनांक 01 सितम्बर से 5 सितम्बर 2023 तक हैंडबाल एसोसियेषन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उक्त सीनियर पुरुश राश्ट्रीय चैम्पियनषिप में छत्तीसगढ़ राज्य पुरुश वर्ग की 20 सदस्यीय (18 खिलाड़ी, 1 प्रषिक्षक एवं 1 प्रबंधक) टीम भाग लेगी। उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुश हैंडबाल टीम के गठन हेतु अंतिम चयन स्पर्धा का आयोजन दिनांक 16 अगस्त 2023 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई (छ.ग.) में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड की मूल प्रति एवं फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। चयन स्पर्धा पश्चात चयनित संभावित पुरुश हैंडबाल खिलाड़ियों का विषेश प्रषिक्षण षिविर का आयोजन हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई में दिनांक 17 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। अतः छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ से मान्यता प्राप्त समस्त जिला/नगर निगम/इकाई हैंडबाल संघ से अनुरोध है कि वह अपने जिला/नगर निगम/इकाई के उत्कृश्ठ सीनियर पुरुश हैंडबाल खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु भेजने का कश्ट करें। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले पुरुश हैंडबाल खिलाड़ी दिनांक 16 अगस्त 2023 को प्रातः 9:30 बजे तक हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई (छ.ग.) में पंजीयन हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

## पुराने विवाद को लेकर युवक को मारा चाकू

**भिलाई नगर** 13 अगस्त । छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने विवाद को लेकर आरोपी द्वारा युवक के पेट में चाकू गोप दिया जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया गया। युवक की रिपोर्ट पर से छावनी पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत विवेचना में लिया है। प्रार्थी प्रकाश कुमार 24 साल साकिन. खुर्सीपार में रहता है। मजदूरी का काम करता है। 11 अगस्त की रात्रि रात्रि करीबन 10.45 बजे अपने घर के पास अपने दोस्त नागेश्वर साहू एवं विशाल गुप्ता के साथ बैठा बातचीत कर रहा था। तभी देना बैक के पीछे का रहने वाला राजकुमार आया और नागेश्वर साहू को गंदी गालियां दे रहा था। तब प्रकाश निषाद के द्वारा राजू को रोकने का प्रयास किया गया। राजकुमार उर्फ राजू रुकना तो दूर प्रकाश के सीने में घूंसे से मारा और जान से मारने की धमकी देने लगा। राजकुमार उर्फ राजू ने अपने पास रखे चाकू से प्राण घातक हमला किया ।

## इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 प्रतियोगिता में इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर.9 ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक शिक्षा सुश्री शिखा दुबे उपस्थित थीं। सुश्री दुबे ने छात्रों को हमेशा जीवनपर्यंत सीखने की अवस्था में तत्पर बने रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाषा को अपनाना और वर्तनी से अपडेट रहना समय की मांग है। बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज-2023 प्रतियोगिता के अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएसए सेक्टर-9 की अनुपमा घोषाल व दिव्या मिश्रा की टीम ने, द्वितीय स्थान रूआबांधा विद्यालय के बी कार्तिक व स्तुति सिन्हा की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएसए सेक्टर-5 के जगन्नाथ व मोनालिसा की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज-2023 प्रतियोगिता के हिन्दी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएसए सेक्टर.9 के वैदिक साहू व नुपूर कौशिक की टीम ने, द्वितीय स्थान ईएमएमएसए सेक्टर-7 के मोहित निगम व सौम्य रामटेके की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएसए सेक्टर-5 की शैषला व निर्विका की टीम ने प्राप्त किया। सहायक प्रबंधक शिक्षा सुश्री विभा आर कटियार ने समारोह की अध्यक्षता की। यह प्रतियोगिता ईएमएमएसए सेक्टर-9 की प्रधानाध्यापिका सुश्री संगीता सागर के मार्गदर्शन में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बीएसपी के 9 मिडिल स्कूलों से दो-दो विद्यार्थियों की टीम ने भाग लिया। इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-9 में इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज-2023 कॉम्पिटिशन का आयोजन 2 श्रेणियों अंग्रेजी और हिंदी में किया गया था। स्पेलिंग का सरताज-2023 कॉम्पिटिशन का संचालन अंग्रेजी में सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क सुश्री अपर्णा चंद्रा द्वारा तथा एस के तम्बोली द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सुनीता अनिल वासुदेवन ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री जया कुमार ने किया।

## बिना सीएसपीडीएस को हैंडओवर किये कैसे बिजली बिल हाफ



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के उर्जा विभाग ने गत दिवस एक आदेश जारी कर टाउनशिप में 1 सितंबर 2023 से हाफ बिजली बिल योजना लागू करने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वयं को झूठा और मुझे सच्चा साबित कर दिया। विगत 5 सालों से भिलाई विधायक द्वारा लगातार टाउनशिप के लोगों को इस योजना के संबंध में गुमराह किया जा रहा है कि बिना सीएसपीडीसीएल को हैंडओवर किये इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा सकता। ये लोग बीएसपी से 74 करोड़ की वसूली और विद्युत सप्लाई का काम सीएसपीडीसीएल को देने के चक्कर में पड़े रहे और आधा बिजली बिल योजना टाउनशिप में 1 मार्च 2019 से लागू करने में आनाकानी करते रहे। श्री पाण्डेय ने कहा कि टाउनशिप के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ 1 मार्च 2019 की तारीख से मिलना चाहिये। इस तरह लगभग 80 करोड़ रूपए की राशि सभी घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में एडजस्ट होना चाहिये। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त तक यदि यह मांग पूरी नहीं होती तो हम इसके लिए धरना करेंगे और स्वयं सड़क की लड़ाई लड़ेंगे।

श्री पाण्डेय ने कहा कि भिलाई की जनता को निम्नलिखित चार चीजें समझानी पड़ी कि सीएसपीडीसीएल की टैरिफ बीएसपी की टैरिफ पहले ही 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। सीएसपीडीसीएल की एंट्री होते ही टाउनशिप में सभी की टैरिफ30-40 प्रतिशत बढ़ जायेगी। साथ ही छूट का लाभ देने क लिए सीएसपीडीसीएल की सप्लाई होना कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब चाहे तब आधे बिजली बिल की योजना लागू कर सकते हैं तो छूट का लाभ तबसे क्यों नहीं दिया जबसे राज्य के अन्य सभी उपभोक्ताओ को आधे बिजली बिल योजना का लाभ दिया। वहीं संविधान के अनुच्छेद 14 में प्रावधानित समानता के अधिकार के अनुसार टाउनशिप के निवासियों को छूट के लाभ से वंचित नहीं किया सकता है। अतः छूट का लाभ जनता के रोष और अपने झूठ को छुपाने के लिए देना ही पड़ा। अब जब बिजली बिल की योजना लागू गयी है तो क्या मुख्यमंत्रीजी एवं भिलाई के विधायक ये बताने का कष्ट करेंगे कि क्या टाउनशिप की बिजली सप्लाई सीएसपीडीसीएल को दिया गया है जो अब आधे बिजली बिल की योजना टाउनशिप में लागू कर दिया गयाघ् यदि नहीं तो राज्य के अन्य घरेलु उपभोक्ताओं की तरह दिनाँक 1 मार्च 2019 से आधे बिजली बिल की योजना का लाभ क्यों नहीं दिया गया।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेता मिलेगा लोन

**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेता जैसे फल, सब्जी विक्रेता, अण्डा गुपचुप आदि का व्यवसाय करने वाले नगर पालिका परिषद जामुल के सहयोग से 10000 से 50000 तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जे पी बंजारे ने बताया कि इस योजना के तहत पथ विक्रेता पहली बार में 10000 का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके पूर्ण भुगतान के बाद दूसरी बार 20000 का ऋण और तीसरी बार 50000 तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। सीधे 50000 का ऋण आवेदन नही कर सकते हैं। नपाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत 400 से अधिक लोगों को 10000 का ऋण का प्राप्त हो चुका है। कुछ लोगों को 20000 का लोन का भुगतान भी किया गया है। उन्होंने सभी पथ विक्रेताओं को आह्वान किया कि सभी पथ विक्रेता समय पर अपने ऋण का भुगतान कर 20,000 और 50,000 के ऋण का लाभ प्राप्त करें और अपने व्यवसाय को सुचारू ढंग से चलाएं। हितग्राही स्वयं के मोबाइल फोन से या चॉइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि आवेदक का आधार कार्ड; मोबाइल फोन से लिंक होना चाहिए और आवेदक का व्यवसाय जामुल शहर में होना चाहिए। विस्तृत जानकारी के लिए पालिका परिषद जामुल मे सम्पर्क कर सकते हैं।



## भिलाई की संतोषी ने राष्ट्रीय स्पर्धा में जीता सिल्वर मेडल




**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। काशीपुर उत्तराखण्ड में चल रही 49वी पुरुष एवं 41वी महिला सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ़्टिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुनः छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ़्टिंग टीम की महिला खिलाड़ी संतोषी माँझी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शहीद गुंडाधुर व राजीव पांडेय अवॉर्डी ने 63 किलो वर्ग में स्क्वॉट 195 किलो, बेंचप्रेस 87.5 किलो तथा डेडलिफ़्ट में 177.5 किलो कुल टोटल 460 किलो लिफ़्ट कर रजत पदक जीतने में सफलता पाई है । इस प्रकार छत्तीसगढ़ को दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक दिला कर ममता रजक और संतोषी माँझी ने यह साबित कर दिया है आज भी छत्तीसगढ़ की बेटियाँ सबसे आगे है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दुर्ग में कार्यरत पॉवर जिम, भिलाई की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संतोषी माँझी ने सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ़्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक व अंतर राज्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य को यह शानदार उपलब्धि दिलाई है । उल्लेखनीय है कि संतोषी माँझी ने गत वर्ष 2022 में ऑंकलेंड न्यूजीलैंड में सम्पन्न कॉमनवेल्थ अंतरराष्ट्रीय पॉवरलिफ़्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य व भारत देश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि 42 वर्ष की उम्र को पार कर दो बच्चों की माँ संतोषी माँझी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को स्वर्ण पदक दिलाने वाली भारत की स्ट्रॉंग विमन को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बधाई संदेश भेजा है, साथ ही खेल विभाग छत्तीसगढ़ शासन भिलाई इस्पात संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ़्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियो,समस्त पॉवर लिफ़्टरों व खेल प्रेमियों ने बधाई व शुभकामनाएँ दी है।

## केम्प में मनाई गई मिनी माता की पुष्यतिथि



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शारदा पारा भैरव बस्ती भिलाई में छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनी माता की पुण्य तिथि अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन द्वारा मनाई गई। मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरी थी। संचालन अशोक मिरी ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मिनी माता सन् 1952 से1972 तक सांसद थी। उन्होंने छूआछूत के खिलाफ आवाज उठाती रही और 1955 में छूआछूत बिल पास कराने में सफल रही। सिंचाई के लिए हसदेव बागों बांध बनवाया। भिलाई इस्पात संयंत्र मे स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने में मदद करती रही। महिलाओं को पढ़ने लिखने शिक्षित करने में जोरदार प्रयास किया। समारोह में मुख्य रूप से ईश्वरी बघेल, पांचों बंजार, मंजू कुर्रे, कृति घृतलहरे, रजनी घृतलहरे मीना कोशरे, संतोषी यादव, किरण घृतलहरे, सुमित्रा साहू, बिन्दु बारले, बेबी कुर्रे, शान्ति घृत लहरें, आशा कड़कने, दीनानाथ, अशोक मिरी, नकूल टंडन, प्रवीण कौशिक आदि मौजूद थे। बैठक में ऐपवा ने मांग किया कि घर-घर नल में पानी दिया जाय और मच्छरों को मारने के लिए नालियों में जोरदार छिड़काव किया जाय। फागिंग गैसों का छिड़काव किया जाय। सतनाम भवन के सामने बोर किया जाय। अशोक मिरी अध्यक्ष ऐक्टू भिलाइ ने यह जानकारी दी है।

# गिफ्ट मिल्क के तहत 3000 बच्चों को पौष्टिक दुग्ध



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र पिछल 4 महीनों से गिफ्ट मिल्क स्कीम का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। सेल नीति के अनुसार निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत संयंत्र ने चार जिलों, नारायणपुर, कांकेर, बालोद और मोहला.मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के गावों के शासकीय विद्यालयों में दूरस्थ वनांचल के गरीब आदिवासी परिवारों के 3,000 बच्चों को रोजाना 200 मिली पौष्टिक फ्लेवर्ड मिल्क निः शुल्क वितरित किया जा रहा है। इस योजना को लागू करने हेतु एनएफएन को सेल.बीएसपी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान किया जा है इस गिफ्ट.मिल्क को सभी लाभार्थी बच्चों को दैनिक रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के साथ ही प्रदान किया जा रहा है। जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन के देवभोग मिल्क द्वारा की जा रही है। ज्ञात हो कि पूर्व सेल चेयरमेन, श्रीमती सोमा मंडल ने 18 अप्रेल 2023 को अपने भिलाई दौरे के समय निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूली बच्चों के लिए गिफ्ट मिल्क स्कीम का शुभारंभ किया था। संयंत्र ने इस परियोजना का शुभारंभ रावघाट खान परियोजना के अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के बच्चों में व्याप्त कुपोषण की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से मार्च में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ समझौता कर किया है। एनएफएन के पूरे भारत में डेयरी सहकारी संघों के नेटवर्क की सहायता से आपूति प्रबंधन और निगरानी का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। इससे दूरस्थ वनांचल के गरीब ग्रामीण कुपोषित बच्चों को लाभ मिलेगा। बीएसपी द्वारा पर परियोजना की प्रगति का निरीक्षण प्रत्येक तीन माह में किया जाएगा। इस परियोजना के लाभार्थी स्कूलों के सम्बन्ध में निर्णय एवं आवश्यक जानकारी विवरण प्राप्त करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों की अनुशंसा से किया जा रहा है। संयंत्र और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के संयुक्त सहयोग से चलाई जा रही गिफ्ट मिल्क वितरण योजना बीएसपी के खदान क्षेत्रों में शिक्षा और पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। जो उचित पोषण सुनिश्चित करेगा और स्कूली शिक्षा में छात्रों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा। ज्ञात हो कि इस परियोजना के लाभार्थी विद्यालयों में महामाया माइंस के समीपस्थ 12, दुल्की माइंस के समीपस्थ 15, नारायणपुर जिले के 27, अंतागढ़ (कांकेर) क्षेत्र में कुल 31 विद्यालय शामिल हैं। परियोजना के तहत वितरित किये जा रहे दूध के फ्लेवर में प्रतिदिन परिवर्तन किया जाता है।जिसमें केसर, बादाम, पिस्ता, स्ट्रॉबेरी आदि फ्लेवर शामिल हैं।इस दूध की गुणवत्ता, फ्लेवर और स्वाद को बच्चे न केवल पसंद कर रहे हैं बल्कि इससे कक्षा में उनकी उपस्थिति भी बढ़ रही है। सम्बंधित विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी भिलाई इस्पात सयंत्र की इस पहल की सराहना की है। इस सम्बन्ध में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग ने स्वयं अवलोकन कर जानकारी साझा की है कुपोषण वर्षों से एक गंभीर समस्या बना हुआ है। जिससे बड़ी संख्या में बच्चे मंद विकास और अल्पभार की समस्या से जूझ रहें हैं। ऐसे में पौष्टिक दूध का सेवन कुपोषण से पीड़ित बच्चों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

## सेंट थॉमस महाविद्यालय में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई की अनुशासन एव एंटी रैगिंग समिति द्वारा रैगिंग के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता तथा इसके रोकथाम के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्रीमती मंजू, डॉ सुरुचि, सुलगना, डॉ चंदा वर्मा एवं कैलाश नारायण वर्मा ने छात्रों को रैगिंग ना करने तथा इससे किसी भी तरह की समस्या होने पर बचाव के संबंध में जानकारी उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी। छात्रों में दीपिका, लकी, खिलेश्वरी, सृष्टि, पुष्कर, उत्कर्षा साहू, खोमेंद्र, तेजस्वी एवं शिवली ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर गॉइडेन्स एंड कॉउंसलिंग सेल द्वारा सेंट मैरी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं के लिए एंटी रैगिंग समिति पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ देबजानी मुखर्जी थी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका तूलिका हर्षित ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर एंटी रैगिंग समिति द्वारा दिये गये।

## पेंशनर्स समाज भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम कल

**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैशाखूराम के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 9 बजे किया जाएगा।



# छुईखदान के हक पर सौगात की चासनी, नगर सजावट के लिए करोड़ों मिला प्रशासनिक बंटवारा शुन्य?

**छुईखदान**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर की कायाकल्प सजावट एवं सुख सुविधाओं की पूर्ति के लिए नगर पंचायत की पूर्व बाड़ी एवं वर्तमान नया वाडी द्वारा प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति हेतु शासन की ओर राज्य खनिज निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा के माध्यम से प्रदेश के मुखिया और इन नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई,के निर्माता छत्तीसगढ़ के भूमिपुत्र भूपेश बघेल के समक्ष आग्रह पत्र प्रस्तुत किया गया था। बताते हैं कि उक्त आग्रह पत्र को श्री बघेल द्वारा सहज स्वीकृति प्रदान की गई जिसका परिणाम स्वरुप यहां विभिन्न कार्यों के लिए भूमि पूजन एवं लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित कर एक और जहां विकास की न्यू रखी गई थी ।

श्री देवांगन और श्रीमती वर्मा सहित उल्लेखित अतिथियों का स्वागत कर नगर पंचायत एवं नगर के द्वारा नागरिकों की ओर से अभिनंदन कर कृतज्ञता व धन्यवाद ज्ञापित किया गया उक्त आयोजन हेतु नगर के विभिन्न सम्मानित जनो को भेजे गए आमंत्रण पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री घोषणा दिनांक 3ऽ 1ऽ 2022 के अनुसार नगर पंचायत कर्मचारी के लिए आवास निर्माण लागत 25 लाख ,नगर पंचायत कार्यालय भवन निर्माण लागत 20 लाख ,वार्ड 10 सहित गार्डन एवं वार्ड 15 भवन गार्डन मरम्मत कर लागत 20 लाख वार्ड 8 एवं वार्ड 15 में स्थित मंगल भवन का मरम्मत कार्य लागत 25 लाख ,सामुदायिक भवन निर्माण बाउंड्री बाल एवं सुंदरीकरण विकास कार्य लागत 40 लाख ,नादगांव से कवर्धा रोड स्ट्रेट लाइन पोल स्थापना कार्य लागत 20 लाख ,वार्ड क्रमांक 1 में नवीन मंगल भवन लागत 30 लाख, नया मटन मार्केट स्थापना हेतु 20 लाख दुकान एवं बाउंड्री वॉल निर्माण, कार्य 20 लाख मुख्य बाजार में तीन सीट निर्माण का लोकार्पण लागत 20 लाख आत्मानंद स्कूल में साइकिल स्टैंड






में बाउंड्री वाल लोकार्पण लागत20 लाख मुख्यमंत्री घोषणा दिनांक 15ऽ02ऽ 2023 के अनुसार वार्ड 1 जय स्तंभ एवं वीरांगना रानी अवंती बाई चौक सुंदरीकरण कार्य लागत 14ऽ76 लाख वार्ड 1 छिंदारी रोड जयस्तंभ चौक से विश्राम गृह तक ग्रीन बाउंड्री वॉल डेकोरेशन लाइट वर्क रेलिंग कार्य लागत 54ऽ10 ,वार्ड 1 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का रिनोवेशन कार एवं खेल मैदान मुक्त द्वारा मंच बाउंड्री वाल कार्य लागत 20ऽ 60 लाख वार्ड 4 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 19ऽ61 लाख वार्ड 8 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 19ऽ61 लाख वार्ड 15 मंगल भवन में किचन से शेडरेनोवेशन कार्य तक गार्डन में फाउंटेन वृक्षारोपण लान विकास कार्य लागत 32ऽ 15 लाख इसी प्रकार अधो संरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्य कल 63 कार्य लागत 1 करोड़ 72 लाख का भूमि पूजन कल 18 कार्य लागत 61.67 लाख का लोकार्पण इसी प्रकार राज्य शहरी विकास अधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत कार्य का भूमि पूजन वार्ड 1 बड़े पुल के पास पौनी पसारी योजना के अंतर्गत चबूतरा एवं दुकान निर्माण कार्य लागत 26.88 लाख वार्ड एक बड़े पुल के पास गौठन निर्माण के कार्य लागत 19.11 लाख 15वें वित्त आयोग और अनटाइट फंड के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्य बिजली ऑफिस चौक से शक्ति मंदिर तक पाइपलाइन विस्तार कार्य लागत 36.70 लाख वार्ड 9 जगदीश चंद्राकर के घर से तालाब के नीचे बड़े नाला तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 20 लाख उक्त आयोजन में जहां नगर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को केवल इतने ही कार्य से संतोष रखते थे खासतौर पर कांग्रेस से तालुकात रखने वाले लोग के मंच एवं पंडाल में नजर आए वहीं छुईखदान के वास्तविक विकास एवं जिले के नामकरण के अनुरूप प्रशासनिक सुविधाओं का बंटवारा कर हक चाहने वाले लोग विशेषकर भाजपा से जुड़े हुए लोग प्रेम नारायण चंद्राकर नवनीत जैन गिरिराज किशोर दास प्रदीप श्रीवास्तव बंटी मारुत्कार एवं नगर के अन्य लोग छुईखदान जिले के अनुरूप प्रशासनिक कार्यालयों छुईखदान स्थापना हेतु आगंतुक अतिथियों का कार्यक्रम स्थल से बाहर खड़े होकर नारेबाजी कर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया ।उक्त संबंध में यहां यह बताना भी आवश्यक होता है कि पूर्व मध्य प्रदेश में भाजपा शासन काल में छुईखदान को पूर्ण तहसील का दर्जा व उप कोषालय की स्थापना सहित छत्तीसगढ़ राज्य उपरांत भाजपा शासन काल में छुईखदान को व्यव्हार न्यायालय ,कृषि महाविद्यालय ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र छुईखदान से बकर कट्टा सडक निर्माण की स्वीकृति जैसे आम जनता से युवाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है ।अब की राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो विकास की गेंद क्षेत्र के विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा सहित छुईखदान एवं क्षेत्र के कांग्रेस जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता के पाले में है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधारोपण



**देवरी बंगला**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक वसुधा वंदन वीरों का वंदन आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है इसके तहत दिनांक 12/8 को बालोद जिले के ग्राम पंचायत देवरी के द्वारा शहीद रितेश वैष्णव की स्मृति में परिसर में शिलापलकम वीर वंदन तथा वृक्षारोपण किया गया। जनपद पंचायत डोंडी लोहारा के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अनुभागीय अधिकारी डी आर ध्रुव के मार्गदर्शन में डोमेश्वरी मांडवी के विशेष सहयोग से उक्त कार्यक्रम संपन्न किया गया, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चों ने भी वृक्षारोपण करते हुए वसुधा वंदन वीर वंदन किया गया। कार्यक्रम में 50 नाग फलदार व छायादार वृक्षों का रोपण किया गया, ग्रामीण सेवा यांत्रिकी के सब इंजीनियर नेमीचंद रात्रे, गंजीर सर रोजगार सहायक दिनेश निर्मलकर, सरपंच प्रतिनिधि डोमेंद्र मंडावी ,पंचायत प्रतिनिधि दिनेश वैष्णव ,मुरलीधर निषाद तथा भृत्य मनोज यादव का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के अधिवक्ता संघ ने विगत दिनों अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है संघ ने दिया ज्ञापन में बताया कि आये दिन अधिवक्ता साथियों पर हमलेए उनके साथ दुव्यर्वहार किये जाने की शिकायते प्राप्त होती रहती हैए अधिवक्ता सुरक्षा हेतु पूर्व से अधिवक्ताओं द्वारा पुरजोर मांग किया जाता है किन्तु शासन द्वारा आज पर्यन्त तक इस संबंध में निर्णय नहीं लिया गया हैए जिस कारण अधिवक्ताओं को आये दिन अप्रिय घटना का सामना करना पड़ता है तहसील अधिवक्ता संघ डोंगरगढ़ माननीय मुख्यमंत्री महोदय से इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करता है किए अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लागू किया जावे। मुख्यमंत्री महोदय शासन द्वारा समाज के अनेक सामुहिक संगठनो का सामुहिक बीमा भी कराया जाता है किन्तु अधिवक्ता समाज इतना महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद भी आज पर्यन्त तक अधिवक्ताओं के लिए शासन द्वारा सामुहिक बीमा योजना तैयार नहीं की गई है। जिस कारण अधिवक्ताओं के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होने पर उनके परिजनों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तहसील अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता समूह बीमा लागू किया जावे। राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा पंजीकृत अधिवक्ताओं की मृत्यु होने पर मृत्यु दावा राशि का भुगतान किया जाता है साथ ही शासन द्वारा भी मृत्यु दावा राशि के रूप में ;4ण्द्ध राशि कम अंशदान किया जाता है जिससे अधिवक्ताओं के परिवार के समक्ष गंभीर रूप से आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। तहसील अधिवक्ता संघ डोंगरगढ़ ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि पंजीकृत अधिवक्ताओं की मृत्यु होने पर शासन द्वारा उनके परिजनो को मृत्यु दावा राशि 10ए00ए000ध् ;दस लाखद्ध रूपये प्रदान किया जावे। इस दौरान अध्यक्ष अशोक लिल्हारे एसचिव अरशद खान उपाध्यक्षा संध्या देशपांडे उपाध्ययस टीण् एसण् कुशवाहा ए लक्ष्मी नारायण दास अरविंद सिंह एमण्एस सिंग वैष्णवए याम प्रकाश शर्माए जसवले बागडेए श्याम सुंदर प्रसादए कमलाकर सिंहए राजेश उजवनेए दौलत महोबिकए वीर सिंग साहूए तिवारीए शैलेन्द्र परिवारए पूनम तिवारीए विवेक महोलिया में अशोक नितिन लोकरए मनोज साहूए सुरेन्द्र वर्माए सुमित साहूए लूनकरन उकेए मंदिनी साहूए अनिता साहूए छाया बंजारेए बनवारी सिंन्हाए शैलेन्द्र शर्माए एन्थोनी फ्लिीपए धनंजय हाड़िया आदि अधिवक्तागण शामिल रहे।



## जिला कार्यालय की मांग को लेकर छुईखदान नगर बंद रहा

**छुईखदान**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। नवगठित संयुक्त जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के मध्य मेँ स्थित ह्रदय स्थल शहीद नगरी छुईखदान की लगातार की जा रही उपेक्षा से क्षुब्द हो कर एवं छुईखदान में जिला चिकित्सालय एवं अन्य जिला स्तरीय आफिस खोले जाने कि मांग को लेकर छुईखदान नगर विकास मंच एवं व्यापारियों के आव्हान पर छुईखदान का बंद का आह्वान किया गया था जो की पूर्णत:शांति पुर्ण सफल रहा सभी व्यापारियों ने अपना व्यापार व्यवसाय बंद कर नगर बंद को खुल कर समर्थन दिया, खास बात यह रही कि बंद के समर्थन में छुईखदान शहर के साथ ही साथ ही शहर से लगे हुये ग्रामीण छेत्र भी बंद रहा जिसमे ग्राम पंचायत गोपालपुर, धारिया, कोडका, सिलपट्टी, पदमावतीपुर, ,आमगांव, बिडोरी, बुढहाँनभाट, , नवागांव, श्यामपुर, बीरूटोला,कोहलाटोला, कानीमेरा ,बघमरा, लंझीयाटोला ,लक्ष्मणपुर महरा टोला भोरमपुर सहित अन्य गांव के लोगों ने भी अपने व्यापार व्यवसाय बंद कर इस मांग का समर्थन किया। ज्ञात हो कि नव गठित खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला निर्माण को एक बरस होने जा रहा हैँ लेकिन 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहाँ पर कोई जिला स्तर के कार्यालय का न आना संदेह पैदा कर रहा है। शासन द्वारा कौन कौन से विभाग छुईखदान में खोले जाएंगे ? जिले निर्माण के कौन कौन से कार्यालय छुईखदान अथवा गंडई मेँ मिलेगा यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है,यह बात स्पष्ट नहीं होने के चलते लोगों में धीरे-धीरे भ्रम का वातावरण बनता चला जा रहा है और यह रोष में तब्दील होते हुए अब यह आंदोलन की राह पकड़ चुका है, जिसे लेकर विरोध स्वरुप स्थानीय व्यापारियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने भी अपना व्यापार बंद कर मजबूती के साथ बंद को समर्थन दिया स जो इस बंद के आयोजन को व्यापकता प्रदान कर गया शाम तक सभी दुकानें बंद रही माना जा रहा है आने वाले समय में इस आंदोलन को और व्यापक बनाने जल्द ही रूपरेखा तैयार किया जावेगा, और नगर विकास मंच के साथियों का कहना है कि अगर शासन ने हमारी मांगों पर फिर भी ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन और नगर बंद के अलावा नाकेबंदी जैसे कार्यक्रम को संचालित करने मजबूर होंगे। छुईखदान 72 घंटे बंद ' नगर विकास मंच के लोगो का कहना है कि उनकी मांगे पूर्ण नहीं किया गया तो नगर विकास मंच का आंदोलन और भी कड़ा होगा जिसमे 72 घंटो का बंद किये जाने कि तैयारी है, इस सम्बन्ध मेँ नगर विकास मंच के लोगो ने ने बंद को सफल बनाने के लिए व्यापारी संघ का आभार जताया है।



## पाल समाज के युवाओं ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**आरंग**, 13 अगस्त। नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर को देशभर में जाना है।13 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि पर आरंग में पाल समाज के युवाओं ने समाज के बुजुर्गों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही।आपको बता से की आरंग में पाल समाज के युवाओं द्वारा यह पहला आयोजन है।इस आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगो ने भाग लिया।

## निधन

### सरदार जीएस बेदी



**रायपुर**, 13 अगस्त। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन स्काई अपार्टमेंट्स के निवासी सरदार जीएस बेदी का आकस्मिक निधन 13 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 14 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई जाएगी । वे सुखप्रीत सिंह बेदी (मिक्की) के पिता थे।

### पोषण कंसारी




**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। स्थानीय कंसारी समाज के वरिष्ठ पोषण कंसारी पिता सोमनाथ कंसारी 56 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को प्रात: 9 बजे उनके निवास कंसारीपारा से निकाली जायेगी. वे स्व.झामन, त्रिलोक के भाई एवं दीपक, देवेन्द्र, कोमल के चाचा थे।

### अर्जुन देवांगन



**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। तर्री निवासी देवांगन समाज के वरिष्ठ अर्जुन देवांगन पिता का आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा तर्री स्थित निवास से निकाली गई. जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. वे रामकुमार, भरत, संतोष के भाई एवं हेमंत के पिता थे।

### बिसाहीन बाई ध्रुव



**बलौदाबाजार**, 13 अगस्त। ग्राम पंचायत सेम्हराडीह निवासी 70 वर्षीय बिसाहीन बाई ध्रुव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, वे धनेश की भाभी, संतोष की मां तथा सुखदेव, राहुल व योगेश की बड़ी मां थीं।

## बुनकर समितियों का सम्मान

**बेमेतरा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व एवम भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालनी राजपूत के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ग्राम बीजाबाट स्थित प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति में बुनकर भाइयों एवं बहनों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर लोकल का फोकल को बढ़ावा देने हेतु विगत सप्ताह 7 अगस्त को नई दिल्ली में देशभरके प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियो के सम्मेलनको संबोधित करते हुएआश्वासन एवं आह्वान किया है की देश में खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे देश भर के बुनकर भाइयों के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा देशवासियों से माननीय मोदी जी ने आह्वान किया है स्वदेशी को अपनाना और लोकल फार वोकल को बढ़ावा देना इससे हमारे देश के जो प्राथमिक बुनकर समिति है वह और अधिक मजबूत होकर के कार्य करने में सक्षम होगी इसी तारतम्य आज प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति बीजाभाट में बुनकर बहनों एवं भाइयों से मुलाकात कर उनका हालचाल जानने एवं उन को प्रोत्साहन एवं सम्मान करने हम लोग आज प्राथमिक सहकारी समिति में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सम्मान का कार्यक्रम रखा गया इस दौरान बुनकर भाई बहनों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रीना साहू ने बुनकर भाइयों बहनों से उनकी मेहनत और लगन से खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर प्रशंसा की इस अवसर पर समिति प्रबंधक बाबूलाल देवांगन, अध्यक्ष राकेश कुमार देवांगन उपाध्यक्ष पार्वती देवांगन सदस्य सुषमा साहू , निर्मला देवांगन, करुणा देवांगन, विष्णु देवांगन, मोती देवांगन, रामदास देवांगन, भागमती साहू, समेली सिन्हा, आदि बुनकर बहनों एवं भाइयों का साल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया, सम्मान कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमिला साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन बुनकर समिति के प्रबंधक श्री बाबूलाल देवांगन ने आभार व्यक्त किया एवं सम्मान के लिए भाजपा महिला मोर्चा जिला बेमेतरा का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में भाजपा ने किया विविध कार्यक्रम

**बालोद**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता और बंटवारे में विस्थापित होने वाले और अपनी जान गवाने वाले लाखो नागरिकों के संघर्ष और बलिदान की याद में भाजपा जिला बालोद द्वारा 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है कार्यक्रम में जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि भारत पाकिस्तान के बंटवारे के समय नफरत और हिंसा की वजह से लाखों भाइयों बहनों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी उस समय के तथ्यों को स्मरण करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा आज 14 अगस्त को संध्या 4 बजे कुर्मी भवन बालोद में विभाजन के मार्मिक चित्रों की प्रदर्शनी विभाजन से संबंधित विभिन्न जानकारियां एवं वक्ता के माध्यम से विभाजन के विभीषिका पर विस्तृत उद्बोधन होगा। जिसके पश्चात जिन लोगों ने विभाजन के समय यातनाएं झेली और अपने प्राणों की आहुति दी उनकी याद में मौन जुलूस एवं 101 मीटर लंबा तिरंगा को लेकर जिला भाजपा कार्यालय से सदर मार्ग होते हुए बुधवार बाजार चौक पर शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए रेलवे स्टेशन चौक से जय स्तंभ चौक पर वीर शहीदों को याद करते हुए दीप प्रज्वलित किया जाएगा जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने इस कार्यक्रम में समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित आम जनता से आह्वान किया है कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विर शहीदों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करें कार्यक्रम में सहसंयोजक जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे एवं पुष्पेंद्र चंद्राकर ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश, मेरा तिरंगा, मेरा अभिमान के अंतर्गत भाजपा के सभी मंडलों एवं विभिन्न ग्रामों में आजादी का दिवस 15 अगस्त के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर भारत माता के तैल चित्र पर वंदन पूजन कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा सहिद सैनिक की प्रतिमा में माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा कर आजादी में अमर शहीदों को याद किया जाएगा मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कर्तव्य, निष्ठा, समर्पण ...

के अध्यक्ष वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा उनकी इसी शिक्षा व विरासत को साथ लेकर चलते हैं। वोरा जी के निवास में मिलने के लिए समय लेने की आवश्यकता नहीं होती ना ही आत्मीयता में कोई कमी होती है। वोरा जी की कार्यशैली पर चलते हुए अरुण वोरा को तीन बार शहर वासियों ने आशीर्वाद देकर अपना प्रतिनिधि चुना है।

**पद की लालसा की जगह हमेशा विनम्रता व कर्म को दी प्राथमिकता**

राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान वोरा जी ने युवा पीढ़ी को गहरी सीख देते हुए कहा किए पद तो आते हैं और चले जाते हैं, पद आने जाने के बीच मे इंसान को हमेशा विनम्र रहते हुए दी गई जिम्मेदारियों का सम्पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए जनता की सेवा करनी चाहिए। 14 अगस्त 2023 को शाम 5 बजे मोतीलाल वोरा की प्रतिमा का अनावरण राजेन्द्र पार्क चौक में मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। दुर्ग के मोती प्रदेश के लाल को दी जा रही इस श्रद्धांजलि में देश भर से कांग्रेसजन शामिल होंगे।

## जामा मस्जिद कवर्धा में मुतवल्ली चुनाव 2 सितम्बर को

**कवर्धा**, 13 अगस्त। जामा मस्जिद कवर्धा में पहली बार बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है। वहां के जमातियों ने बताया कि लोकतांत्रिक तरीके से शहर में पहली बार चुनाव होगा। कवर्धा शहर और जिले की सबसे बड़ी मसजिद होने से वोटर भी ज्यादा तादात में शामिल हुए हैं और लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ के विभिन्न शहरों के मस्जिदों में राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार मुतवल्ली चुनाव शासन के गाइड लाइन के अनुसार करवाए जा रहे हैं। इसके लिए वक्फ बोर्ड द्वारा चुनाव समिति गठित की गई है। जिसके संयोजक सहायक ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शोएब अहमद खान को बनाया गया है। उनके संयोजन में राजधानी के जामा मस्जिद सहित पांच अन्य मस्जिद में मुतवल्ली चुनाव शांतिपूर्वक करवाया जा चुका है। उनसे हुई चर्चा में बताया कि जामा मस्जिद कवर्धा में मुतवल्ली पद हेतु मतदान 2 सितंबर को होगा।

इसके लिए 27 जुलाई से मतदाता रजिस्ट्रेशन का काम शुरू हुआ था कल 12 अगस्त को अंतिम दिन था। कुल 1065 लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाया। मतदाता सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति के लिए आज 13 और 14 अगस्त का समय निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 16 अगस्त को किया जाएगा। 18 अगस्त को नामांकन फार्म वितरित किया जायेगा व 21 अगस्त को नामांकन फार्म जमा लिया जायेगा 22 अगस्त को स्क्रूटनी, 23 अगस्त को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जायेगा। और मतदान व मतगणना 2 सितंबर को होगा। इस बार चुनाव समिती में सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक शमशीर खान को भी रखा गया है। साथ ही छत्तीसगढ राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य रियाज़ खान भी उनका सहयोग कर रहे हैं। छत्तीसगढ के विभिन्न मसाजीद में होने वाले मुतवल्ली चुनाव के लिए राज्य वक्फ बोर्ड ने एक चुनाव संचालन कमेटी गठित की है जिसके संयोजक सहायक ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शोएब अहमद खान को बनाया गया है। अब उनके साथ सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक शमशीर खान,उप पुलिस अधीक्षक रेल्वे सैय्यद नसीम अख्तर और उप पुलिस अधीक्षक एसीबी फरहान कुरैशी कमेटी में हैं। 2 सितंबर को मुतवल्ली चुनाव के लिए मतदान सुबह 9 से 4 बजे तक होगा। इसी दिन शाम 5 बजे गिनती शुरू कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### 91 वर्षीय इदु मियां ने पंजीयन कराया

कवर्धा के सबसे बुजुर्ग 91 वर्षीय आली जनाब इदु मियां ने अपना पंजीयन चुनाव के लिए कराया है। शनिवार को आखरी तारीख तक कुल रजिस्ट्रेशन 1065 हुआ है।



## साहू संघ के जिला महिला प्रकोष्ठ ने मनाया तीजा त्यौहार व सावन महोत्सव



**दुर्ग**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीजा तिहार एवं सावन महोत्सव पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं की गई। कार्यक्रम की अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू थी। अध्यक्षता शीलू साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ ने की। विशेष अतिथि अखिल भारतीय तैलिक महासभा की कार्यकारिणी सदस्य यमला साहू, प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष मधु गजपाल, डॉ. भारती साहू, मंजू वोरा, हिमा साहू, रितेश्वरी साहू थीं। भक्तमाता कर्मा की आरती से प्रारंभ आयोजन में स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिक देवीश्री साहू ने दिया। उन्होंने समाज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संघ की सलाहकार रागिनी साहू, जिला उपाध्यक्ष दिव्या कलिहारी, मंजू खुशबू साहू, रूपेश्वरी साहू, तनूजा साहू, गेंद कुमार कांता साहू, सरिता साहू, तृप्ति साहू, शंकुतला, पुष्पा साहू, लालेश्वरी साहू उपस्थित रहीं।


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
ममता चंद्राकर
विधायक पण्डरिया
कोमलराम साहू
सरपंच ग्रा.पं. सुकतरा
अटल सिंह सेंगर
उपसरपंच ग्रा.पं. सुकतरा
नीमा लाल जंघेल
सचिव ग्रा.पं. सुकतरा
एवं ब्लाक अध्यक्ष सचिव संघ
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनांए...
रोजगार सहायक – नीमीराम पटेल
पंचगण – अमरीका पाटिल, सुरेखा पाटिल, जयंत्री पाटिल, सोतन लाल साहू, सरोज पाटिल,
धन्नूराम पाटिल, ढ्लिेश्वर रजक, सुनीता बाई श्रीवास, सरिता साहू, सरोज रजक, नाथूराम पाटिल,
टाकेश्वरी साहू, शिवकुमार साहू, पून्नी महिलांग, सावित्री साहू, दुर्जन साहू, पीलूराम साहू एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत सुकतरा, विकास खण्ड स. लोहारा


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
भूपेश बघेल
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
समस्त प्रदेशवासियों
को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनांए...
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
लक्ष्मण धुर्वे
सरपंच ग्राम पंचायत केंजेदाह
सचिव
धनेलाल पाटिल
उपसरपंच
निरसिया वर्मा
रोजगार सहायक
श्रीमती नीता धुर्वे
पंचगण – रमतीला नेताम, पनटोरिन यादव, सुखाराजी वर्मा, हरिलाल साहू, सुनिता साहू,
खोलिया बाई साहू, सुनती वर्मा, अमृत साहू, गजानंद खुसरो एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत केंजदाह, विकास खण्ड स. लोहारा


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
ममता चंद्राकर
विधायक पण्डरिया
लीला अटल ठाकुर
सरपंच ग्रा.पं. ग. खम्हरिया
तिरिथ राम साहू
उपसरपंच ग्रा.पं. ग. खम्हरिया
संतोष सेन
सचिव ग्रा.पं. ग. खम्हरिया
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनांए...
रोजगार सहायक – टीकम राम
पंचगण – श्रीमती राधा लहरे, श्रीमती पुरानबाई, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती कान्ती बाई साहू,
श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती बेना बाई साहू, श्रीमती बुधन बाई साहू, श्रीमती रेवती मरकाम,
श्री मंगल सिंह सोरी, श्री संतराम मण्डावी, श्री केवल साहू, श्री नागेन्द्र साहू, एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत ग. खम्हरिया, विकास खण्ड स. लोहारा


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
भूपेश बघेल
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
मोरज राम साहू
सरपंच ग्राम पंचायत रवसे
उमेश कुमार मण्डावी
सचिव ग्राम पंचायत रवसे
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनांए...
उपसरपंच
विरेन्द्र कुमार साहू
रोजगार सहायक
श्रीमती भुनेश्वरी साहू
पंचगण – रेखाबाई साहू, शंकरराम साहू, मुन्नीबाई साहू, रमेश कुमार गंधर्व, रूखमणी बाई साहू, सुशीला साहू,
चोवाराम साहू, रीना पटेल, कल्याणी साहू, केशव राम साहू, रेवती बाई साहू एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत रवसे, विकास खण्ड स. लोहारा


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
ममता चंद्राकर
विधायक पण्डरिया
तिलकधारी नेताम
सरपंच ग्रा.पं. डोंगरिया
डेहरिन बाई वर्मा
उपसरपंच ग्रा.पं. डोंगरिया
रामकुमार सेन
सचिव ग्रा.पं. डोंगरिया
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनांए...
रोजगार सहायक – सुनीता धृतलहरे
पंचगण – शोभाराम वर्मा, गणेशिया बाई, गौरी बाई साहू, पील्लू दास मानिकपुरी,
पूर्णिमा साहू, सुनीता बाई, नेमबाई बघेल, अशोक कुमार बंजारे, कुंती मेहर,
डरेल मण्डावी एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत डोंगरिया, विकास खण्ड स. लोहारा


जय हिन्द
गोधन न्याय योजना बनेगी वरदान
पशुपालको के चेहरे पर लाएगी मुस्कान
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मो. अकबर
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
ममता चंद्राकर
विधायक पण्डरिया
फुलेश्वरी गोरेलाल साहू
सरपंच ग्रा.पं. कोटरा बुदेली
गोरेलाल साहू
सरपंच प्रति. ग्रा.पं. कोटरा बुदेली
डाकेश्वर सेन
सचिव ग्रा.पं. कोटरा बुदेली
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनांए...
उपसरपंच – प्रहलाद सिंह नेताम
पंचगण – गजानंद धुर्वे, नान्हूराम साहू, जनक जायसवाल, मोहन साहू,
मोहनी धुर्वे, रेखा साहू, पुष्पा यादव, चितरेखा साहू, जेठिया यादव, बिरझा मरकाम
एवं समस्त ग्रामवासी
विनीत - ग्राम पंचायत कोटरा बुदेली, विकास खण्ड स. लोहारा

CMYK

## हर घर तिरंगा अभियान

# तिरंगे को लेकर लोगों का उमड़ा प्यार

**बेमेतरा** , 13 अगस्त (देशबन्धु)। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूरे बेमेतरा ज़िले में आजादी का अमृत महोत्सवष् के क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए चलाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह 13 अगस्त से 15 अगस्त 2023 के दौरान आज 13 अगस्त से च्हर घर तिरंगाज्ञ अभियान से लोग जुड़ रहे है। यह सिलसिला आगामी 15 अगस्त तक चलेगा।



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने जिलेवासियों से इस साल 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के तहत हिस्सा लेने की अपील की है। इसी सिलसिले में कलेक्टर एल्मा ने कार्यक्रम के सफल बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी है। उसी का परिणाम है कि आज बेमेतरा शहर में हर तरफ घर, दुकान, सब्जी भाजी, फल बेचने वाले, निजी कार्यालय सहित गली मोहल्लों में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति नागरिकों का प्यार उमड़ा। उन्होंने तिरंगा को हाथों में लेकर तस्वीरें साझा की। सेल्फी खींचते लोग देखें गए। सी-मार्ट में विक्रय हेतु झंडा उपलब्ध है।

इस अभियान की जिला स्तर पर संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुपिंकी मनहर और सहायक नोडल अधीक्षक आशुतोष गुप्ता होंगे। सी-मार्ट में विक्रय हेतु झंडा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी महाप्रबंधक जिला उधोग एवं व्यापार केंद्र को दी गयी है। सी-मार्ट में झंडा विक्रय हेतु उपलब्ध है। देश के सर्वाधिक नेटवर्क वाले डाक विभाग भी झंडा विक्रय हो रहा है।

हर घर तिरंगा भारत की आज़ादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु च्आज़ादी के अमृतज्ञ महोत्सव के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। झंडे के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। आजादी के 76वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है।

# समन्वय बनाकर चलना ही समाज की सच्ची सेवा: मदन सोनबरसा

**बालोद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। आपसी समन्वय बनाकर चलना समाज की सच्ची सेवा है। समाज में कमजोर तबके के लोगों को साथ में लेकर चलने से सेवा भावना की सोंच प्रबल होती है। यदि समाज में व्यक्ति सच्ची सेवा व मन लगाकर सेवा प्रदान करें तो पंचों के मुह से परमेश्वर का वास्ता समाज में दिया जाता है। उक्त बांते बालोद स्थित मरारा पारा साहू सदन में तहसील साहू समाज की बैठक में आठो परिक्षेत्र के पदाधिकारी व सामाजिक बंधुओ को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने साहू सदन के उपर प्रथम तल भवन निर्माण के भूमि पूजन के अवसर पर कहा। इसी प्रकार अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए सभी सामाजिक बंधुओं को आव्हान करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर तहसील साहु समाज के प्रत्येक घरों में खाली पडत भूमि में 5-5 पौधों का रोपण किया जाना चाहिए। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का गठन, कार्यकारिणी सदस्यों का नाम जोडना, सेवा निवृत कर्मचारियों की जानकारी व सम्मेलन बालोद तहसील साहू सदन में 15 अगस्त को ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय संत कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की जुंगेरा में मणी शिवलिंगपुराण कथा के आयोजन व व्यवस्थाओं पर सहयोग प्रदान करने व उनकी संबंधी सूची एवं तीज मिलन कार्यक्रम के स्थान व कार्यक्रम की तिथि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किए। व उपस्थित पदाधिकारियों से मार्गदर्शन मांगे। इसी प्रकार तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष जयंत साहू ने जुंगेरा में आयोजित शिवपुराण कथा के दौरान अधिक से अधिक तन मन धन व निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करने का आपहान्न किया। वंही तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष रश्मि साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज के साथ साथ हमें धार्मिक आयोजन से जुडकर कार्य करने में आात्म शांति का साक्षात्कार होता है। बैठक के दौरान तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष तुकेश हिरवानी ने तीन महीने के आय व्यय की जानकारी उपस्थित साहू समाज के पदाधिकारी व सदस्यों को दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा, उपाध्यक्ष रश्मि साहू, सरंक्षक कृष्णा साहू न्याय प्रकोष्ठ के रोहित अठनागर, द्रोणाचार्य साहू, तुकेश हिरवानी, मोहन कलिहारी, हेमंत साहू, कुंजलाल साहू, हिमाचल साहू, हंस किशोर साहू, दिनेश साहू, वीणा साहू, सरोज गंगबेर, जगेश्वरी साहू, रेणुका साहू, गोपेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, हिरौंदी साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू, उत्तम साहू, दुर्गाशंकर साहू, सहित सामाजिक पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी गरीबों का दर्द समझते है: राजेन्द्र शर्मा

**बेमेतरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बेमेतरा द्वारा शक्ति केंद्र बाजार पारा में केन्द्र की भाजपा सरकार के सफलतम 9 साल पूरे होने पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों का दर्द समझते हुऐ आवास योजना लागू की ताकि जिन गरीब के पास छत नहीं हो उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके । बेमेतरा नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना से बहुत गरीब परिवार को मकान मिला है । प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना से सालाना 6 हजार रु किसानों को किश्त के माध्यम से मिल रहे है । धान खरीदी में समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान केन्द्र सरकार करती है । किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम मोदी सरकार कर रही है । महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना से गैस कनेक्शन दिए गए गैस चूल्हे का वितरण किया गया । कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू,जिला मंत्री विकास घरडे हर्ष तिवारी ,ललिता साहू,रीना साहू, मीडिया प्रभारी निशा चौबे,संतोष वर्मा रामानंद त्रिपाठी,युगल देवांगन,राकेश मोहन शर्मा,डा विनय साहू ,सिद्धांत ठाकुर, राजेश शर्मा ,तुषार साहू,हेमलता शर्मा,सजनीयादव,लक्ष्मी लहरे ,धर्मराज खांडे,सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी,हितग्राही उपस्थित थे ।




## विश्वविद्यालय के छात्रों ने जंगलपुर पहुचकर मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**खैरागढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने गोदग्राम जंगलपुर पहुंचकर आदिवासियों के साथ पर्व मनाया. इस दौरान शिक्षकों सहित छात्रों ने ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया साथ ही राष्ट की प्रगति और निर्माण में आदिवासी समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा की. इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के एनएसएस प्रभारी डॉ.दिवाकर कश्यप ने बताया कि कुलाधिपति की मंशानुरूप कुलपति डॉ.ममता चंद्राकर के संरक्षण और कुलसचिव प्रो.डॉ.आईडी तिवारी के निर्देशन में गोदग्राम जंगलपुर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया. जंगलपुर आदिवासी बाहुल्य ग्राम है जहां ग्रामवासियों को आदिवासी दिवस के बारे में जानकारी दी गई. इस अवसर पर कुलपति की ओर से दी गई शुभकामना सन्देश का वाचन किया गया. खैरागढ़ विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के द्वारा देश और समाज की प्रगति में आदिम समुदाय के बहुमूल्य योगदान पर चर्चा की गई. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) प्रो.डॉ.राजन यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर (वोकल) व एनएसएस प्रभारी डॉ.दिवाकर कश्यप, जनसंपर्क अधिकारी विनोद डोंगरे, एनएसएस कैडेट्स में प्रियंका जंघेल, रेखा साहू, पिताम्बर साहू, शुभम ठाकुर, जंगलपुर से अशोक धुवे, प्रतिमा धुवे शिवलाल धुवे सहित पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी प्रतिनिधि, स्थानीय छात्र छात्राएं और ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# जिले में स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्वक मनाने अंतिम अभ्यास संपन्न



**बालोद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के स्वण्सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में गरिमापूर्वक मनाने रविवार को अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। कलेक्टर कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। साथ ही राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आज प्रात: 08 बजे जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ को सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर छात्र.छात्राओं को देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों का स्मरण कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा रेणुका श्रीवास्त, एडीएम शशांक पाण्डेय, एसडीएम शीतल बंसल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। गातापार थाना क्षेत्र में 12 अगस्त को प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि प्रार्थी के नाबालिक भतीजी को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर एसडीओपी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में वनांचल के बालिका को सकुशल तलाश करने थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृत बालिका के तलास करने सघन अभियान चलाकर लगातार अथक प्रयास कर प्राप्त सूचना के आधार उत्कृष्ट पुलिसिंग करते हुये 13 अगस्त को अपहरणकर्ता आरोपी दीपक ढीमर के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया नियमानुसार पूछताछ करने पर अपहृत नाबालिक बालिका के साथ आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपहरण कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया गया पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 366 (क), 376, (2)(ढ), 376 (3) भादवि, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोडा गया एवं आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल शर्मा, सउनि पुरूषोत्तम निर्मलकर, प्रआर तेजान सिंह ध्रुव आर आशीष चंद्रवंशी का सराहनीय भूमिका रही है।



# गंभीर बच्चे के सफल ईलाज पर परिवार ने शहिद अस्पताल का माना आभार

■ डॉक्टर को भारत धरती में भगवान का दर्ज देते,शहिद अस्पताल में हुआ चरितार्थ

**दल्लीराजहरा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर व जिले का सबसे बड़ा शहिद अस्पताल गरीबों के लिए वरदान बना हुआ है। गंभीर स्थिति में आये मरीज इस अस्पताल में आज के महंगाई के युग में कम खर्च में अपने बिमारी का सफल ईलाज करा के स्वस्थ्य लाभ ले रहे है,ऐसे मामले अक्सर इस अस्पताल में देखने को मिलता है।जब आज नीजि अस्पताल के डॉक्टर मरीज के गांभीर ईलाज के लिए अपने हाथ खड़े कर देते है तब वे मरीज इस अस्पताल में अपना ईलाज करा कर स्वस्थ हो कर अपने परीवार के साथ घर जाते है। इसी प्रकार का मामला शहिद अस्पताल में प्रकाश में आया एक 5 साल का बच्चा अमृत कुछ भी खाता था सब उल्टी में बाहर आ जाता था बच्चे के पालक इस समस्या को लेकर बच्चे को शहिद अस्पताल में भर्ती कराया उस बच्चे को यह समस्या 1 माह से था बच्चा देखने में कुपोषित दिख रहा था । बच्चे के परिजनों ने बताया की बच्चा एक महिने पहले खेलते खलते घर के बाहर रखी गाड़ी में एसिड को पी लिया था उसे तुरंत अस्पताल ले कर गये ज्यादा समस्या न होने के कारण बच्चे को एक दो दिन में डॉक्टरों ने छुट्टी दे दिये। अस्पताल से बच्चे को घर लाने के बाद बच्चा कुछ भी खाता उल्टी हो जाता यह सीलसीला लगातार होने लग गया फिर बच्चे को पास के अस्पताल में भर्ती किया गया पर समस्या ठीक नही हुई बच्चे के पालक बच्चे को कई अस्पताल में दिखाया बच्चे की सयस्या बढ़ते ही जा रही थी तब बच्चे के माता पिता डॉक्टर के कहने पर शहिद अस्पताल में ले जाने की सलाह पर ईलाज के बच्चे को शहिद अस्पताल में ले कर दिखाएं शहिद अस्पताल के डॉ जाना के मार्ग दर्शन में डॉक्टरों की टीम मेडिकल स्टाफ बच्चे के ईलाज में लग गये। बच्चे की बिमारी जानने के लिए उसकी पुरी जांच किया गया जांच रिपोर्ट में पता चला की बच्चे के पेट की थैली में रूकावट की समस्या है और यह समस्या ऐसिड के पीने से हुआ है। जिस के कारण बच्चा कुछ भी खाता है उसे उल्टी हो जाती है। डॉक्टरों ने बच्चे की बिमारी के संबध में परिजनों को बताया व इस बिमारी की समस्या का ईलाज ऑपरेशन के द्वारा है परिजनों को बताया डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का सफल ऑपरेशन किया बच्चा स्वस्थ है बच्चे का वजन भी बढ़ने लगा है,उल्टी पुरी तरह बंद हो गया बच्चे के माता पिता देशबन्धु से बात करते हुए कहा की भारत की धरती में डॉक्टर को भगवान का दर्ज दिया जाता है,यह बात शहिद अस्पताल में चरितार्थ होता हुआ हम देख रहे है। शहिद अस्पताल हम जैसे गरीब लोगों के लिए कम खर्च में ईलाज होना वरदान से कम नही है। उन्होने शहिद अस्पताल के फाउंडर सदस्य डॉक्टर जाना व समस्त डॉक्टरों मेडिकल स्टाप अस्पताल मनेजमेंट का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया है।



## कांवर यात्रा लेकर झरण- कुंवलेश्वर मंदिर में शिव जी का किया जलाभिषेक

**दल्लीराजहरा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्र0 15 में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में राम मूरत भारद्वाज के नेतृत्व में शिव भक्त नंगे पांव बैंडबाजा के साथ कांवर यात्रा लेकर झरण मंदिर से जल ले कर वार्ड 15 शहिद गैरज के समिप कुंवलेश्वर महादेव मंदिर में पहुच कर भगवान शिव पर जल चढ़ाया व शिव भक्त जलाभिषेक कर भजन और शिव मंत्र के साथ पूजा अर्चना किये। राममुरत भारद्वाज व मातृशक्ति महिलाओं व मंदिर के पुजारी ने पूजा अर्चना कर शिव भक्तों को तिलक लगाकर बधाई दिये कांवर यात्रा में शामिल शिव भक्तों का आस पास के लोग गर्मजोशी से स्वागत कर सभी कांवरियों पर फूल वर्षा कर अभिनंदन किया। पुरा वार्ड शिव मय हो गया था ऐसा लग रहा था जैसे काशी विश्वनाथ वार्ड 15 मे पहुंच गये है। सेवानिवृत व समाज सेवक शिक्षक राममूरत भारद्वाज ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त किए जिन लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से वार्ड 15 की पार्षद शीला भारद्वाज,पूर्व पार्षद राम जतन भारद्वाज,रीतू विनायक,किशन शर्मा,सतेंन्द्र भारद्वाज,सोना विनायक,रोशन,विराज भारद्वाज पूजा विनायक,अर्चना भारद्वाज आशा भारद्वाज,साधना गुप्ता डिंपल गुप्ता,महेशिया ठाकुर भावना ठाकुर,सुधा नागेश आदिति रामटेके,गितिका, सुलोचना साहू,संजना भारद्वाज सहित वार्ड वासियों का सार्थक भूमिका के साथ सरहानीय योगदान रहा।



■ समाज सेवक राममूरत भारद्वाज शिव भक्तों को तिलक लगाकर दिये बधाई

## लीनेस क्लब ने छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

**बेमेतरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा हमेशा से समाज सेवा कार्य करते आए है चेयर पर्सन उमा तिवारी के द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन बढ़ाने हेतु हमेशा से ही प्रोत्साहन के रूप में मेडल दिया जाता है दिनांक 14/08/23 को कृष्णा विहार कॉलोनी में ऐकडेमिक स्कूल की छात्र कक्षा दसवीं की शरण्या तिवारी का 83त्न सिल्वर एवं धैर्य चौबे 64त्न गोल्ड मेडल देकर सम्मान किया गया और धैर्य चौबे 64/प्रसटं आया उनको गोल्ड मेडल देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद राघव कनकलता मिश्रा उमा तिवारी आरती साहू डॉ निधि वनाफर उर्वशी दास रामेश्वरी साहू सभी शामिल थे ।

# जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को छत्तीसगढ़ की सरकार कर रही पूरा: छाबड़ा

**बेमेतरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डगनिया(ब) में आयोजित सामुदायिक भवन लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि मान.आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर विधायक निधि से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 05 लाख रूपए का फीता लोकार्पण किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा जी ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम डगनिया आना हुआ था उस समय आप सभी की मांग थी कि गांव में सामुदायिक भवन का अभाव है सार्वजानिक उपयोग हेतु सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए मैंने तत्कालिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख की स्वीकृति दिया था और आज बढ़िया सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन बनकर तैयार है ,जिसका आज हम सभी ने मिलकर लोकार्पण किया है यह सामुदायिक भवन आप सभी ग्राम वासियों को समर्पित है,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गाँव से लेकर शहरो के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई जा रही है, प्रदेश सरकार गांव,गरीब और किसानों की सरकार जो लगातार विकास के लिए कर रही है ,प्रदेश सरकार ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ छत्तीसगढ़ में पंचायतों को मजबूत और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य की जा रही है,किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है,किसान भाई कड़ी धूप में तपस्या कर,हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है,ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है,अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति चिंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है,किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। किसानों को कृषि उपजों का सर्वाधिक मूल्य दिया,प्रदेश में तिलहन, दलहन और कोदो-कुटकी की भी ख़रीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। किसानों को सभी न्याय योजनाओं की किश्त समय पर मिल रही है, राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से हमारे अन्नदाता खुशहाल है, मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित करने के साथ प्रदेश में किसानों का सिंचाई कर माफ कर कर्जमाफी की गई और बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है,गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो में चावल प्रदान करने के साथ पशुपालकों से 2 रुपए किलों में गोबर भी खरीदा जा रहा है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है, छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी गाँव, गरीब और मजदूरों की सरकार है, शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में भी सरकार द्वारा लगातार कदम उठाया जा रहा है, जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा कर रही है। गाँव, गरीब किसानों और मजदूरों के हित में सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार चल रहा है। विकास कार्यों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा,राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई है और इन विभिन्न योजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। बुनियादी सुविधाओं के साथ ही तेजी से आर्थिक विकास सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में ठोस कार्य हो रहा है साथ ही ग्रामवासियों की मांग पर सुगम सड़क योजना अंतर्गत सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 20 लाख,शीतला माता मंदिर में ज्योति कक्ष निर्माण 2.50 लाख,मुक्तिधाम में शेड सह प्रतीकक्षालय निर्माण,खेल मैदान में हाईमास्क निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच,मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधी, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद बेमेतरा,दरबारी राम साहू सदस्य जनपद बेरला, रामखिलावन साहू,छगन साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, तारण निर्मलकर, जागरखन साहू,मोहित साहू, मोतीम साहू सरपंच,गणेश साहू,थुकेल साहू,सहदेव साहू, दिलहरण साहू,रवि रजक,लक्की शर्मा,लेखाकुमार साहू, रामकुमार साहू,देवकुमांर साहू,कृष्णकुमार साहू,गिरवर साहू,मनोज साहू,सागर साहू, एवन साहू, गंगे साहू,पचराम साहू,खेलावन साहू,हिरण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।



# महापौर की अगुवाई में हजारों शिव भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा


कांवड़ यात्रा में 26 गांवों के शिवभक्त हुए शामिल

**राजनांदगांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। अंजोरा स्थित गंगोत्री मंदिर में भगवान का जलाभिषेक करने के लिए रविवार को पुलगांव शिवनाथ नदी से जल लेकर कांवडियों का जनसैलाब नजर आया। पुलगांव स्थित शिवनाथ नदी के तट से हजारों की तादाद में महिला-पुरूष शिवभक्त के रूप में कांवड़ लेकर रवाना हुए। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए राजनांदगांव ग्रामीण के लगभग 26 गांव से ग्रामीण पहुंचे। कांवड़ यात्रा का स्वागत करने के लिए विशेष रूप से दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल पहुंचे। महापौर हेमा देशमुख की अगुवाई में राजनांदगांव कांवड सेना द्वारा निकाली गई यात्रा में शामिल लोग भगवान शिव की आराधना करते हुए बोल बम के नारों के साथ आगे बढ़े। शिवनाथ के तट से जल लेने के बाद एक बड़े जत्थे के स्वरूप में सभी जय महाकाल और जय भोलेनाथ की जयघोष करते हुए सड़क में कदमताल करते हुए आगे बढ़े। यह पहला मौका है जब राजनांदगांव ग्रामीण एवं अंजोरा क्षेत्र में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। लंबे समय से इस क्षेत्र में ऐसे धार्मिक आयोजन कराने की मांग उठती रही। जनभावनाओं के अनुरूप महापौर श्रीमती देशमुख ने यात्रा का शुभारंभ किया। कांवड़ यात्रा में शामिल महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। सावन महीने में भगवान शिव की स्तुतिगान करते बोल बम का नारा लगा रहे थे। डीजे की धुन पर थिरकते हुए युवा आगे बढ़े।

आयोजन के संबंध में महापौर हेमा देशमुख ने मीडिया से कहा कि लंबे समय से राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र में कांवड़ यात्रा की मांग की जा रही थी। इस पुण्यकाल में आज सभी लोग शामिल हुए हैं। इस बीच शिवनाथ के तट से अंजोरा स्थित गंगोत्री शिव मंदिर की 5 किमी की दूरी धूप में नंगे पांव तय करते हुए भक्त बोल बम का नारा लगाते आगे बढ़े। शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद, आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान संगठन जिला अध्यक्ष पदम कोठारी, जनपद सदस्य तुलदास साहू, खुटेरी सरपंच रेखा कोसरे, साकरा सरपंच लेखु टंडन, कोपेडीह सरपंच राजू साहू, देवादा छाया सरपंच संजय देशमुख, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, आयोग सदस्य विरेन्द्र चौहान, पार्षद संतोष पिल्ले, विनय झा, शरद पटेल, गणेश पवार, दुलारी साहू, दुर्जन साहू, नीलू यादव, चंद्रकांत साहू, सुनील कोठारी बृजेश गुप्ता, ,अमित खंडेलवाल ,माया शर्मा, गेमू कुंजाम, विप्लव शर्मा, विवेक बहादुर, राजू डागा, संजय रिजवानी, पार्षद मधुकर बंजारे, पूर्णिमा नागदेवे ,अवधेश प्रजापति , अमीन हुड्डा , जय नारायण सिंह ,सुरेंद्र देवांगन गोलू नायक , विनायक गुप्ता, यश राजपूत तौफीक खान, सूरज गुप्ता, , लक्की चन्द्राकर, सुनील कोठारी, कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष अजय मारकंडे शंकर देशलहरे, नितेश अग्रवाल, शीतल साहू, पंकज साहू, सचिन यादव, विक्की साहू, रौबिन साहू, ईश्वर साहू, मुन्ना, अमर, पंकज साहू, शीतल साहू, केवल निर्मलकर, राजेन्द्र साहू कारण जोशी सूरज ,अंकित शर्मा बाबा ,लक्ष्य सिन्हा ,पुष्कर साहू, हर्ष ठाकुर ,सत्यम सिंह, प्रीतेश पारख , सौम्या शर्मा, कारण मानिकपुरी, नीलेश पतीला, डोमेन्द्र साहू, अमर सहित लगभग छब्बीस गॉंव के युवा एवं महिलाएं राजनांदगांव कांवंड यात्रा में उपस्थित थे

# किराया बचाने बना फर्जी टीटी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ट्रेन में फर्जी टीटी बनकर वसूली करने वाला एक आरोपी आरपीएफ व जीआरपी के हत्थे चढ़ा है। दुर्ग रेलरे वे स्टेशन से सफर करने वाला यह शख्स सब्जी का व्यापारी है और अंबिकापुर व मनेन्द्रगढ़ सब्जी पहुंचाता था । ट्रेन का किराया बचाने के लिए उसने यह पैंतरा अपनाया । हालांकि एक यात्री की सूझबूझ से वह पकड़ा गया । इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी ने उसे हिरासत में लेकर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग में एक व्यक्ति का पता चला जो ट्रेन नंबर 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस से 10 अगस्त को टिकट चेकिंग स्टाफके रूप में काम कर रहा था । उनसे एक यात्री मोहम्मद रफीक ने टिकट मांगा और उनके टिकटों की जांच की । यात्री मोहम्मद रफीक को उनकी कार्यशैली देखकर संदेह हुआ कि वह टीटी तो नही हैं। एमडी रफीक ने उसलापुर के आरपीएफ को घटना का विवरण बताया, जिस पर आरपीएफ ने ट्रेन में संदेहात्मक व्यक्ति को ढूंढा पर वह नहीं मिला।

दूसरे दि न को एमडी रफीक जब दुर्ग स्टेशन आये तो वहां वही संदेहात्मक व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर 4 पर बैठा पाया गया । उन्होंने टीटी कार्यालय दुर्ग से संपर्क किया, जहां पी के यादव, डिप्टी सिटी और चन्द्रशेखर, सी टी सी ड्यूटी पर थे। जहां उन्होंने टीटीआई स्टाफ से असली टिकट चेकिंग स्टाफ को सभी बातें बताई। पी के यादव और चन्द्रशेखर तत्काल दुर्ग स्टेशन पर उस व्यक्ति फर्जी टी टी से पूछताछ की । जिसने खुद को रेलवे कर्मचारी बताया और बताया कि वो डोंगरगढ़ में भर्ती था, लेकिन उसके पास एक डुप्लीकेट रेलवे कार्ड था, जिसमें उसका नाम संतोष दर्शाया गया था। संदेह होने पर टीसी ने व्यक्ति से अन्य पहचान पत्र दिखाने को कहा । जबरदस्ती करने पर उस व्यक्ति ने अन्य पहचान पत्र आधार कार्ड दिखाया जिसमें उसका नाम अवधेश साहू लिखा हुआ था। वाणिज्य विभाग के टिकट जांच कर्मियो ने रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी की मदद से उस व्यक्ति को टीसी कार्यालय में लाकर चेक किया और उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें रेलवे नौकरी प्रदान करने के संदिग्ध दस्तावेज थे। उक्त संदिग्ध व्यक्ति पर रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी ने अपने अधीन ले नियमानुसार कार्रवाई की । पूछताछ में उसने बताया कि सब्जी ट्रेवलिंग के दौरान बार बार टिकट खरीदना पड़ता था और उसी खर्च को बचाने के लिए उसने यह तरकीब निकाली ।

# आज मॉ लक्ष्मी मंदिर से निकलेगी बाबा महाकाल की पालकी





**राजनांदगांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बाबा श्री महाकाल पालकी यात्रा एवं महाकाल सेना आयोजन समिति के संयोजक पवन डागा एवं संरक्षक नीलू शर्मा ने बताया की महाकाल मंदिर उज्जैन की तर्ज पर सावन मास के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर की सावन पालकी शोभा यात्रा का आज दिनांक 14 अगस्त को छठवॉ पड़ाव संपन्न होगा। बाबा की इस सावन पालकी यात्रा को राजनांदगॉव की धर्मप्रेमी जनता एवं शिवभक्तों का अगाध प्रेम, अटूट आस्था एवं अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। पूर्व की पॉच सावन पालकी यात्रा की तरह आज भी संस्कारधानी राजनांदगॉव में बाबा श्री महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में धर्मप्रेमी जनता के सानिध्य में किया जा रहा है।

षष्टम पालकी यात्रा आज 14 अगस्त दोपहर 02 बजे स्थानीय हमालपारा स्थित मॉ लक्ष्मी मंदिर से प्रारंभ होकर गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, गौशाला मार्केट, गांधी चौक, दुर्गा चौक, दुर्गा मंदिर दिग्विजय कॉलेज रोड, शीतला मंदिर रोड, फव्वारा चौक, महाकाल चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, भगवती मेडिकल गली, कमल टाकीज, भरकापारा से इंदिरा सरोवर स्थित शिव शीतल दरबार में बाबा की सावन पालकी यात्रा विश्राम लेगी।

शिवभक्तों द्वारा अपने आराध्य बाबा महाकाल जी की पालकी यात्रा प्रभु श्री चंद्रमौलेश्वर जी के स्वरूप में पूरी गरिमा एवं भव्यता के साथ निकाली जाएगी जिसमें बाबा महाकाल के भक्तगण विभिन्न श्रृंगार एवं वेशभूषाओं में दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शिव भक्तों द्वारा बाबा की पालकी यात्रा का विभिन्न मार्गों पर भव्य स्वागत सत्कार एवं पूजा अर्चना की जायेगी और प्रभू अपनी पालकी शोभा यात्रा में उपस्थित भक्तजनों पर कृपादृष्टि डालकर उनको मनवांछित आशीर्वाद प्रदान करेंगे और उनके कष्ट हरेंगे । शिवभक्त प्रहलाद सिन्हा ने बताया की आयोजन समिति के प्रयास से इस बार पालकी यात्रा के समय सुप्रसिद्ध भजन गायक अमन बघेल एवं ग्रुप अपने सुमधुर आवाज में भजन गीत गाकर भक्तजनों को बाबा महाकाल के प्रेम और भक्ति के रंग में सराबोर करेंगे। आयोजन समिति के पवन डागा एवं नीलू शर्मा ने संस्कारधानी के शिव भक्तों एवं धर्मावलम्बीजनों से बाबा श्री महाकाल जी की सावन पालकी यात्रा में सपरिवार उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

**बाबा की पालकी यात्रा से जुड़ी प्राचीन धार्मिक मान्यता**

आयोजन समिति ने बताया कि ऐसी प्राचीन धार्मिक मान्यता है की उज्जैन नगरी के राजा बाबा महाकाल स्वयं प्रभु श्री चंद्रमौलेश्वर के अपने दिव्य स्वरूप में सावन के पवित्र महीने में प्रत्येक सोमवार को अपने भक्तों एवं प्रजाजनों को दर्शन देकर उनका दु:ख हरने एवं उनकी पीड़ा निवारण करके उन्हें मनवांछित आशीर्वाद देने के लिये नगर भ्रमण करते हैं। उस समय जो भी भक्त और प्रजा सच्चे मन से उनकी शोभायात्रा में उपस्थित होकर बाबा के दिव्य स्वरूप का दर्शन करते हैं, प्रभु उन भक्तों पर अपनी विशेष कृपादृष्टि प्रदान कर उन्हें मनोवांछित पुण्यफल प्रदान करते हैं और उनके जीवन के सारे कष्ट हर लेते हैं। अत: धर्मनगरी उज्जैन के बाबा महाकाल की इस सावन पालकी यात्रा का अति विशेष महत्व है, और पूरें भारत देश में उज्जैन के बाद हमारी संस्कारधानी नगरी में इस तरह की सावन पालकी शोभायात्रा का आयोजन शिवभक्तों द्वारा किया जा रहा है, जो हमारे शहर एवं प्रदेश के साथ साथ सनातनी अनुयायियों के लिये भी अत्यंत हर्ष, गौरव एवं सौभाग्य का विषय है।

## आज देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर छत्तीसगढ़ मंच द्वारा नगर निगम के सहयोग से पुराने बस स्टैंड में देशभक्ति गीतों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, विशेष अतिथि हमीद खोखर, अब्दुल गनी, भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, एवं पार्षदगण उपस्थित रहेगें। यह जानकारी छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने दी।

## प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत करेंगे ध्वजारोहण



**राजनांदगांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन राजनांदगांव के महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) मैदान राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक सांख्यिकी एवं संस्कृति विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मंत्री श्री भगत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी करेंगे।

# प्रदेश सरकार के कार्यों से ग्रामीण इलाको की बदली तस्वीर : नवाज



**राजनांदगांव,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। किसान संपर्क अभियान के तहत खुज्जी विधानसभा के दौरे में रहें जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम भूपेश के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसान और मजदूरो के हित में निर्णय लेकर उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया है। सरकार का फोकस ग्रामीण विकास पर अधिक है, यहीं कारण है कि अब तक पिछड़े रहें गांव की तस्वीर भी पिछले साढ़े चार साल के दौरान बदली है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आगे भी इसी रफ्तार से प्रदेश का विकास हो इसके लिए आने वाले चुनाव में सरकार के पक्ष में मतदान करें।

नवाज के किसान संपर्क अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होने के लिए पहुंची थी। उन्होंने अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए हर व्यक्ति से मुलाकात की और उनकी समास्याए भी सुनी। इस दौरान प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही पोस्टर भी बांटने का काम बैंक अध्यक्ष ने किया। खुज्जी के ग्रामीण इलाकों में रविवार को आयोजित किसान संपर्क अभियान में नवाज के साथ ही चुम्मन साहू, रामगुलाल धावडे, गिरधारी लाल साहू, अमित अग्रवाल, राकेश सिन्हा, गिरीश सोनवानी, अंजलि धावड़े, चंद्रिका वर्मा , घनश्याम साहू, राम विलास वर्मा, पुरालिक ढाकरे, सलमान खान, भग्गू मंडावी, भजन चंद्रवंशी, नरेश यादव, मोहन रामटेके एवं बिशे साहू उपस्थित रहें।

**धान की कीमत बढ़ाने का किया काम**-नवाज ने कार्यक्रम में किसानो से कहा कि प्रदेश सरकार ने उनका ख्याल रखते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए है। जिसमें ढाई हजार रुपए प्रति चिंटल कीमत से लेकर 20 चिंटल प्रति एकड़ खरीदी के काम शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार के ऐतिहासिक फैसलो का ही परिणाम है कि साढ़े चार साल में प्रदेश के भीतर धान बेचने वाले किसानो की संख्या दो गुनी और खरीदी का आंकड़ा भी रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है। किसान संपर्क अभियान के तहत पिछले एक पखवाड़े से जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान लगातार ग्रामीण इलाकों का दौरा कर रहें है। रविवार को इस अभियान के तहत नवाज खुज्जी विधानसभा के बिटाल, पदगुड़ा, करेठी, केरेगांव और बादराटोला पहुंचे। यहां उन्होंने किसानो से मुलाकात करने के साथ ही उनको संबोधित भी किया। ज्ञात हो पुरे एक महिने तक चलने वाले इस अभियान में किसान भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

**रोजगार के दिए अवसर**-ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवाज ने कहा कि मजदूरो के हित में सरकार ने लगातार काम किए है। इसके अलावा बेरोजगार युवाओ को रोजगार देने का काम भी प्रदेश सरकार ने लगातार किया है। इसी का असर है कि देश में रोजगार देने वाले राज्यो में छत्तीसगढ़ का नाम शीर्ष के राज्यों में शामिल है।

# शिव महापुराण में शिव पार्वती विवाह की कथा



**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। गंजपारा के श्री बाबा रामदेव मंदिर परिसर में श्री शिव महापुराण कथा में आज आचार्य डॉ विक्रांत दुबे ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान शिव बारात में भजनों की संगीतमय धुनों पर महिलाएं नाचती रहीं। आचार्या डॉ विक्रांत दुबे ने कहा कि एक ओर भगवान शिव समाधि की स्थिति में थे और दूसरी ओर माता पार्वती उन्हें पाने के लिए तपस्या में लीन थीं। भगवान शिव कामदेव के बाण से समाधिस्थ से उठते हैं और कामदेव को नष्ट कर देते हैं।

देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने अनंग का नाम रखा। भगवान शिव द्वारा ली गई परीक्षा में माता पार्वती सफल हो गईं। इस पर भगवान शिव माता पार्वती से विवाह करने के लिए राजी हो जाते हैं। इस पर पार्वती ने कहा कि आप मेरे घर चलें और मेरे माता.पिता से विवाह की सहमति ले लें। इस पर भगवान शिव ने ब्रह्माजी को हिमाचल राजा और मैना रानी के पास विवाह का प्रस्ताव लेकर भेजा। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद भगवान शिव को सुंदर ढंग से सजाया गया और दूल्हा बनाया गयाए बारात कैलाश पर्वत से हिमाचल शहर पहुंची और पार्वती के साथ विवाह किया।

बाबा रामदेव मंदिर को सजाया गया और बारातियों के लिए व्यंजन बनाए गए। श्रद्धालु भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से संबंधित भजन.कीर्तन में मग्न होकर जयकारे लगाने लगे। आचार्य डॉ विक्रांत दुबे ने कहा कि किसी भी बेटी को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे उसके माता-पिता का सम्मान कम हो। माता पार्वती ने भी अपने माता-पिता की सहमति के बाद ही भगवान शिव से विवाह किया। उन्होंने युवा पीढ़ी से आव्हान किया कि वे कड़ी मेहनत, परिश्रम और अच्छे आचरण से अपना भविष्य उज्ज्वल बनायें। आज की कथा में मोना शर्मा, पूनम यादव, कविता शर्मा, प्रमिला देवांगन, उषा दुबे, तारा शर्मा, नीरा चौहान, अनिता शर्मा, स्वपना गुप्ता, दिनेश शर्मा, तरुण पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, दीपक यादव, अनुपम यादव, संतोष यादव, संतोष सोनी, रमेश शर्मा, संजय सिन्हा, विशाल सिंह चौहान, अभिषेक चौहान, सनत कुमार देशमुख, चेतुराम सिन्हा, तारण सिंह राजपूत, मुंशीराम साहू, रितेश साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, भरत सिन्हा अनिल पांडेय, सरिता शर्मा, कविता शर्मा, सरोज जोशी एवं सैकड़ो धर्मप्रेमी उपस्थित हुए।

# आत्मधर्म से बढ़कर दुनिया का कोई धर्म नहीं : मुक्तिप्रियाज



**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ''हर मनुष्य का अपना व्यक्तिगत धर्म दर्शन है। हमें अपने ही धर्म का अनुकरण और अनुमोदन करना होता है। विश्व के सारे धर्म हमारे अपने हैं पर आत्म-धर्म से बढ़कर दुनिया का कोई धर्म नहीं है। दूसरे लोग हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं, पर मार्ग संचालन का उत्तरदायित्व तो स्वयं व्यक्ति पर है'-' उक्त उद्गार तपोभूमि श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चातुर्मासार्थ विराजित विदूषी साध्वी मुक्तिप्रिया श्री जी म.सा. ने रविवारीय प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त किए।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि अस्तित्व जैसा है उसे रूप में स्वीकार करना जीवन का परम विज्ञान है। मानसिक तनाव एवं जीवन भटकाव स्वयं की भूमिका की अस्वीकृति के कारण है। मनुष्य सुख-सुविधाओं का इतना चाही (आदी) है कि हर असफलता और प्रतिकूलता उसका जीना हराम कर देती है। जीवन का यथार्थ सुख तनाव शून्यता में है। जीवन में अपेक्षा मनोकर्म की नहीं, मनोयोग की है। मनोयोग है मन की एकाग्रता। मन सुविधावादी है, अवसरवादी है। अच्छे विचार और बुरे विचार की प्रतिस्पर्धा का विरोधी है वह। जो भी चीज उसे अपने अनुकूल लगेगी वह उसके साथ ही रहना चाहता है। मन के विचार ही हमें एक क्षण में श्रेष्ठता के शिखर पर पहुँचा देते हैं। तो पल भर में हमें पतन की गहराईयों में भी धकेल देते हैं। ऐसे में अशांत एवं चंचल मन को स्थिर और नियंत्रण में रखना बहुत आवश्यक है। जो लोग मन को नियंत्रित नहीं कर पाते उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है। मनुष्य का मन वायु और प्रकाश की गति से भी अधिक गतिमान रहता है। हमारे ग्रंथों में उल्लिखित है कि मन ही मनुष्य को सांसारिक बंधनों में बांधता है और मन ही उन बंधनों से मुक्ति दिलाता है।

आज हितेशभाई संघवी मुम्बई की ओर से पंचकल्याणक पूजा रचना की गई। धर्मसभा में सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता हर्षित भाई टोलिया (एडव्होकेट) अहमदाबाद, डॉ. आनंद चौरड़िया बालाघाट, सुभाष भाई दोशी मुम्बई समकित भाई शाह सूरत, मयूरभाई गांधी अहमदाबाद, आरोग्यम के सी.एम.ओ.डॉ. दानेश्वर टण्डन, आर.एम.ओ. डॉ. पूजा भेसले, सतीष-सौरभ गोलछा, अश्विनभाई संघवी सहित छत्तीसगढ़ अचंल के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आज बालक भगवान की चौदवीं पुण्यतिथि



**दुर्ग,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीगढ़ के विलक्षण एवं विख्यात संत बालकभगवान की 14 वीं पुण्यतिथि 14 अगस्त को मनाई जा रही है जिला कचहरी के पीछे सतीश चन्द्राकर के महावीर कॉलोनी निवास स्थल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, महाराष्ट्र के संत चितले बाबा एवं दार्शनिक संत राजन महाराज के मुख्य आतिथ्य और मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा । आज से 14 वर्ष पूर्व सतत् सायावर वृत्ति वाले बालक भगवान ने 81 वर्ष की उम्र में देहत्याग किया था।

कार्यक्रम के संबंध मे सतीश चंद्राकर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सबेरे 8 बजे स्वल्पाहार के बाद 9 बजे से भगवन शिव जी का रुद्राभिषेक, आरती का कार्यक्रम होगा। मध्यान्ह 12 बजे से राजन महाराज का उद्बोधन व प्रवचन होगा, दोपहर डेढ़ बजे से मध्यान्ह प्रसादी भोजन का आयोजन है।

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025, फोन : (022) 47189999 वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ई-मेल : hfquery@motilaloswal.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति/यों के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनैंस कार्पोरेशन लि. के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को मांग सूचना/एं जारी की थी, जिसमें संबंधित कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सामने वर्णित बकाया राशि उक्त सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से/ सूचना/ओं की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदार/रों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति/यों का सांकेतिक कब्जा प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को ले लिया है।

कर्जदार/रों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इन सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड के उपरिवर्णित मांग राशि और उस पर आगे ऋण अनुबंध के अनुसार ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋण अनुबंध सं./कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक सम्पत्ति/यों का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXDUR00217-180066574 सेवंकुमार आनंद राम श्रीवास एवं किशोर कुमार आनंदराम श्रीवास | 14-09-2021 रू. 4,76,900/- हेतु | 10-08-2023 | केएच/नंबर - 334/1, पीएच/नंबर-29, आरएनएम- डोंगरगांव, ग्राम - घोरडा, ब्लॉक जनपद पंचायत तथा डोंगरगांव, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491441 |

सीन : छततीसगढ़
तिथि : 14-08-2023
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड)

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग ( छ.ग. )**
Email id : ee-res.durg@gov.in

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-43**

ज्ञा.कं. 2170/ व.ले.लि./ग्रा.या.से./2023-24 — दुर्ग, दिनांक 10/8/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | GOVT PRIMARY SCHOOL SILOD भवन मरम्मत जीर्णोद्धार कार्य। | 1.00 |
| 2. | GOVT PS KOTNI DURG मरम्मत कार्य। | 1.00 |
| 3. | GOVT UPPER PRIMARY SCHOOL SAMODA बालक बालिका शौचालय मरम्मत निर्माण कार्य। | 1.30 |
| 4. | GOVT PRIMARY SCHOOL CHANDKHURIBHATA शौचालय मरम्मतनिर्माण कार्य। | 1.30 |
| 5. | GOVT PRIMARY SCHOOL KANSHIDIH KHOPALI विद्यालय भवन सरम्मतजीर्णोद्धार कार्य। | 2.00 |
| 6. | GOVT PRIMARY SCHOOL CHINGARI भवन मरम्मतसंधारण कार्य, शौचालय मरम्मत। | 2.25 |
| 7. | GOVT PRIMARY SCHOOL NANDKATHI बालवालिका शौचालय मरम्मतनिर्माण कार्य। | 2.36 |
| 8. | GOVT. HR. SEC SCHOOL RAMNAGAR MUKTIDHAM अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। हाल निर्माण कार्य। | 4.17 |
| 9. | GOVT PS SUBHASH BAMBAY AAWASH (IHDP) DURG विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य। एवं 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.01 |
| 10. | GOVT. MS CAMP ®v BHILAI विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य एवं 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.55 |
| 11. | शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई, में शौचालय मरम्मत, कक्षों का फ्लोरिंग मरम्मत, खिड़की दरवाजा मरम्मत, आंतरिक विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | 1.22 |
| 12. | शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभाठा अण्डा में बालिका शौचालय निर्माण, मध्यान्ह भोजन कक्ष मरम्मत, हैण्डवाश प्लेटफार्म मरम्मत कार्य । | 1.47 |
| 13. | ग्राम घुघसीडीह में सांस्कृतिक भवन एवं कवर्ड मंच का निर्माण। | 4.33 |
| 14. | उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में उन्नयन कार्य लेबर कैंप जामुल | 7.12 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 10/08/2023 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17/08/2023 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग

जी-1018/23

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANJULA JOTWANI D/O ASHOK KUMAR JOTWANI resident of 319, WARD NO 20 , RAM TALKIES ROAD, BESIDE ASHIRWAD LODGE MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name MANJULA JOTWANI D/O ASHOK KUMAR JOTWANI so in future I should be recognized by my new name that is MISHTI MANGLANI W/O PRAHLAD MANGLANI in all Government and other documents.

**MISHTI MANGLANI**
319, WARD NO 20 , RAM TALKIES ROAD, BESIDE ASHIRWAD LODGE MAHASAMUND (C.G.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200019/ अ/2 वर्ष 2022-23
ग्राम पलारी प.ह.नं. 22
तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार पिता फेरहाराम जाति तेली निवासी ग्राम गिर्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/104 रकबा 0.020 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200020 अ/2 वर्ष2022-23
ग्राम पलारी प.ह.नं. 22
तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सविता धुरंधर पति युवराज धुरंधर जाति कुर्मी निवासी ग्राम औरासी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/125 रकबा 0.020 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308210200021/
अ/2 वर्ष 2022-23
ग्राम पलारी प.ह.नं. 22
तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा ( छग )**

सर्व साधारण जनता ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार पिता डोमारसिंह जाति तेली निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 754/103 रकबा 0.012 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 बी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि कों आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 25.08.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार

उल्टा पुल्टा

लड़का-हर सन्डे के दिन आपके चेहरे पर रंग क्यों लगा होता है
लड़की-अरे मैं हर सन्डे होली खेलती हूं
लड़का-क्यों ?
लड़की-अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है कि Sunday मतलब Holiday.

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का फायनल रिहर्सल

## कलेक्टर व एसएसपी की उपस्थिति में मिनट टू मिनट कार्यक्रम संपन्न



**बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। पण्डित चक्रपाणि शुक्ल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का फायनल रिहर्सल रविवार को कलेक्टर श्री चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम बलौदाबाजार सुश्री रोमा श्रीवास्तव का मंच पर आगमन, ध्वजारोहण कर परेड की सलामी सहित समारोह में होने वाले मिनट टू मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया। कलेक्टर श्री कुमार एवं एसएसपी श्री झा ने तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण कर सुव्यस्थित इंतजाम के लिए जरूरी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास के क्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पाश्चत पुलिस के जवानों द्वारा हर्ष फायर, मुख्य अतिथि द्वारा कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण, शहीद के परिवारों का सम्मान, पुलिस, नगर सेना एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट, परेड परिचय, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, कपोत उड्डयन, गुब्बार उड्डयन फोटो सेशन आदि का अभ्यास किया गया।

आकर्षक मार्च पास्ट- परेड कमाण्डर उप पुलिस अधीक्षक सुश्री सुसंता लकड़ा व सेकेंड इन कमाण्डर उप निरीक्षक हरीश साहू के नेतृव में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, जिला नगर सेना बल, डीके कॉलेज व मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के एसपीसी, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय व गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल के गाईड एवं स्काउट तथा स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार के प्लाटून द्वारा फूल ड्रेस में आकर्षक मार्च पास्ट का अभ्यास किया गया।

मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम- स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चो द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास में 6 स्कूलों के करीब 700 बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल, सैकरेड हार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बौदबाजार के छात्र छात्राएं शामिल हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, संयुक्त कलेक्टर द्वय अनुपम तिवारी एवं मिथलेश डोण्डे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल



**महासमुंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के लिए रविवार को कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 12 टुकड़ियों में परेड की सलामी दी। रिहर्सल मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा मंच बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। स्थानीय मिनी स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9 बजे शुरू हुई। फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे जो 15 अगस्त को रहेंगे। यानि 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब.करीब यही अरेंजमेंट रहेगा। जिले के 7 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। उनकी भी रिहर्सल की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में संसदीय सचिव व विधायक विनोद चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि 9.15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। सुबह 9.35 मार्च पास्ट होगा। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। सुबह 9.50 बजे उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान करेंगे। सुबह 10 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। समारोह एक घंटे तक चलेगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुगम यातायात व्यवस्था हेतु यातायात पुलिस ने जारी की रूट



**धमतरी,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने वाले अतिथियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु रूट चार्ट बनाया गया है।

समारोह में सम्मिलित होने वाले नागरिकों के लिए गौशाला मैदान धमतरी विन्ध्यवासिनी मंदिर के पीछे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। जो अतिथि घड़ी चौक से आयेगें वे अपनी वाहन रामबाग होकर गौशाला मैदान में पार्किंग करेगें एवं पैदल समारोह स्थल में जायेगें, दानीटोला से आने वाले अतिथियों सीधे गौशाला मैदान में प्रवेश कर वाहन पार्किंग करेगें एवं पैदल समारोह स्थल जाएगें।

इसी प्रकार अंबेडकर चौक व रूद्री की ओर से आने वाले अतिथि लक्ष्मी निवास से होकर ब्रह्म चौक से दाहिनें टर्न लेकर रामबाग तिराहा से गौशाला मैदान में प्रवेश कर वाहन पार्किंग करेगे एवं पैदल समारोह स्थल में प्रवेश करेंगे। यातायात पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# विधायक ने किया कलारतराई में लाखों के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**धमतरी,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम कलारतराई में विधायक निधि से स्वीकृत साहू समाज सामुदायिक भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण, कबीर आश्रम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं सिन्हा समाज के लिए समुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन विधायक रंजना डीपेंद्र साहू के करकमलों से हुआ संपन्न, कार्यक्रम स्थल पर ग्रामवासीयों व समाज जनों के द्वारा निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि निर्माण कार्य निरंतर क्षेत्र में हो रहा है किंतु समस्या ग्रामवासी समाज प्रमुख जन निर्माण हो रहे सामुदायिक भवन, शेड निर्माण कार्यों का उपयोग करते हुए हमारे आने वाले युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें और युवाओं के नवनिर्माण में अपना शत प्रतिशत योगदान दे। क्योंकि आने वाला समय युवाओं का है और हमारे युवाओं को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। श्रीमती साहू ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों के दिए एवं कहा कि सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने गांव के विकास को प्राथमिकता दीया और सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास से कार्य किए हैं। जनपद सदस्य गोपाल साहू ने विधायक द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दिए और कहा कि विधायक छेत्र विकाश के लिए सक्रिय हैं, उन्होंने समस्त ग्रामीण व शहरी अंचलों में क्षेत्र विकास के लिए नई मिसाल पेश की है, विधायक हमारे साहू समाज के लिए गौरव है जिनको विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक चुना गया, धमतरी वासियों के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पटेल मधुलाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच लवन साहू, गोपाल सिन्हा, निर्मल साहू, शिवनाथ साहू, विष्णु साहू, जितेंद्र साहू, पति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# अछोली में पालक समिति की बैठक



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अछोली मे शनिवार को पालक समिति का बैठक संस्था प्रमुख गंगा राम देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। जिसमे सर्व प्रथम शाला प्रबंधन समिति का गठन, बच्चो को पूर्ण तैयारी, साफसफाई, गृह कार्य करने में सहयोग, बच्चो के साथ परिवार का बात चित होना, बच्चो को घर में पढ़ाई लिखाई हेतु प्रेरित करने हेतु उपस्थित माता पिता, पालकों के साथ सभी शिक्षको ने अपनी अपनी विचार रखते हुए चर्चा परिचर्चा में भाग लिए।

सर्वसम्मति से चन्द्र कुमार जलहरे को अध्यक्ष, दिनेश कुमार साहू को उपाध्यक्ष, मेंघनाथ यादव जनप्रतिनिधि, सदस्य गण राज कुमारी साहू, देवकी सेन, ललिता साहू, निरा धीवर, क्षमा कोसले, ललिता जोशी, सतरूपा जोशी, बाल कुमारी महिलांगे, धनी राम ध्रुव, भागचंद जोशी, डोमार यादव से चयन किया गया। इस बैठक में पूर्व एसएमसी अध्यक्ष चंद्रसेन जलहरे, परस जोशी, टुकेश्वर साहू रामलाल बघेल, हेम कुमार, हेमू धीवर, थनेश्वर साहू, टीका राम, सेवक यादव, गैंद राम चाद्रकर, महेश ध्रुव, नारायण साहू, मेला राम, परदेशी महिलंगे, काली राम, रेवा राम साहू, नीलम जोशी, डेरहा राम साहू, पेन सिंग महीलांगे, हेम कुमार कोसले, खिलावन जल्हरे, गौकरण संस्था प्रमुख गंगा राम देवांगन, शिक्षक ईश्वरी प्रसाद वर्मा छन्नू लाल वर्मा सीमा साहू हिमांशु वर्मा मोहन ध्रुव उपस्थित रहे। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सभी लोगो द्वारा बधाई शुभकामनाए दिया गया।

# केंद्र की भाजपा सरकार मणिपुर की घटना में अपनी नाकामी छुपाने ले रही छग का नाम : विनोद



**महासमुंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। छग कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के प्रदेश प्रवक्ता व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने लोकसभा में बीजेपी सांसद विजय बघेल के द्वारा मणिपुर के मामले को छग से जोड़ने पर पलटवार करते हुए कहा कि घटना किसी भी प्रदेश में घट सकती है, लेकिन उसके बाद सरकार ने निर्णय क्या लिया ये भी महत्वपूर्ण है। मणिपुर की घटना को दबाने के लिए क्या बीजेपी मणिपुर में अपनी नाकामी छुपाने के लिए आप कभी राजस्थान का और कभी छत्तीसगढ़ का नाम ले रहे है। वो भी ऐसे प्रदेश का जो इलेक्शन स्टेट है और दूसरे राज्यों का आपने नाम नहीं लिया लेकिन इसका मतलब ये है कि आपके दिमाग में चुनाव का कीड़ा कुलबुला रहा है। इसके चलते आप छत्तीसगढ़ की तुलना मणिपुर से कर रहे है। श्री चंद्राकर ने कहा कि 50 हजार लोग मणिपुर छोड़ चुके है। 100 से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है। सैकड़ों घर जला दिए गए है। महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है, सामूहिक रूप से घटनाएं घट रही है। वहीं श्री चंद्राकर ने विजय बघेल द्वारा छग के सीएम भूपेश बघेल पर लगाए गए भष्टाचार के आरोप पर कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां ईडी कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईडी का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। सत्ता के लालच में लगातार कार्रवाई कर सत्ता पाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उनकी मंशा छग में पूरी नहीं हो सकती। वहीं गोबर खरीदी पर भी पलटवार करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 9 हजार 790 गोठान बनाकर राज्य के पशुओं के संरक्षण उनकी देख रेख का प्रयास किया है। वहीं भाजपा ने न गाय की सेवा की, न भगवान श्रीराम के लिए कुछ किया। केवल धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। जनता को बर्गलाने का काम कर रही है। महंगाई चरम पर है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार जनता को राहत नहीं दे रही है।

# पर्वाधिराण पर्युषण की आराधना आज से सानिध्यता-स्वाध्यायी वीर भ्राता अरविंद गोलछा एवं रोशन सांखला की



**नवापारा राजिम,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारत में ही नही अपितु संपूर्ण विश्व में जहाँ भी जैन धर्मावलंबी रहते हैं वे पर्युषण पर्व के दिनों में आत्म शुद्धि के लिए अपनी शक्ति अनुसार जप तप त्याग की भावना रखकर पुरुषार्थ करते हैं। मैत्री रूपी भक्ति गंगा में डुबकर बैर वैमनस्य रूपी अपवित्र पापों से मुक्ति पाते हैं। ऐसी ही पर्युषण पर्व की आराधना का क्रम आज स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर में प्रारंभ हुआ। पर्वाराधना के लिए स्वाध्यायी के रूप में वीर भ्राता अरविन्द गोलछा एवं रोशन सांखला का सानिध्य श्रीसंघ को प्राप्त हुआ है। आज पर्व पर्युषण के प्रथम दिवस पर मंगलाचरण से वांचना का प्रारंभ स्वाध्यायी बंधुओं ने किया. जिसमें उन्होंने कहा आज पर्युषण का प्रथम दिवस हम सबके सामने उपस्थित हुआ है इसे हमें अच्छे से बधाना है आठ दिवस पर्यन्त जप तप प्रभुभक्ति से जुड़कर आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है उन्होंने आज श्रावक के आवश्यक कर्तव्यों का विवेचन किया। संघ सचिव अभिषेक दुग्गड़ के अनुसार पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे प्रतिक्रमण, 8.45 से वांचना संध्या 6.30 बजे प्रतिक्रमण, रात्रि 8 बजे आरती एवं आरती के पश्चात विभिन्न मंडलो द्वारा ज्ञानवर्द्धक स्पर्धाएं एवं प्रभुभक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**दादा गुरुदेव इक्तीसा जाप के 500 वें दिवस पर विशेष आयोजन:** स्थानीय जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ के अधीनस्थ गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा दादाबाडी में आयोजित गुरुदेव इम्तीसा जाप का आज 500 वां दिवस है. इस उपलक्ष में मंडल द्वारा आज दोपहर मंदिर प्रांगण में दादागुरूदेव पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रीसंघ की उपस्थिती में पूजा पढाई गई इस उपलक्ष में रात्रि में भक्ति संध्या का आयोजन भी किया गया है जिसमें स्थानीय सकल जैन समाज के भजन गायकों जिसमें अभिषेक दुग्गड़, शैलेष पारख, आदित्य गोलछा, स्नेहा गोलछा, सिहार्थ बंगानी, एवं हार्दिक गंगवाल ने एक से एक गुरुदेव के प्रति भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# कलेक्टर ने राजिम एवं कोमा के मतदान केन्द्रों तथा छात्रावास का किया निरीक्षण

## मतदाता सूची का पठन कराकर नाम जोड़ने व हटाने की कार्रवाई की जानकारी ली

**गरियाबंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के स्कूल, आंगनबाड़ी, मतदान केंद्र, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास राजिम एवं तहसील कार्यालय राजिम का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सबसे पहले आंगनबाड़ी केन्द्र कोमा पहुंचे जहां उन्होंने गर्भवती, शिशुवती एवं छोटे बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। बच्चों से उनके नाम, फलों के नाम, कविता, गिनती, खेल के बारे पूछा। जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। उनके जवाद सुनकर कलेक्टर काफी गदगद हुए और बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी आने कहा। इस दौरान गर्भवती माताओं से बातचीत कर उन्हें आंगनबाड़ी में मिल रहे पौष्टिक गरम भोजन के बारे में जानकारी ली। गर्भवती माताओं ने बताया कि वे प्रतिदिन यहां गरम भोजन करने आते है।

इसके बाद कलेक्टर ने प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास राजिम पहुंचकर बच्चों के शयन कक्ष, रसोई कक्ष, स्टोर रूम, स्नानगृह आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने



### आंगनबाड़ी केन्द्र में कलेक्टर ने बच्चों से की बातचीत

अधीक्षक से छात्रावास संचालन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कहा बच्चों को नियमित रूप से नास्ता एवं भोजन समय पर उपलब्ध कराये साथ ही उन्हें पढ़ने एवं स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा कर करते हुए कहा कि आप लोग पढ़ाई के साथ अन्य एक्टीविटी पर भी ध्यान दे। साथ ही पढ़ाई के दौरान एक-दूसरे की मदद करने को कहा। कलेक्टर ने बच्चों को खेल सामग्री भी वितरित किया। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में स्थित खेल मैदान के साफ-सफाई कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

इसके अलावा कलेक्टर ने प्राथमिक शाला भवन कोमा एवं शासकीय कन्या शाला राजिम के मतदान कन्द्रों का निरीक्षण करते हुए बीएलओ को मतदाता सूची का पठन कराकर मतदाता सूची में नाम जोड़वाने, कटवाने एवं संशोधन करवाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने और संशोधन करने कार्य किया जा रहा है। उन्होंने 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों से भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़वाने की अपील की। साथ ही विवाह करके अपने ससुराल आये नवविवाहितों को भी नए जगह पर अपना नाम सूची में जोड़वाने की अपील की। इसके अलावा तहसील कार्यालय राजिम में एईआरओ स्तर पर की जा रही कार्यवाही का अवलोकन किया तथा अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम राजिम धनजंय नेताम, सीईओ अजय पटेल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी में ओवरटेक करने के चक्कर में तीन गाड़ी आपस में भिड़ी

**गरियाबंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को जिले में ओवरटेक करने के चक्कर में नेशनल हाईवे 130 सी मे भीषण हादसा हो गया। हादसे में एक साथ चार वाहनो को भिड़त में तीन युवक, एक युवती सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। वही बाइक के दो टुकड़े हो गए। हादसे के बाद दो युवक-युवती की स्थिति काफी नाजुक है। प्रत्यक्षदर्शियो ने घायलो को अस्पताल भेजवाया और पुलिस को सुचना दी। घटना गरियाबंद जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र की है।



- हादसे में तीन युवक एक युवती सहित चार घायल, दो युवक-युवती के पैर टूटा
- युवक की स्थिति गंभीर, नवापारा अस्पताल में इलाज जारी

पुलिस ने बताया कि ग्राम पोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक, स्कार्पियो और दो अन्य स्कुटी के बीच जबदस्त भिड़त हुई है। पहले गरियाबंद से राजिम दिशा में जा रही तेज रफ्तार पल्सर बाइक, एक स्कुटी को ओवरटेके करने के चक्कर में पोड़ मंडी टर्निंग के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई। जिसके बाद पीछे से आ रही दो स्कुटी भी बेकाबु होकर एक के बाद एक वाहन में जा घुसी।

भिड़त इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और स्कूटी के भी परखच्चे उठ गए। स्कॉर्पियो भी सामने से डैमेज हो गई। घटना में बाइक सवार दो युवकों, स्कूटी सवार एक युवती व दूसरी स्कुटी सवार एक अन्य युवक को गंभीर चोट लगी है। हादसे के बाद मोके पर लोगो की भीड़ जुट गई। लोगो ने पुलिस को सुचना दी और एंबुलेश व अन्य वाहनो के माध्यम से तीन युवको को राजिम अस्पताल भेजवाया। इसके बाद पहुची पुलिस ने एक अन्य घायल युवती को संजीवनी 108 से अस्पताल रवाना कर मार्ग में आवाजाही बहाल की।

जानकारी के मुताबिक घायलो में दो युवक काशी चौहान, राजा साहू गरियाबंद से लगे ग्राम मजरकट्टा के रहने वाले है। वही एक कुणाल बांधे बारूला और दो युवती रायपुर की है। दोपहर 12 बजे पल्सर बाइक में मजकरट्टा के दोनो युवक काशी चौहान और राजा साहू, एक स्कुटी में बारूला का राजा साहू व एक अन्य स्कुटी में मजरकट्टा के दीपक और हरीश नाम के दो युवक पाण्डुका जा रहे थे। पाण्डुका में काशी को मोबाइल बनवाना था। वही दो युवती रायपुर की जो बारूका से वापस जा रही थी। इसी दौरान ये हादसा हो गया। हादसे के बाद मजरकट्टा के दो युवक दीपक और हरीश मोके से भाग निकले।

पाण्डुका थाना प्रभारी जय सिंह ने बताया कि घटना में काशी चौहान का पैर टुट गया है, पेट भी फट गया है। राजिम में उसका उपचार जारी है, उसकी स्थिति नाजुक है। इसके अलावा एक युवती का भी पैर टुट गया है। जिसे रायपुर रिफर किया गया है। दो अन्य युवक अस्पताल में भर्ती है। घटना की जांच जारी है।

# प्रदेश ओबीसी मोर्चा दुर्ग संभाग के सम्मेलन में भाटापारा से इंजिनियर केके देवांगन शामिल हुए

**भाटापारा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश ओबीसी मोर्चा के द्वारा समाजिक समागम का आयोजन दुर्ग संभाग के दुर्ग शहर गोंडवाना भवन सिविल लाइन में रखा गया था, जिसको संबोधित करने भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण जी आए हुए थे प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्री भरत वर्मा जी के साथ इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा राष्ट्रिय अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा डॉ के लक्ष्मण जी का एयर पोर्ट रायपुर में मोर्चा के सदस्यों के साथ स्वागत कर दुर्ग के लिए प्रस्थान किए, दुर्ग मे सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण जी ने कहा कि चुनाव सरकार बनाने में ओबीसी का महत्व पूर्ण योगदान होता है तो हमें मोर्चा को मजबूत करना होगा आने वाले चुनाव मे पार्टी ओबीसी समाज को अवसर देगी और छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनेगी, सभा को ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री चंदूलाल साहु जी, राष्ट्रिय महामंत्री एवम सांसद श्री गुप्ता जी, नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल जी, भाजपा प्रदेश महामंत्री ओ पी चौधरी जी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भरत वर्मा जी, श्री भूपेंद्र सवन्नी जी, ओबीसी समाज के आए सभी जातियों के प्रमुखों द्वारा संबोधित किया गया। इस सम्मेलन मे पूर्व मंत्री श्री मती रमशिला साहु जी भी उपस्थित रही, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवम दुर्ग संभाग के भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ता एवम आम जन अधिक संख्या में सम्मिलित हुए।



# अतरमरा में 'बोलेगा बचपन' अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**गरियाबंद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को छुरा विकासखण्ड के संकुल केन्द्र अतरमरा में संकुल स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला प्रशासन की अभिनव पहल बोलेगा बचपन के अन्तर्गत कहानी, स्व परिचय, श्रुति लेख, पुस्तक वाचन, निबंध लेखन एवं तत्कालिक भाषण सहित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा हम सभी के जीवन में ऐसा अवसर आता है जब हमें पहली बार मंच पर बोलने का अवसर मिलता है और हमें कुछ भी नहीं सूझता कि हमें क्या बोलना चाहिए। हम लोगों में से अधिकतर लोगों के जीवन में ऐसा अवसर बचपन में ही आता है। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मंच से बोलने की हिचकिचाहट को दूर करने के लिए एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा बोलेगा बचपन अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों में से प्रतिदिन दो-दो विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना सभा के समय अपना परिचय, सुविचार एवं उस दिवस की पाँच सबसे बड़ी खबर सब को अखबार से पढ़कर सुनाया जा रहा है। जिससे बच्चों में मौखिक अभिव्यक्ति कौशल बढ़ेगा। बच्चो में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ेगा। इससे बच्चों की कल्पनाशीलता बढ़ेगी। स्कूल की भाषा के शब्दावली का विकास होगा। इससे बच्चों में समझ तथा तर्क करने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही पठन और लेखन कौशल मजबूत होगी एवं स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को देश दुनिया की महत्वपूर्ण ख़बरों के बारे में पता चल पाएगा। कलेक्टर ने प्रतिभावान स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।



### कलेक्टर ने प्रतिभावान स्कूली बच्चों को पुरस्कृत

कलेक्टर छिकारा ने कहा कि माता-पिता के बाद बच्चे सबसे अधिक शिक्षकों के साथ ही रहते है। शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शक एवं उनके भविष्य बनाते है। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि बच्चों के प्रतिभा अनुसार उन्हें अच्छे तरीके से मार्गदर्शन करते रहे।

इस दौरान एसडीएम धनंजय नेताम, सीईओ अजय पटेल, जिला नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकर, मनोज केला, संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा सहित शिक्षकगण मौजूद थे।

# बंगोली में हुआ विकासखंड स्तरीय दिव्यांगता शिविर का आयोजन

**खरोरा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समग्र शिक्षा के तहत विकास खंड शिक्षा कार्यालय तथा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय तिल्दा की ओर से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बंगोली स्वास्थ्य एवं आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ बी आर सी सी श्री संतोष शर्मा एवं प्रधान पाठक श्री जितेंद्र कोसरिया के द्वारा मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक, पालक - बालक, एवं ग्राम्य जनो की उपस्थिति में राज्य गीत भी गाया गया।



हमारे विकास खंड के दिव्यांग छात्रों के प्रति गहरी संवेदना रखने वाले विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री बी एल देवांगन जी की गरिमा मय उपस्थिति हुआ, उन्होंने जिला से उपस्थित शिविर के डाक्टरों से बच्चों के जाँच के विषय में एवं क्या उपलब्ध कराया जा सकता है ताकि विकास खंड के कक्षा पहिली से बारहवी तक के समस्त दिव्यांग छात्रों को इसका पूर्ण लाभ दिलाया जा सके।

इस शिविर में विकास खंड तिल्दा 142 विद्यार्थियों की भागीदारी हुई जिन्हे डॉक्टरों द्वारा विशेष मार्ग दर्शन एवं उपचार बताया गया तथा आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराने की बात कही गई।

बंगोली के इस शिविर में नेत्र रोग, अस्थि बधित, एस एल डी, मानसिक, मुक बधिर, सिकलसेल, आदि रोगों के जिला अस्पताल से विश्बेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रही हैं, जिसका पुरा लाभ पहली से बारहवीं तक के दिव्यांग छात्रों को दिलाने का कार्य किया गया। साथ ही उपस्थित पालक बालक, शिक्षक एवं डॉक्टरों के लिए गरमा गरम भोजन की भी व्यवस्थ किया गय। कुछ छात्रों की गंभीर समस्या को देखते हुए उन्हे रायपुर के लिए रिफर किया गया। बच्चों की पालक, एवं विकास खंड के प्रभारी श्रीमती सुविधा सिंग ले कर जाएंगी। शिविर से पहले सत्रारम्भ बाद भी विद्यालय सभी दिव्यांग छात्रों को अनेक उपयोगी उपकरण प्रदान किया गया।

इस शिविर में नोडल प्रभारी हिमांचल चौबे, समन्यवक नरोत्तम ध्रुव, तुलसी राम साहू, राजकुमार श्रेय, अरविन्द पुष्पकार, भोला वर्मा, दुष्यंत बांधे, शाला स्टॉफ, एवं रसोइया, दिलेश्वरी यादव, चंद्रकांत वर्मा उपस्थित थे

# जिला निर्माण संघर्ष समिति ने निकाली बाइक रैली



**भाटापारा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर जिला निर्माण संघर्ष समिति ने विशाल बाइक रैली निकाली सैकड़ों की संख्या में नगर के युवा, छोटे-बडे व्यवसायी, वरिष्ठ नागरिक और समाजसेवियों ने जिला बनाओ के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री से आगामी 15 अगस्त को भाटापारा को स्वतंत्र जिला घोषित करने की मांग की।

### वादा याद दिलाया

बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों से होते हुए वापस जय स्तंभ चौक में समाप्त हुई। रैली में शामिल आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री को उनका किया हुआ वादा याद दिलाते हुए भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की पुरजोर मांग की। विभिन्न चौक-चौराहों पर रुककर जिला निर्माण के लिए नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री से भाटापारा को स्वतंत्र जिला घोषित करने की माँग की।

### शहीद नंदकुमार पटेल को किया याद

संघर्ष समिति के सदस्यों ने स्व नंदकुमार पटेल को याद करते हुए नारेबाजी की, स्व.नंद कुमार पटेल का सपना पूरा करना होगा, करना होगा। यदि स्व.नंदकुमार पटेल होते तो आज भाटापारा 28 वां जिला बन गया होता लेकिन वे झीरम घाटी में शहीद हो गए। अब उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है।

### रैली में आम नागरिकों की सहभागिता

इस बाइक रैली में नगर के बुद्धिजीवी, अधिवक्ता, पत्रकार, साहित्यकार, शहर के व्यवसायी, प्राइवेट नौकरी करने वाले, रिटायर्ड कर्मचारी, खिलाड़ी, स्टूडेंट, मोटर मैकेनिक, ट्रक चालक, ठेले, खोमचे वाले, समाजसेवी और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लेकर जिले के मुद्दे पर आम जनता की जागरूकता का परिचय दिया।

### उम्मीद कायम है

छत्तीसगढ़ में 36 जिले बनने हैं। फिलहाल 33 जिले बन चुके हैं, तीन जिलो की घोषणा और होनी है, जिले का दर्जा देंगे जो कि उनका वादा था और स्वर्गीय नंदकुमार पटेल का सपना।

# भाटापारा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने चलाया जा रहा सघन मतदाता जागरूकता अभियान

**भाटापारा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर श्री चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में विगत दिवस दिए गए निर्देशों के परिपालन में विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में मतदाताओं की जागरण हेतु रैली के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाटापारा के रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र बंजारा के निर्देश पर विकासखंड भाटापारा के शासकीय /अशासकीय शालाओं के विशेषकर नवमी से बारहवीं तक के बच्चे अपने अपने क्षेत्र में शिक्षकों, पालको, युवाओं की मौजूदगी में मतदाता जागरण की अपील करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्पित हुए। मालूम हो कि 12 एवम 13 अगस्त एवं 18 एवम 19 अगस्त को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु विशेष शिविर लगाया जा रहा है। एसडीएम एवम रिटर्निंग नरेंद्र बंजारा ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में करहीबाजार उ मा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल प्रांगण में भारत के नक्शे की आकृति आधारित मानव श्रृंखला बनाई। शासकीय पंचम दीवान बालिका विद्यालय के छात्राओं के द्वारा रंगोली का आयोजन किया गया। अपरान्ह सत्र में शा गजानन महाविद्यालय आईटीआई कॉलेज एवं स्कूलों के बच्चों उपस्थिति में मतदाता जागरण रैली से नगर भ्रमण करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील की गई। इस मौके पर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए ऐसी छात्राएं एवं महिलाएं जिनकी उम्र 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है अथवा हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने वोटर हेल्प लाईन द्वारा फार्म 06 की जानकारी दी गई। साथ ही ई व्ही.एम. मशीन का प्रदर्शन कर छात्राओं से मॉक पोल भी करवाया गया।



# स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**धमतरी,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस साल भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि यह दौड़ सुबह 7.30 बजे से स्थानीय गांधी चौक से शुरू होगी, जो कि गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकिज रोड, शिव चौक, सेंचुरी गार्डन होते हुए पुनः गांधी चौक में समाप्त होगी।

# पुरषोत्तम मास महोत्सव में मौरध्वज नाटक की मार्मिक प्रस्तुति

**भाटापारा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भाटापारा मारवाड़ी कुंवा में पुरषोत्तम मास महोत्सव मनाते हुए 1 महीने तक प्रतिदिन भजन, प्रवचन, महिलाभजन एवँ झांकियो का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में शनिवार 12 तारीख को मेंहदीपुर बालाजी महोत्सव पर्व पर श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा पुरुषोत्तम मास महोत्सव मारवाड़ी कुंआ शिव मंदिर में राजा मोरध्वज च्चशेर का भोजनज्ज नाटक का मंचन के लिए आमंत्रित किया गया जिसका रामलीला के कलाकारों के द्वारा बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। द्वापरयुग की इस लीला में राजा युधिष्ठिर द्वारा अर्जुन को अश्वमेघ यज्ञ के लिए अश्व के साथ विदा करना और अर्जुन का ताम्रध्वज द्वारा युद्ध मे पराजित होने के बाद अपने मित्र भगवान श्री कृष्ण के पास जाकर अपनी पराजय की बात बताते हुए भगवान से वार्ता करना और भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को अपने भक्त और भक्ति के बारे में समझाना। अर्जुन के न मानने पर उसके अभिमान का मर्दन करने के लिए राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने का संकल्प करना और सत्य और निष्ठा के साथ संतों का सम्मान और आदर के साथ साथ भगवान के परीक्षा में राजा मोरध्वज द्वारा अपने पुत्र ताम्रध्वज को चीरकर शेर के भोजन के लिए दान देना। इस करुण और मार्मिक नाटक को देख दर्शको की आंखों में आँशु आ गए। इस नाटक का सफल और बहुत ही मार्मिक मंचन किया गया जिसे दर्शको द्वारा बहुत ही सराहा गया और सभी कलाकारों की प्रशंसा की गई।



### भाटापारा रामलीला के कलाकारों ने किया अभिनय

इस मंचन के सफल संचालन में व्यास मंच से प्रकाश शर्मा, धनजी जोशी, जगदीश वैष्णव, रामजी जोशी, कलाकार के रूप में कोमल शर्मा, आयुष तिवारी, आदित्य जोशी, अक्षत जोशी, काव्यांश शर्मा, हर्ष गुप्ता, अभि अग्रवाल, लव शर्मा, श्याम मल, व्यवस्था में सहयोगी बजरंग चौरसिया, मोनू मल, बाबू शुक्ला, हेमंत मल, राहुल तिवारी, शिवनारायण गुप्ता, सौर्य मिश्रा, देवनारायण शर्मा, सत्यनारायण जोशी, कैलाश पुरोहित, पिण्टी गुप्ता, विनय ठाकुर एवं जयमल इसके साथ ही श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली के सचिव कोमल शर्मा द्वारा पुरूषोत्तम मास महोत्सव समिति का इस मंचन के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। वही भाटापारा के श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली जो अपनी 103 वर्ष का कार्यकाल खंड पूर्ण कर चुकी है और 104 वर्ष में नवरात्र के समय आयोजन के लिए रामलीला कार्यालय में वरिष्ठ एवँ बाल कलाकारों और प्रशिक्षको के द्वारा तैयारी जारी है।

## पेंशनर्स समाज भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम कल

**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैशाखूराम के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 9 बजे किया जाएगा।



# मतदाताओं में जागरुकता लाने स्वीप क्रिकेट लीग का आयोजन




**बागबाहरा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान 2023 के अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत बागबाहरा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में मिनी स्टेडियम बागबाहरा में युवा छात्रों को मतदान के प्रति जागृत कर उनका मतदाता सूची में नाम पंजीयन हेतु स्वीप क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इस कड़ी में 10 छात्रों का चयन नवीन मतदाता के रूप में आयोजन स्थल पर किया गया। जिन्हें 1/10/2023 की आहर्ता तिथि में 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है। साथ ही राहुल वर्मा द्वारा आयोजन स्थल पर फॉर्म 6 भरकर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को मतदाता सूची में नाम पंजीयन हेतु फार्म 6 प्रदाय किया गया। इस क्रिकेट लीग में तहसीलदार बागबाहरा लीलाधर कँवर, जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी फ़क़ीर चरण पटेल, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नितिन लहरे ने भी अपनी टीमों के साथ खेला। तथा छात्रों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में इ व्ही एम इलेवन, वोटर्स इलेवन, मतदाता एलेवन, स्वीप इलेवन, नगर स्वीप इलेवन, व्ही व्ही पैट इलेवन के रूप में बागबाहरा की छह टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग की इ व्ही एम टीम ने स्वीप कप पर कब्ज़ा जमाया। तथा शिक्षा विभाग की व्ही व्ही पैट टीम रनर अप रही। दोनों टीमों को अतिरिक्त तहसीलदर बी एस साव द्वारा स्वीप कप प्रदान किया गया। वहीं छह टीमों के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोजन स्थल पर नए छात्र राहुल वर्मा एवं अन्य नौ छात्रों को स्वीप कैप पहनाकर एवं मतदाता बैच लगाकर सम्मानित किया गया। वही प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाडियों एवं उपस्थित मतदाताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गयी। तथा मतदाता जागरूकता नारों के साथ स्वीप क्रिकेट लीग का समापन हुआ। आयोजन में स्वीप नोडल राजेश कौशिक, गजानंद बूड़ेक उपस्थित थे।

# बिजली चोरी कर पंप चलाते हुए जेई ने पकड़ा

**सिमगा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत सिमगा में प्रस्तावित फिल्टर प्लांट के लिए किए जा रहे नाली निर्माण व खोदे गए गड्ढों से पानी निकालने ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बिजली चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदार की मनमानी एवं लापरवाही तथा जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं हरिभूमि लगातार मामले को प्रमुखता के साथ उठाते आ रहा है जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेने की बात कही थी।



नगर पंचायत सिमगा में शिवनाथ नदी के किनारे लगभग दस करोड़ रू की लागत से बनने वाले फिल्टर प्लांट के लिए आर पी जी इंफ्राकन्ट्रक्शन कम्पनी जगदलपुर को ठेका दिया गया है। उक्त योजना के अंतर्गत नगर के सभी छोटे बडी नालियों को जोड़ा जाना है। जिससे शहर का गंदा पानी इकट्ठा होकर फिल्टर प्लांट में पहुंचेगा। जहां से गंदा पानी को फिल्टर करने के बाद साफ हुए पानी को शिवनाथ नदी में बहा दिया जाएगा। साथ ही साथ सारे कचरो को बाहर निकाल कर उसे रीसाइकलिंग भी किया जाएगा इसके लिए ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ तो कर दिया है लेकिन उसने तानाशाही रवैया अपनाते हुए एवं मनमानी पूर्वक कार्य कर यत्र यत्र बड़े बड़े गड्ढे खोद कर खुले छोड़ दिए हैं जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत से बने ले आऊट का भी पालन नहीं किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए ठेकेदार ने एन एच विभाग से बिना अनुमति लिए ही नेशनल हाईवे की सड़क को खोद दिया। यही नहीं गड्ढों के पास संकेत बोर्ड नहीं लगाने के कारण अनेकों दोपहिया चारपहिया वाहन दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। उक्त मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। ठेकेदार की मनमानियों पर जन-प्रतिनिधियों के मौन रहने से नागरिक आक्रोशित है। जो कमीशनखोरी की ओर इशारा कर रहे हैं। क्योंकि बिना किसी के प्रश्रय के ठेकेदार इस तरह से कार्य नहीं कर सकता। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बिना किसी डर भय के बिजली विभाग से अनुमति न लेकर खोदे गए गड्ढों में पंप बिठा कर खुलेआम बिजली की चोरी कर रहे हैं। इसका साक्षात उदाहरण कल बेमेतरा तिराहा स्थित भाटिया पेट्रोल पंप के पास में देखने को मिला जहां बिजली के खंभों में हुकिंग कर पानी निकालते हुए बिजली विभाग के जेई सौरभ देवांगन ने रंगे हाथों पकड़ा तथा मोटर पंप एवं अन्य सामानों को जप्त किया। सौरभ देवांगन जेई सिमगा का कहना है कि ठेकेदार के विरुद्ध बिजली विभाग के अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्यवाही की जाएगी। तथा थाने में एफआईआर भी करवाने की बात कही है।

## चंदन यादव से सरायपाली के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भेंट की



**सरायपाली**, 13 अगस्त (देशबंधु)। राजीव कांग्रेस भवन रायपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छ. ग. के सह प्रभारी डॉ चंदन यादव से नरेंद्र कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार यादव (राजू) (जिला महामंत्री कांग्रेस पि वर्ग प्रकोष्ठ) दीपक माखीजा, गालिब हुसैन (पूर्व पार्षद) दिनेश कुमार यादव ( महामंत्री शहर कांग्रेस), तुषार यादव, मयंक यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पाल समाज के युवाओं ने किया बुजुर्गों का सम्मान



**आरंग**, 13 अगस्त। नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर को देशभर में जाना है।13 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि पर आरंग में पाल समाज के युवाओं ने समाज के बुजुर्गों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही।आपको बता से की आरंग में पाल समाज के युवाओं द्वारा यह पहला आयोजन है।इस आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगो ने भाग लिया।

# तिरंगा वाहन को झंडा दिखाकर संडी के कार्यकर्ताओं ने किया रवाना



**पलारी**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के संयोजकत्व में भाजपा मंडल संडी के सभी 88 बूथों में सुशासन के लिये, देश प्रेम की भावना को जागृत करने हेतु प्रचार के लिये तिरंगा वाहन को तिरंगा यात्रा के लिये कार्यकर्ताओं ने झंडा दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू,मिथलेश वर्मा,राजू बंजारे, कृतराम वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष लीलाधर साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी राजेश बल्लू वर्मा नाथूराम वर्मा, सुधेराम वर्मा, मुकेश साहू, विक्की वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र रोग निदान व मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर आयोजित

**तिल्दा**, 13 अगस्त। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित शिविर में तिल्दा-नेवरा और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से 230 लोग ने नेत्र शिविर मे पंजीयन करवाया। जिसमें आँखों से जुड़ी बीमारियां, दुर और नजदीक की दृष्टि दोष से परेशान, चश्मे के नंबर लेने वाले मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। जाँच शिविर में 48 मोतियाबिंद के मरीज सामने आये, जिनमे तत्काल इलाज की सहमति देने वाले 27 मरीजों को शिविर स्थल से ही ऑपरेशन के लिए एमजीएम आई इंस्टीट्यूट रायपुर ले जाया गया, जहाँ बारिकी से जाँच कर तत्काल उनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जायेगा। एमजीएम के कॉर्डिनटर उमाशंकर पटेल ने बताया आज डॉ. प्रीति त्रिपाठी, ऑप्टोमेट्रिस्ट विश्वनाथ कुमार सहित 08 सदस्यीय टीम शिवर में उपस्थित थी, शिविर ही चयनित आर्थिक रूप से कमजोर 43 मरीजों का संस्था की चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मरीजों के आने जाने के रहने, रहने और भोजन की नि:शुल्क सहित ऑपरेशन किया जायेगा। नेत्र शिविर का उद्घाटन संरक्षक शंकरलाल शर्मा (भाईजी) ने किया, साथ में संरक्षक सूरज नारायण शर्मा, शंकरलाल शर्मा , यूएस तिवारी, समाज अध्यक्ष दीपक शर्मा उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, महासचिव गौरव शर्मा, विष्णु शर्मा, मनीष शर्मा, रितेश शर्मा, सुमन शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील तिवारी, केदार शर्मा, पुष्कर शर्मा सहित अनेक विप्रगण उपस्थित थे।



# जनता के सुझाव से बन रहा भाजपा का घोषणा पत्र



**कुरूद**, 13 अगस्त (देशबंधु)। छत्तीसगढ के आगामी विधानसभा चुनाव मे भाजपा द्वारा घोषणा पत्र बनाने के लिए जनमानस से सुझाव लेने कुरूद विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय प्रवास पर आये पूर्व मंत्री एवं घोषणा पत्र समिति के सहसंयोजक अमर अग्रवाल जी लोगों से मुलाकात की. हमाल संघ, धान व्यापारी संघ, कृषक बंधुओं, अडतिया संघ, व्यापारी संघ कुरुद, सब्ज़ी व्यापारी संघ, फुटकर व्यापारी संघ, वरिष्ठ नागरिकों , भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं, महिला समुहों, आंदोलनरत कर्मचारियों से दिन भर लिये सुझाव मांगे. पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने ज़मीनी कार्यकर्ताओं से सुझाव लेने के लिए सुझाव पेटी के साथ आश्वासन दिये है कि अगामी चुनाव में भाजपा का घोषणापत्र कांग्रेस के वादाखिलाफी जनघोषना पत्र से मज़बूत होगा और छत्तीसगढ़ में अब की बार फिर से भाजपा सरकार बनाने के दिशा में काम करेगी ! इस अवसर पर सहयोगी के रूप मे भाजपा ज़िला अध्यक्ष शशि पवार, भाजपा प्रदेश सदस्य निरंजन सिन्हा, भाजपा प्रदेश सहसंयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भानु चन्द्राकर, भाजपा ज़िला उपाध्यक्षगण ज्योति चन्द्राकर, रविकान्त चन्द्राकर, गौकरण साहु, ज़िलामंत्री त्रिलोकचंद जैन, रामस्वरूप साहु, देवकी रात्रे, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहु, सिंधु बैस, पूर्णिमा साहु, मोर्चा प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष बीरेन्द्र साहु, हरिशंकर सोनवानी, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष भीमदेव साहु, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्षगण, सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण, बुथ के अध्यक्षगण वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्तागण इस महाअभियान में सम्मिलित हुए !

## निधन

### सरदार जीएस बेदी



**रायपुर**, 13 अगस्त। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन स्काई अपार्टमेंट्स के निवासी सरदार जीएस बेदी का आकस्मिक निधन 13 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 14 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई जाएगी । वे सुखप्रीत सिंह बेदी (मिक्की) के पिता थे।

### पोषण कंसारी



**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। स्थानीय कंसारी समाज के वरिष्ठ पोषण कंसारी पिता सोमनाथ कंसारी 56 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को प्रात: 9 बजे उनके निवास कंसारीपारा से निकाली जायेगी. वे स्व.झामन, त्रिलोक के भाई एवं दीपक, देवेन्द्र, कोमल के चाचा थे।

### अर्जुन देवांगन



**नवापारा राजिम**, 13 अगस्त। तर्री निवासी देवांगन समाज के वरिष्ठ अर्जुन देवांगन पिता का आकस्मिक निधन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा तर्री स्थित निवास से निकाली गई. जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. वे रामकुमार, भरत, संतोष के भाई एवं हेमंत के पिता थे।

### बिसाहीन बाई ध्रुव



**बलौदाबाजार**, 13 अगस्त। ग्राम पंचायत सेम्हराडीह निवासी 70 वर्षीय बिसाहीन बाई ध्रुव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, वे धनेश की भाभी, संतोष की मां तथा सुखदेव, राहुल व योगेश की बड़ी मां थीं।

# इधर चले के आयोजन ने छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन

**तिल्दा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर के तत्वाधान में सांस्कृतिक भवन तिल्दा में शैक्षणिक दिशा दर्शन केरियर गाइडेंस कार्यकम इधर चले आयोजित किया गया जिसमें 400 छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में कक्षा बारहवीं के पास आउट एवं अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेकानंद आश्रम रायपुर संपादक विवेक ज्योति श्रद्धेय प्रपत्यांनंद रमेश महराज थे अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने की । मुख्य अतिथि ने बच्चों से जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदाचार के साथ चरित्र निर्माण पर केंद्रित व्यक्तित्व पर बल दिया इन सद्गुणों से मानव जीवन प्रगति का मार्ग प्रसस्त करता है । अध्यक्षता कर रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि बिना लक्ष्य निर्धारण किए हम कामयाब नही हो सकते लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूर दृष्टि पक्का इरादा का संकल्प होना चाहिए शैक्षणिक दिशा दर्शन के एक्सपर्ट टीम के प्रोफेसर रविन्द्र ब्रम्हे रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर ने बच्चो से कहा सबसे पहले अपना मूल्याकन कर स्वयं को पहचाने अपनी छमता और योग्यता के अनुसार जीवन की दिशा तय करे उन्होंने बच्चो का साइकोमेट्रिक टेस्ट लिया निर्धारित प्रश्नावली से बच्चो को मार्ग दर्शन दिया एक्सपर्ट टीम में सेवानिवृत प्राचार्य डॉ यू एस तिवारी ने बच्चो से कहा की उद्देश्य प्राप्ति की दिशा में आने वाली कठिनाइयों को साहस पूर्वक मुकाबला करना चाहिए विषम परिस्थितिया मनुष्य को ताकतवर बनाती है वह अपने आत्मबल से आगे बढ़ता है।केरियर गाइडेंस के विशेषज्ञ मुबारक हुसैन ने दिशा निर्देश देते हुए बताया की अपना हर कार्य समय नियोजन के साथ करना सीखे जिससे आप निर्धारित समय में अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखे दूसरो से तुलना न करे ।अपने लक्ष्य को सरोपरी रख कर पूरी निष्ठा व लगन से परिश्रम करना सीखे छात्र छात्राओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में बी एन बी स्कूल नेवरा, स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा नेवरा ,खपरीकला , हटबंद,शिकारी केसली, भटभेरा , सुहैला नवापारा सहित 18 विद्यालयों के बच्चो ने लाभ उठाया कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के फलेद्र केवर्तय, मैडम अखिलेश्वरी शुक्ला, प्राचार्य रमेश कोसरे व्याख्याता, जेके जेहोआश ,श्रीमती हेमा साहू ,नाजिम कुरेशी, श्रद्धा गिडलानी, जेएल, मात्रे का योगदान रहा उपस्थित छात्रों में हथबंध के मेधावी छात्र आयुष साह, कुमारी ज्योति वर्मा, ने अपने जीवन का लक्ष्य बताते हुए सहपाठियों से कहा कि आप सब भी पहले जीवन का उद्देश्य समझे और अपने सीमित संसाधनों से ही लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें सेवा सुगंधम समिति के संस्थापक टीकेंद्र उपाध्याय ने आमंत्रित अतिथियों एक्सपर्ट टीम के सदस्यों का शाल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन स्कूलों के प्राचार्य शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।



# क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात के दौरान विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**सरायपाली**, 13 अगस्त (देशबंधु)। विधायक किस्मतलाल नंद इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों सघन दौरा कर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। एक ओर वे अपने कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर किसानों एवं ग्रामीणों से में भेंट मुलाकात कर समस्याओं से रुबरु होकर उनके निराकरण का सतत प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक किस्मतलाल नंद ने क्षेत्र के अंतिम छोर वनांचल में बसे ग्राम रंगमटिया, चनाट, दलदली, गढ़गांव बिलखण्ड पहुचकर किसानों का हाल-चाल जानकर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जिसे संज्ञान में लेते हुए मौके पर विभागीय अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया द्य इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गयाद्य साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं संगठन की मजबूती की बात कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी समय के लिए कुछ लक्ष्य दिए गए एवं शीघ्र ही पुन: एक बैठक आयोजित करने की रूप रेखा तय की। इस अवसर पर भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, पद्मलोचन पटेल, कन्हैया पटेल, विद्या सिदार, शिवनारायण पटेल, देवनारायण पटेल, त्रिलोचन पटेल, प्रदीप कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिक समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## प्रदेश समन्वयक अजय नंद ने टीएस सिंहदेव उप मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर सरायपाली विस से टिकट को लेकर बायोडाटा सौंपा



**पिथौरा**, 13 अगस्त। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव से प्रदेश समन्वयक व जिला खनिज न्यास सदस्य अजय नन्द ने सरकारी बंगले में सौजन्य भेंट कर सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में जन संपर्क कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान,बुथ मजबूत करने को लेकर चलाये गये अभियान की जानकारी व कांग्रेस को मजबूत करने कांग्रेस सरकार के काम काज को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने व योजनाओं की जानकारी से अवगत कराये कार्य का सविसतार जानकारी दी एवं तीस वर्षों के राजनीतिक सफर का बायोडाटा सौंपा ।टी एस सिंहदेव ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस सरकार के काम काज को गांव गांव तक पहुंचाने के लिए सराहना करते हुए भरोसा दिलाया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुगम...

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी अतिथियों से विनम्र अपील करती है कि, यातायात नियमों का पालन करते हुए दिये गये निर्देशानुरूप सहयोग कर कार्यक्रम को बाधारहित सफल बनाने में सहयोग प्रदाय करें।

### विधायक ने किया कलारतराई...

राम सिन्हा, रोहित सिन्हा, पति राम साहू, श्रीमती कुसुम साहू, उर्मिला साहू, सुशीला साहू, रामनाथ सिन्हा अशोक सिन्हा पूरण सिन्हा गुणवंत साहू, मुकेश साहू, पुनाराम साहू, कृपा राम साहू, कुंदन साहू, चंद्रहास साहू सहित समस्त पंचगण व ग्रामीण वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# कहार भोई समाज का कांवरियों के लिए स्वल्पाहार का आयोजन

**राजिम**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय पं. श्यामाचरण शुक्ला चौक में राजिम के नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेन्द्र सोनकर, नवापारा नगरपालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत, राजिम पार्षद पुष्पा गोस्वामी, छग कहार भोई समाज के प्रदेश अध्यक्ष भुवन अवसरिया, नवापारा राजिम राज अध्यक्ष विक्रम धुम्रकेतु, कोषाध्यक्ष अजय कश्यप ने भगवान भोलेनाथ एवं माता परमेश्वरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जिसके पश्चात शिवभक्तों व कांवरियों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया. नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी इस समाज व्दारा कांवरियों एवं शिवभक्तों के लिए अच्छा आयोजन किया गया है, इस तरह का आयोजन प्रत्येक समाज को करना चाहिए. पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत ने कहा कि कहार भोई समाज का यह आयोजन वास्तव में काबिले तारीफहै इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए. राजिम भक्तिन मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू ने भी संबोधित करते हुए समाज के कार्यों की सराहना की. समाज की ओर से सभी अतिथियों का फूलमाला एवं गमछा से स्वागत किया गया.



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आकाश राजपूत, पार्षद अरविंद यदु, बलराम यादव यादव समाज अध्यक्ष, सुनील शर्मा, परदेशीराम साहू, दयालू गाड़ा, महासभा के महासचिव पुष्कर कहार, कोषाध्यक्ष गणेश गोहिल, नवापारा राजिम राज के कोषाध्यक्ष अजय कश्यप, मुकेश अवसरिया, विजय कश्यप, कमलेश कहार, खिलावन घेवरिया, अमित अवसरिया, घनश्याम सैनिक, दीपक कहार, दुर्गेश सैनिक, संतोष घेवरिया, जोहन घेवरिया कनसिंघी, नवीन चमन, गोलू, राजू यमराज, खिलावन धुम्रकेतु, नीतेश कश्यप, कुमार नाग, बिसौहा मांछल, राजेश कश्यप, मनीष धुम्रकेतु, राजेश धुम्रकेतु, राजकुमार अवसरिया, बेमचा के तरूण कहार, रायपुर से कान्हा कौशिक, राजेन्द्र औसर, नागेन्द्र नायक, सतीश चौधरी, दुर्ग से हेमंत बनवासी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन गोविंद कहार ने किया.

# दैनिक बाजार राजिम के पास आई फ्लू से बचाव के बारे में दी जानकारी



**राजिम**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को दैनिक बाजार राजिम के पास आई फ्लू (वायरल कंजक्टिवाइटिस) से बचाव के बारे में जानकारी दिया गया ।संकल्प सेवा समर्पण समिति एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त प्रयास से लोगों को जागरूक किया गया ।आई फ्लू से बचाव के बारे में जानकारी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर तोषण साहू द्वारा दिया गया डॉक्टर तोषण साहू ने लोगों को आई फ्लू के लक्षण आंखों में धुंधलापन आंखों में लालीपन आंखों में दर्द जलन तथा आंखों में सूजन होना तथा आंखों में पानी आना प्रमुख लक्षण है आई फ्लू से बचाव के बारे में बताया कि संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना आंखों को गर्म पानी से धोना नियमित हाथों की साफसफाई करना एवं संक्रमित व्यक्ति के रुमाल टॉवल गमछा इत्यादि सामानों से दूर रहना तथा आई फ्लू होने पर तत्काल उपचार करने की समझाइए दिया इस अवसर पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महामंत्री रामकुमार साहू सह सचिव तरूण साहू संजय साहू दानी साहू किशन साहू मनोज अवसरिया एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता टीकम तारक एवं स्थानीय नागरिक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



समस्त किसान भाईयों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. पंकज शर्मा जी
अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर
श्री संजय कुमार वर्मा
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रोहांसी
श्री अमृतलाल साहू
श्री रामनाथ यदु
श्री रामस्वरूप वर्मा
श्री लेखराम गनहरे
श्री श्याम पटेल
श्री मनहरण लाल साहू
श्री थानूराम साहू
श्री पुरनलाल साहू
पर्यवेक्षक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रोहांसी
श्री धर्मेन्द्र साहू
श्री देवेन्द्र यादव
श्री राधेश्याम सेन
मनीषा कुर्रे
श्री राजेन्द्र चेलक
श्री वीरेन्द्र साहू
श्री दुलेश्वर प्रसाद
विनीतः- रोहांसी, सीतापार, दतरेंगी, सलौनी, कोनारी, लच्छनपुर, चरौदा साख सहकारी समिति के कर्मचारी एवं किसान भाई
ग्राम पंचायत बोईरडीह की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रूखमणी तेहरवंश
सरपंच
ग्राम पंचायत बोईरडीह
उपसरपंच
श्रीमती शकुंतला भारती
सचिव
संतकुमार गेण्डरे
पंचगणः- श्री ज्ञानेश्वर बांधे, श्रीमती अनील तेहरवंश, श्री संतोष बंजारे, श्रीमती सरोजनी बाई वर्मा, श्रीमती खेलन बाई, श्री रंगत सुल्मान, श्रीमती द्रौपती गहेरवार, श्री नागर्जुन बंजारे, श्री चिंताराम कुर्रे, श्री राजकुमार घृतलहरे, श्रीमती सरस्वती घृतलहरे, श्रीमती इन्द्राबाई घृतलहरे एवं समस्त ग्रामवासी बोईरडीह (पलारी)
ग्राम पंचायत छड़िया की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती पूर्णिमा साहू
सरपंच
बिरेन्द्र कुमार साहू
सरपंच प्रतिनिधि
विजय कुमार घृतलहरे
सचिव
पंचगण संतोष चेलक, रामलाल बंजारे, श्रीमती राजकुमारी चेलक, विजय कुमार बघेल, श्रीमती संगीता चेलक, श्रीमती रूखमणी साहू, श्रीमती लीला साहू, हीरालाल साहू, पुनीराम साहू, श्रीमती चित्रेखा साहू, श्रीमती महेश्वरी बंजारे एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत - छड़िया
ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सरपंच
देवप्रसाद मिरी
उपसरपंच
श्रीमती बिसाहिन रात्रे
सचिव
संतोष फेकर
ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुकदास बंजारे
सरपंच
ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा
वीरेन्द्र पटेल
उपसरपंच
भागीरथी कनौजे
सचिव
गंगाप्रसाद कनौजे, ताराचंद बघेल, बिरसिंग कंवर, रमेश कनौजे सुमित्रा मानिकपुरी, अनु रज्जु कुर्रे, यशोदा कवंर, सरोजबाई सानवानी, उर्मिला कनौजे, चन्द्रप्रभा मानिकपुरी, हेमलता फेकर, धर्मेन्द्र यादव (रोजगार सहायक) एवं समस्त ग्रामवासी हरिनभट्ठा
ग्राम पंचायत टीपावन की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रूखमणी जांगड़े
सरपंच
ग्राम पंचायत टीपावन
बसंत जांगड़े
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत टीपावन
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता - रज्जाक खान, देशबन्धु प्रतिनिधि पलारी